सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-355 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 06 जून 2024
28 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने दिया इस्तीफा

**नतीजे**

- विधानसभा चुनाव में बीजद को मिली हार, अब भाजपा बनाएगी सरकार
- पटनायक ने कार्यकर्ताओं का जताया आभार



**भुवनेश्वर।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ओडिशा विधानसभा चुनाव के नतीजे भी आ चुके हैं।

विधानसभा चुनाव में नवीन पटनायक के नेतृत्व में बीजू जनता दल (बीजद) को हार का सामना करना पड़ा। बीजद के हार के बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्यपाल रघुवर दास को अपना इस्तीफा सौंपा। इसी के साथ ओडिशा में बीजद के 24 साल का राज भी खत्म हो गया। अब भाजपा राज्य में अपनी सरकार बनाएगी। ओडिशा विधानसभा की 147 सीटों में बीजद को केवल 51 सीटों पर ही जीत मिलीं। वहीं भाजपा ने 78 सीटों पर जीत हासिल की। इसके अलावा कांग्रेस को 14, निर्दलीय को तीन और सीपीएम को एक सीट पर जीत मिलीं। इसके अलावा ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से भाजपा ने 20 पर और कांग्रेस ने एक सीट पर जीत हासिल की। लोकसभा चुनाव 2024 में बीजद का खाता भी नहीं खोल पाई। मंगलवार को जारी रुझानों के बाद बीजद नेता नवीन पटनायक ने सोशल मीडिया पर बीजद के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, सभी विजेता उम्मीदवारों को शुभकामनाएं।

### सरकार बनाने की कवायद तेज, सरकार बनाने पर हुआ मंथन

# मोदी चुने गए एनडीए के नेता

**विचार**

- एनडीए के नेताओं ने की पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ
- राष्ट्रपति भवन में नई सरकार की शपथ की तैयारियां शुरू
- शिवसेना व राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी बैठक में शामिल रहे



**नई दिल्ली।** एक तरफ नई सरकार के गठन को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की बैठक हुई। इस बैठक में घटक दलों के सभी नेताओं ने सर्वसम्मति से पीएम मोदी को एनडीए गठबंधन का नेता चुना। इसके लिए बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। एनडीए के सभी नेताओं ने पीएम मोदी को उनके नेतृत्व के लिए बधाई दी। सभी ने राष्ट्र निर्माण में पीएम मोदी की कड़ी मेहनत और प्रयासों की सराहना की। सूत्रों ने बताया कि 7 जून को एनडीए सांसदों के साथ बैठक के बाद एनडीए के सहयोगी दल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिलेंगे। राष्ट्रपति भवन में नई सरकार की शपथ की तैयारियां शुरू हो गई हैं। एनडीए सहयोगियों ने कहा कि पीएम मोदी के पास विकसित भारत के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण है। सभी ने दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाने में पीएम मोदी की भूमिका की सराहना की। एनडीए नेताओं ने गरीबी हटाने की दिशा में पीएम मोदी के प्रयासों की सराहना की और अच्छे काम जारी रखने का संकल्प लिया। एनडीए की बैठक के बाद तेलगू देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि एनडीए का हिस्सा बनकर टीडीपी ने चुनाव लड़ा। उन्होंने कहा कि बैठक अच्छी रही। एनडीए के घटक दल जदयू, लोजपा, टीडीपी, जदएस और शिवसेना इस मीटिंग में शामिल रहे। सरकार बनाने को लेकर मंथन हुआ। बैठक के खत्म होने के बाद जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि एनडीए की बैठक में नीतीश कुमार शामिल हुए।

**चिराग भी बैठक में शामिल रहे**

लोक जनशक्ति पार्टी-राम विलास के प्रमुख चिराग पासवान ने भी कहा था कि वे किसी भी सूरत में एनडीए का साथ नहीं छोड़ेंगे और बुधवार को दिल्ली में होने वाली एनडीए की बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा मैं देश के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे नरेंद्र मोदी को बधाई देना चाहता हूं। उनके नेतृत्व में एनडीए तीसरी बार केंद्र में सरकार बनने जा रही है। एनडीए का तीसरा कार्यकाल देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा, जिसका वादा उन्होंने देश से किया है। यह सरकार विकास से जुड़े सभी वादों को पूरा करेगी। हमारी पार्टी और हमारे सांसद एनडीए सरकार का समर्थन करेंगे।

# पीएम पद से नरेंद्र मोदी ने दिया इस्तीफा

### आठ जून को हो सकता है नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

**सत्ता**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपा त्याग पत्र
- गठबंधन की होगी देश की अगली सरकार
- 17वीं लोकसभा भंग करने की सिफारिश



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में 17वीं लोकसभा को भंग करने की सिफारिश की गई। मौजूदा 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा था।

बैठक के बाद प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन पहुंचे और उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लोकसभा भंग करने की सिफारिश करते हुए अपना और अन्य मंत्रियों का इस्तीफा सौंपा। जिसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंजूर कर लिया। साथ ही राष्ट्रपति ने नरेंद्र मोदी से अगली सरकार के गठन तक बतौर कार्यकारी प्रधानमंत्री जिम्मेदारी संभालने की अपील की। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लोकसभा चुनाव के नतीजों और भाजपा नीत एनडीए द्वारा सदन में बहुमत हासिल करने के बाद संभावित सरकार गठन के मुद्दे पर चर्चा हुई। बैठक सुबह 11.30 बजे प्रधानमंत्री आवास पर शुरू हुई थी। इस बैठक के बाद मंत्रिपरिषद की बैठक भी हुई। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 7 जून को संसदीय दल की बैठक होगी और अगले दिन यानी 8 जून को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह हो सकता है। लोकसभा चुनाव के नतीजों का एलान हो चुका है और 543 लोकसभा सीटों में से 240 सीटों पर भाजपा और 99 सीटों पर कांग्रेस को जीत मिली है। भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 292 और कांग्रेस नीत विपक्षी गठबंधन को 234 सीटें मिली हैं। नतीजों से स्पष्ट है कि देश में अगली सरकार गठबंधन की होगी। सरकार गठन को लेकर एनडीए की बैठक होगी। वहीं विपक्षी इंडी गठबंधन भी बैठक करेगा। प्रधानमंत्री मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, लेकिन इस बार भाजपा को सरकार चलाने के लिए सहयोगी पार्टियों के समर्थन की जरूरत है। खासकर जदयू और तेदेपा का समर्थन जरूरी होगा।

## पीएम मोदी ने दी योगी को जन्मदिन की बधाई

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को उनके 52वें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में आदित्यनाथ के दीर्घायु होने और स्वस्थ जीवन की कामना की है। प्रधानमंत्री ने लिखा, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। वह उत्तर प्रदेश की प्रगति और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। मैं उनके आने वाले समय में दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने इन शुभकामनाओं के लिये प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा, आपकी आत्मीय एवं ऊर्जावान शुभकामनाएं मेरे लिए अथाह प्रेरणा का स्रोत हैं। आपके यशस्वी मार्गदर्शन में विरासत और विकास को संजोए आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना साकार हो रही है।

### इंडिया गठबंधन बैठक में 19 पार्टियों के 33 नेता रहे शामिल

# सही समय पर सही फैसला लेंगे

**मंथन**

- इंडिया को 234 सीटें, टीडीपी को 16, और जदयू को 12 सीटें मिली हैं



**नई दिल्ली।** एनडीए की बैठक के 2 घंटे बाद इंडिया की भी बुधवार शाम 6 बजे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर बैठक हुई। यह डेढ़ घंटे चली। 19 पार्टियों के 33 नेता शामिल हुए।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, फासिस्ट ताकतों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी, हम उस वक्त सही समय पर सही कदम उठाएंगे, जब लगेगा कि भाजपा सरकार लोगों की इच्छा के अनुसार सही कदम नहीं उठा रही। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन को जबरदस्त समर्थन मिला है। लोगों ने भाजपा सरकार की नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है। लोकसभा चुनाव में इंडिया को 234 सीटें मिली हैं। सरकार बनाने के लिए गठबंधन को 272 सांसदों का समर्थन चाहिए। बैठक के पहले गठबंधन के कई नेता चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार से संपर्क करने की बात करते रहे। चंद्रबाबू की टीडीपी को 16 सीट और नीतीश की जदयू को 12 सीटें मिली हैं। खड़गे ने बैठक में कहा मैं इंडिया गठबंधन के सभी साथियों का स्वागत करता हूं। हम एक साथ लड़े, तालमेल से लड़े और पूरी ताक़त से लड़े। आप सबको बधाई! 18वीं लोकसभा चुनाव का जनमत सीधे तौर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ़ है। चुनाव उनके नाम और चेहरे पर लड़ा गया था और जनता ने भाजपा को बहुमत ना देकर उनके नेतृत्व के प्रति साफ संदेश दिया है।

व्यक्तिगत रूप से मोदीजी के लिए यह ना सिर्फ़ राजनैतिक, बल्कि नैतिक हार भी है। परन्तु हम सब उनकी आदतों से वाक़िफ़ हैं। वो इस जनमत को नकारने की हरसंभव कोशिश करेंगे।

# प्रभु राम आएं तो इंसाफ आया : अभिषेक बनर्जी

**निशाना**

- बीजेपी को मिली हार पर अभिषेक बनर्जी का तंज



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और नवनिर्वाचित डायमंड हार्बर सांसद अभिषेक बनर्जी ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर हमला किया, क्योंकि इस साल की शुरुआत में राम मंदिर का उद्घाटन होने के बावजूद 2024 के लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी अयोध्या में हार गई थी।

अभिषेक ने कहा कि भगवान राम आए और अपने साथ न्याय लेकर आए। कोलकाता में पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने सवाल उठाया कि कोई पार्टी किसी भगवान की प्राण प्रतिष्ठा कैसे कर सकती है। उन्होंने कहा कि इससे पता चलता है कि बीजेपी के खिलाफ लोगों का आक्रोश किस स्तर पर है। मैं हाशिए पर ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता, लेकिन राम मंदिर को लेकर कि आपने एजेंडा बनाया और कश्मीर से कन्याकुमारी तक हर नागरिक के पास गए और कहा, हमने राम मंदिर बनाया और बीजेपी ने राम की प्रतिष्ठा की। कोई मनुष्य भगवान की प्रतिष्ठा कैसे कर सकता है? क्या कोई ऐसा कर सकता है? क्या मुझमें भगवान की प्रतिष्ठा करने की क्षमता है? इससे पता चलता है कि जहां उन्होंने राम मंदिर की प्रतिष्ठा की, वे उसी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए।

# सहस्त्रताल ट्रैक पर नौ ट्रैकर्स की मौत

**घटना**

- मौसम खराब होने से हेलिकॉप्टर रेस्क्यू अभियान में दिक्कत
- दस ट्रैकरों को एयरलिफ़्ट कर सुरक्षित निकाला गया



**उत्तरकाशी।** सहस्त्रताल रेस्क्यू अभियान में अभी तक ग्यारह ट्रैकर्स को हेलिकॉप्टर के माध्यम से सुरक्षित निकाल लिया गया है और अन्य दो ट्रैकर्स नजदीकी बेस कैंप में सुरक्षित थे। जो नजदीकी रोड हेड सिल्ला गांव के लिए पैदल निकले चुके हैं।

घटना स्थल से पांच शवों को भी निकाला जा चुका है। इस हादसे में 22 सदस्यों वाले ट्रैकर्स दल के बाकी चार सदस्यों की खोज एवं बचाव के लिए रेस्क्यू अभियान युद्ध स्तर पर जारी है। दोपहर बाद इस उच्च हिमालयी क्षेत्र में मौसम खराब होने के कारण हेलिकॉप्टर रेस्क्यू अभियान में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने घटना स्थल को भेजी गई जमीनी रेस्क्यू टीमों को तेजी से आगे बढ़ने को कहा गया है। लगभग पैंतीस किमी लंबे इस दुरूह हिमालयी ट्रैक पर घटनास्थल तक पहुंचने में भी रेस्क्यू टीमों को कुछ समय लग रहा है। जमीनी रेस्क्यू टीमें दो विपरीत दिशाओं से घटना स्थल की तरफ तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उत्तरकाशी-टिहरी जनपद की सीमा पर करीब 14500 फीट की ऊंचाई पर स्थित सहस्त्रताल में फंसे कर्नाटक, महाराष्ट्र के पांच और ट्रैकरों की मौत हो गई है। अब तक नौ ट्रैकरों की जान जा चुकी है। वहीं दस ट्रैकरों को एयरलिफ़्ट कर सुरक्षित निकाला जा चुका है। 29 मई को एक 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुश कुल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए निकला था। यहां चार ट्रैकर की ठंड लगने से मौत हो गई। 18 ट्रैकर वहां फंसे थे, इनमें से आज चार ट्रैकर की और मौत हो गई। जिला प्रशासन के अनुरोध पर वायु सेना के दो चेतक हेलिकॉप्टर अभियान में लगाए गए हैं। दस ट्रैकर को सुरक्षित लाया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया है कि सहस्त्रताल की ट्रैकिंग रुट पर फंसे ट्रैकर्स को रेस्क्यू करने के लिए एसडीआरएफ व वन विभाग के रेस्क्यू दल अलग-अलग दिशाओं से घटना स्थल के लिए गए हैं। वन विभाग की दस सदस्यों की रेकी व रेस्क्यू टीम सिल्ला गांव से आगे गई है। जबकि जिला मुख्यालय उत्तरकाशी से एसडीआरएफ के दल ने भी टिहरी जिले के बूढ़ाकेदार की तरफ से रेस्क्यू शुरू किया। इस रेस्क्यू अभियान के समन्वय में जुटे पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने बताया कि एसडीआरएफ की माउंटेनियरिंग टीम भी देहरादून से हेलिकॉप्टर से एरियल रैकी के लिए गई है।

# केजरीवाल की 19 जून तक बढ़ी न्यायिक हिरासत

**घोटाला**

- राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने अंतरिम जमानत याचिका की खारिज



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला मामले में राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 19 जून तक बढ़ा दी। उन्हें आज अदालत के समक्ष पेश किया गया। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा लगाई गई अंतरिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने एक्साइज पॉलिसी मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चिकित्सा कारणों का हवाला देते हुए 7 दिन की जमानत मांगी थी। इस बीच, न्यायालय ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक चिकित्सा परीक्षण आयोजित करने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत 1 जून को समाप्त होने के बाद 2 जून को राष्ट्रीय राजधानी की तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण कर दिया था। इससे पहले उन्होंने रविवार को राजघाट जाकर कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। मंदिर से केजरीवाल राउज एवेन्यू रोड स्थित आम आदमी पार्टी (आप) कार्यालय के लिए रवाना हुए जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित किया था। आज उनके सरेंडर के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट के ड्यूटी जज ने अर्जी ली।

**संरक्षण** — मुख्यमंत्री योगी ने पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण किया

# पर्यावरण संरक्षण के लिए सबका साथ जरूरी




**संदेश**

- राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह किया गया प्रतिबन्धित
- प्रदेशवासियों से प्रत्येक वर्ष एक-एक पौधा लगाने व संरक्षण करने की अपील

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज यहां अपने सरकारी आवास पर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान में जीव सृष्टि तथा विश्व मानवता को ग्लोबल वॉर्मिंग, ग्लोबल कूलिंग, अतिवृष्टि तथा अनावृष्टि जैसी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। ग्लोबल वॉर्मिंग के दुष्परिणाम स्वरूप इस गर्मी के मौसम में तापमान 50 डिग्री सेल्सियस को भी क्रॉस कर रहा है। पर्यावरण की रक्षा कर इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा पर्यावरण रक्षा की दिशा में कदम उठाते हुए राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह प्रतिबन्धित किया गया। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित करने तथा ग्राण्डड वॉटर लेवल मेन्टेन करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में प्रतिवर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में वन महोत्सव के अवसर पर करोड़ों की संख्या में पौधों का रोपण किया जाता है। उन्होंने प्रदेशवासियों से प्रत्येक वर्ष एक-एक पौधा लगाने व उसका संरक्षण करने की अपील की। हम व्यक्ति के रूप में भी एक पौधा लगा सकते हैं और उसके बढ़ने तक उसकी देखभाल कर सकते हैं। ऑक्सीजन के स्तर में सुधार के लिए पर्यावरण के प्रति यह हमारा अपना योगदान होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए सबका साथ जरूरी है। कहा कि सॉलिड व लिक्विड वेस्ट के निस्तारण की समुचित व्यवस्था करना भी आवश्यक है। पहले गांवों में खाद का गड्ढा सॉलिड वेस्ट का देशी मॉडल होता था। इन पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा किया जा चुका था। प्रदेश सरकार ने एण्टी भू-माफिया टास्क फोर्स के माध्यम से इन पर किये गये अवैध कब्जों को हटाने की कार्यवाही की। इस कार्य में सफलता भी प्राप्त हुई, लेकिन अभी इस पर बहुत कुछ किये जाने की आवश्यकता है। हमें लिक्विड वेस्ट के निस्तारण हेतु भी देशी मॉडल विकसित करना होगा। वनों की अवैध कटान तथा प्रकृति को किसी भी स्तर पर पहुंचाए जाने वाले नुकसान को प्रत्येक परिस्थिति में रोकना होगा अन्यथा यह विश्व मानवता के लिए संकट उत्पन्न करने का कार्य करेगा।

# पुणे पोर्श केस: नाबालिग के मां पिता को 17 जून तक हिरासत

**हादसा**

- रक्त के नमूने बदलने वाले डॉक्टरों पर भी कार्रवाई
- नाबालिग के दादा को भी गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पोर्श कार हादसे में दो आईटी इंजीनियरों को अपनी जान गंवानी पड़ी। कार चालक 17 वर्षीय नाबालिग घटना के समय शराब के नशे में था, जिसके रक्त के नमूनों की अदला-बदली के आरोप में पुलिस ने उसकी मां को शनिवार को गिरफ्तार किया था। अब पुलिस ने अदालत को एक अहम जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक रिपोर्ट से पुष्टि हुई है कि नाबालिग की मां के रक्त के नमूने की अदला-बदली की गई। अदालत ने भी सख्त कार्रवाई करते हुए नाबालिग की मां और पिता को 10 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इसके अलावा रक्त के नमूनों की अदला-बदली करने वाले ससून अस्पताल के डॉक्टर श्रीहरि हलनोर, डॉक्टर अजय टारे और एक कर्मचारी अतुल घाटकांबले को भी 7 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें, पुलिस ने नाबालिग के पिता, मां और ससून अस्पताल के डॉक्टरों और एक कर्मचारी को अदालत में पेश किया था। सूत्रों ने के मुताबिक, पुलिस पुलिस पांच जून को प्रारंभिक अवधि समाप्त होने पर किशोर के अवलोकन गृह में रहने की अवधि को और बढ़ाने की मांग कर सकती है। इस मामले में पुलिस आरोपी के दादा को भी गिरफ्तार कर चुकी है। पुणे शहर में 18-19 मई की रात करीब तीन करोड़ रुपये की पोर्श कार को तेज गति से दौड़ाने के चक्कर में 17 साल के लड़के ने एक बाइक को टक्कर मार दी थी।

# जीत की खबर सुनकर सपा कार्यकर्ताओ सहित नगरवासियो मे भी दिखा हर्षोउल्लास का माहौल

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** धौरहारा लोकसभा सीट पर जैसे ही सपा प्रत्याशी आनन्द भदौरिया की जीत की खबर सपा कार्यकर्ताओ सहित नगरवासियो को मिली वैसे ही नगर में हर्षोउल्लास का माहौल देखने को मिला। सपा कार्यकर्ता सहित समर्थको ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। धौरहारा लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी आनन्द भदौरिया बुर्जुगो का आर्शीवाद ले जीत के जुनून के साथ धौरहारा लोकसभा क्षेत्र में कड़ी मेहनत के साथ चुनाव लड़ा उन्होने सपा कार्यकर्ता जो पहले हौसला खो चुके थे में एक नया उत्साह भर कर पूरी मेहनत और लगन से हर कार्यकर्ता को जोड़े रखा उसी का परिणाम मिला कि धौरहरा लोकसभा पहली बार समाजवादी पार्टी ने अपना परचम लहराया है। जबसे धौरहारा लोकसभा सीट का जन्म हुआ तबसे एक बार कांग्रेस पार्टी से जितिन



प्रसाद ने यह सीट कांग्रेस के पाले में दी थी। वर्ष 2014 से लगातार धौरहारा सीट भाजपा के कब्जे में रही। इस बार सपा प्रत्याशी आनन्द भदौरिया द्वारा पद यात्रा से लेकर गांव गाव चैपाल और बैठक कर हर वर्ग को साधने का काम किया। जिसमे उन्हें जनता का भरपूर साथ भी मिला। वही इस चुनाव मे जिताने मे आनन्द भदौरिया की पत्नी प्रोफेसर अर्चना सिंह का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा, उन्होंने जिस अदाज मे गांव गाव की खाक छानते हुऐ कुशल और.सफल चुनाव सचालन कर धौरहरा मे सपा का परचम लहराने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जिसमें वह कामयब भी रही। वही धौरहरा लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने जिस संयम से चुनाव को धार दी ,वह भी काबिले तारीफ रही। आनंद भदौरिया ने लोकसभा मे 4,42650 मत पाकर पहला स्थान प्राप्त किया, वही धौरहारा लोकसभा क्षेत्र से पहली बार सपा का परचम लहराने का भी सौभाग्य प्राप्त हुआ। धौरहारा लोकसभा सीट पर पहली बार सपा के परचम रहराने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित आम जनता में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वही सपा कार्यकर्ताओ सहित सपा समर्थको ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की शुभकामनाएं दी। आनन्द भदौरिया की जीत से सपा कार्यकर्ताओं के मनोबल में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। सपा कार्यकर्ताओं के लिए यह जीत निश्चित तौर पर नई ऊर्जा और जोश भरने के लिये काफी होगी।

## फेरी लगाने वाले वृद्ध चक्कर खाकर साइकिल से गिरे, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

**लखीमपुर खीरी।** भीषण गर्मी से हर कोई बेहाल है। बुधवार को गर्मी में साइकिल से घर वापस आ रहे फेरी लगाने वाले वृद्ध चक्कर खाकर साइकिल से गिर गए। उन्हें प्राइवेट क्लीनिक ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कस्बा निवासी 65 वर्षीय बरसातू गरीबी के चलते साइकिल से कबाड़ खरीदने का काम करते थे। उसी से उनके घर का चूल्हा जलता था। बताते हैं कि बुधवार सुबह साइकिल से वह कबाड़ खरीदने तिकोना फार्म गए थे। कबाड़ के बदले चीनी की बनाई पट्टी व चूरा देते थे। दोपहर 11 बजे घर वापस आते समय तिकोना पुल ढाल पर उमस भरी गर्मी में उनको चक्कर आ गया और वह साइकिल समेत गहरी खाई में जाकर गिर गए। मौके पर पहुंचे परिजन उन्हें लेकर कस्बा के प्राइवेट क्लीनिक पर ले गए लेकिन तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में कस्बा के कब्रिस्तान में उनको सुपुर्द ए खाक किया गया।

# रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए रक्तदान को महादान कहते है: डॉ. संजीत सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन के डायरेक्टर डॉ. संजीत सिंह सनी कहते है कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है इसलिए रक्तदान को महादान कहते हैं, क्योंकि यह दान दूसरों की जिंदगी बचाने के साथ खुद की सेहत दुरुस्त करता है। हर वक्त हमारी टीम रक्तदान शिविर में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर सामाजिक कर्तव्य निभाती रहती है। इसी क्रम में हमारे ग्रुप के माध्यम से या कॉल के माध्यम से जब भी सूचना मिलती है तब तत्काल हम सभी उक्त बेसहारा व जरूरतमंद को रक्तदान कर उसके जीवन को बढाते है बस ही है हमारे जीवनधारा का सबसे बड़ा मूल मंत्र व मकसद, इसी को मानवता व इंसानियत के नाते हम दिन व दिन आगे बढ़ाते जा रहे है। वही बीते दिन जब ग्रुप के माध्यम से कस्बा गोला जनपद लखीमपुर खीरी की रहने वाली नीतू जो कि गत दिवसो में सड़क हादसे में गम्भीर घायल हुए थी जिसमे उक्त बच्ची का पैर टूट गया था जिसके बाद इलाज हेतु



गरीबी व निसहाय के चलते जिला हॉस्पिटल शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया। जहां ऑपरेशन से पहले ब्लड चढ़ाने की बात कही गई जिसके बाद जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन ग्रुप में ब्लड की जरूरत की पोस्ट पड़ी जिसे पढ़कर जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन ने तत्काल उक्त पीड़िता की मदद में कदम उठाया और अपने निजी वाहन से जिला हॉस्पिटल शाहजहांपुर पहुंचे, जहां बच्ची की दयनीय स्थिति के मद्देनजर तत्काल खुद ब्लड डोनेशन का फैसला लिया, इससे पूर्व वे 48बार ब्लड डोनेट कर चुके है, इस बार उनका 49वीं बार का ब्लड डोनेट रहा, उन्होंने तत्काल बच्ची की मदद से एक यूनिट ब्लड निकलवाकर बच्ची के लिए 1 यूनिट ब्लड डोनेट किया ताकि बच्ची का आगे सही से इलाज व ऑपरेशन सम्भव हो सके, यही नही जरूरत पड़ने पर आगे भी बच्ची की मदद का वायदा किया, क्योंकि बच्ची के माता व पिता दोनों नही है, एक भाई है जो किसी भी तरह का बच्ची से कोई वास्ता नही रखता, माता पिता के देहांत के बाद किसी तरह बच्ची अपना भरण पोषण कर रही थी कि अचानक हुए इस हादसे ने बच्ची को अंदर तक तोड़कर रख दिया अब बेसहारा बच्ची लोगो की दुआओ व मदद से किसी तरह अपने सही होने का इंतजार कर रही है वही जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन भी बच्ची की हर तरह की मदद के लिए तैयार खड़ी है जरूरत पड़ने पर अवश्य मदद की जाएगी।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण



*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ए0डी0आर सेन्टर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली व सेशन हाउस रायबरेली में तरुण सक्सेना, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश रायबरेली द्वारा पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बताया गया कि मानव और प्रकृति का गहरा नाता है। जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है। प्रकृति मानव के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत कुछ देती है। बदले में मानव पर्यावरण दूषित करता है और प्रकृति का दोहन करता है।

जिससे समय के साथ पर्यावरण व प्रकृति नष्ट होती जा रही है। कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं का कारण भी पर्यावरण बन सकता है। इसे संरक्षित और सुरक्षित रखने के लिए 5 जून को हर साल पर्यावरण दिवस मनाते हैं। जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों के जीवन को बचाने और पर्यावरण प्रदूषण के कारकों को कम किया जा सकता है। बताया कि लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण करने, पर्यावरण संरक्षण करने व प्लास्टिक एवं पालीथीन का इस्तेमाल न करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। इस मौके समस्त न्यायिक अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# सभी लगाएं पौधे और बचाएं पर्यावरण को: डॉ. दिनेश चंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि वह अपने-अपने घरो में कम से कम एक पेड़ लगाने की मुहिम की शुरुआत करें। आने वाले समय में ग्लोबल वार्निंग के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिये वृक्षारोपण ही एक मात्र उपाय है। उन्होंने इस अवसर पर पर्यावरण को संरक्षित करने की भी शपथ दिलाई। इस दौरान कलेक्ट्रेट में पर्यावरण प्रदर्शनी भी लगायी गयी। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभागार में पर्यावरण सम्बन्धी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के विभागो द्वारा विगत वर्षों में कराये गये वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संबंधी कार्यक्रमों का डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया। सभी डिस्प्ले बोर्ड्स पर उनके विभाग द्वारा उत्तम स्तर के वृक्षारोपणा



के फेटो का इस्तेमाल किया गया। इस कार्यक्रम में शुभम सिंह, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, आलोक कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिलाधिकारी कार्यालय के स्टाफ एवं सामाजिक वानिकी प्रभाग के स्टाफ द्वारा भाग लिया गया। जनपदभर में विश्व पर्यावरण दिवस 2024 हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण एवं सुखा लचीलापन' जिसके महत्व के बारे में सभी को बताया गया। विश्व पर्यावरण दिवस एक वैशविक उत्सव है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिये जागरुकता बढ़ाने और कार्यवाही को प्रात्सूसाहित करने के लिये प्रति वर्ष 05 जून को मनाया जाता है। यह पर्यावरण के प्रति विश्वव्यापी जागरुकता को बढ़ावा देने के लिये संयुक्त राष्ट्र का प्रमुख माध्यम है। जो 150 से अधिक देशों में मनाया जाता है।

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा सभी रेजों में पर्यावरण सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम कार्यक्रम देवबन्द रेंज में स्थित बाला सुन्दरी माता के मंदिर परिसर में किया गया। मंदिर के परिसर में स्थित सभी दुकानदारों को प्लास्टिक की टोकरियों का इस्तेमाल न करने के लिये प्रोत्साहित किया गया। इसी संदर्भ में एक प्लास्टिक हटाओं रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्कूली बच्चे, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका देवबन्द, वन विभाग का समस्त स्टाफ एक जनसामान्य सम्मिलित हुये। कार्यक्रम के अन्त में सभी दुकानदारों में इको फ्रेन्डली टोकरिया वितरित की गयी।

सहारनपुर में स्थित कम्पनी बाग में प्रातः 7.00 बजे से कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा कई कार्यक्रम में भाग लिया गया, जैसे कि साईकिल रैली, प्लास्टिक क्लीनअप ड्राइव, रिले रेस आदि। शुभम सिंह, प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग एवं श्रीमती पूजा, संयुक्त निदेशक, कम्पनी बाग द्वारा कम्पनी बाग में वृक्षारोपण भी किया गया।

## पशु चराने गए युवक को पानी पीने के दौरान नदी में खींच ले गया मगरमच्छ

**लखीमपुर खीरी।** बिजुआ इलाके में पशु चराने गए युवक को पानी पीने के दौरान मगरमच्छ शारदा नदी में खींच ले गया। कई घंटों तक परिजनों को घटना की जानकारी नहीं हुई। जब पशु घर पहुंच गए और युवक नहीं पहुंचा तो मंगलवार की शाम परिजनों ने खोजबीन शुरू की। रात ज्यादा होने पर कोई सुराग नहीं लगा। बुधवार सुबह परिजनों ने युवक की फिर तलाश शुरू की तो घटनास्थल से करीब 600 मीटर दूर युवक का अधखाया शव बरामद हुआ। शरीर पर मगरमच्छ के नोचने के कई निशान थे।बिजुआ क्षेत्र के ग्राम रेवतीपुरवा निवासी बालक राम का 30 वर्षीय पुत्र बबलू मंगलवार को शारदा नदी के किनारे पशुओं को चराने गया था। ग्रामीणों के अनुसार प्यास लगने पर वह शारदा नदी में पानी पी रहा था। तभी नदी में मौजूद मगरमच्छ उसे पानी में खींच ले गया। घरवालों को शाम तक जानकारी नहीं हो पाई। देर शाम पशुओं के घर पहुंचने पर बबलू के लापता होने की जानकारी हुई। बुधवार तड़के लोगों ने फिर बबलू की तलाश शुरू की तो घटनास्थल से लगभग 600 मीटर दूर शव बरामद हुआ। शरीर के कुछ हिस्सों को मगरमच्छ ने नोचकर खा गया था। क्षेत्र में मगरमच्छ के हमले की पहली घटना है। नदी किनारे बसे गांवों में मगरमच्छ की वजह से भय का माहौल है। बिजुआ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं, भीरा रेंजर राजकुमार शर्मा ने बताया कि नदी में मगरमच्छ हैं। किसी पर भी हमला कर सकते हैं लोगों को नदी में नहीं घुसना चाहिए। अगर किसी तालाब में मगरमच्छ होता तो पकड़ा जा सकता था नदी में पकड़ना मुश्किल होता है। नदी में सावधानी के साथ ही घुसना चाहिए। परिवार के लोग प्रार्थना पत्र देंगे तो आश्रितों को मुआवजे के लिए संस्तुति की जाएगी।

## गोला-लखीमपुर रूट खुलने से लोगों को काफी राहत

**लखीमपुर खीरी।** गोला और फरधान में रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के चलते एक हफ्ते से लखीमपुर-गोला रूट पर वाहनों को पूरी तरह प्रतिबंध कर दिया था। इस रूट के वाहनों को सिंकदराबाद होते हुए निकाला गया। गोला रूट बंद होने जहां रोडवेज का किराया बढ़ गया था तो वहीं आवागमन में 25 किलो मीटर का फेर अतिरिक्ति बढ़ने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिंकदराबाद पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती थी, लेकिन अब गोला-लखीमपुर रूट खुल गया है और आवागमन पहले की तरह सुचारू होने से लोगों को काफी राहत है।

## वार्षिक चुनाव 2024-25 के लिए नामांकन पत्र किए प्रस्तुत

**सहारनपुर।** दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव को लेकर आज चुनाव आयुक्तों के समक्ष दो पक्षो ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये गये। नामांकन पत्रो की वापसी 06 जून को दोपहर 12 बजे तक होगी तत्पश्चात उम्मीदवारो की अंतिम सूची का प्रकाशन तथा 12 जून को मतदान होगा।

दि कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव के संबध मे मुख्य चुनाव आयुक्त ठा.सौराज सिंह, चुनाव आयुक्त अजय त्यागी, चुनाव आयुक्त रणधीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन पत्र प्रस्तुत किये गये। जिसमें एक पक्ष की ओर से अध्यक्ष पद के लिये ऋषिपाल सिंह, महासचिव पद के लिये विपीन कुमार मौर्य, कोषाध्यक्ष पद के लिये सुनील कुमार व अन्य 17 पदो के लिए अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जिसमे गोकरण दत्त शर्मा, रणवीर सिहं राठौर, जितेन्द्र सिहं पुण्डीर, अरविन्द कुमार सैनी, अशोक कुमार शर्मा, अनिल कुमार, अम्बरीश अग्रवाल व अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहें वही दूसरे पक्ष की ओर से अध्यक्ष के लिये संजीव कुमार, महासचिव पद के लिये सरौत्तन सिहं, कोषाध्यक्ष पद के लिये दीपाली वर्मा व अन्य 17 पदो के लिये अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किये जिसमे ठा.राज सिंह, राजकुमार वर्मा, हरपाल सिहं, विवेक शर्मा, रितेश यादव, धर्मवीर सिहं पुण्डीर, महेश चन्द गुप्ता आदि अधिवक्ता उपस्थित रहें। सभी नामांकन पत्र वैध पाये गये। नामांकन पत्रो की वापसी 06 जून को दोपहर 12 बजे तक होगी तत्पश्चात उम्मीदवारो की अंतिम सूची का प्रकाशन तथा 12 जून को मतदान होगा।

# बंध्याकरण श्वानों को एंटी रेबीज की बूस्टर डोज दें: नगरायुक्त

## नगरायुक्त ने किया एबीसी सेंटर का निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज शाकुंभरी विहार, बेहट रोड स्थित एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने श्वान आप्रेशन थियेटर, डॉग कैनाल और दवाओं का स्टॉक देखने के अलावा डॉग पकड़ने और छोड़ने की जानकारी ली। उन्होंने सेंटर को और प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज दोपहर एबीसी सेंटर का निरीक्षण करते हुए दवाओं का स्टॉक रजिस्टर, प्रतिदिन डॉग पकड़ने का विवरण रजिस्टर, एंटी रेबीज दवाओं का स्टॉक, डॉग कैनाल और आप्रेशन थियेटर देखने के अलावा श्वान को पकड़े जाने के बाद उन्हें रखने के स्थान का भी निरीक्षण किया। नगरायुक्त ने श्वान आप्रेशन कार्य कर रही एजेंसी के चिकित्सक डॉ. प्रवेश आलम से पूछा कि बंध्याकरण किये



गए श्वान को एंटी रेबीज देने का कार्य किया जा रहा है या नहीं तथा बंध्याकरण किये जा रहे श्वान को सिंगल डोज दी जा रही या बूस्टर डोज? इस पर डॉ. प्रवेश आलम ने बताया कि बंध्याकरण किये गए श्वानों को एंटी रेबीज की सिंगल डोज दी जा रही है। नगरायुक्त ने डबल डोज देने का सुझाव दिया।

नगरायुक्त संजय चौहान द्वारा पूछे जाने पर निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने बताया कि श्वान बंध्याकरण का कार्य भोपाल की एक एजेंसी द्वारा किया जा रहा है। पहले दूसरी एजेंसी कार्य कर रही थी। एजेंसी बदलने के बाद श्वान आप्रेशन में तेजी आयी है। पहले 20-22 आप्रेशन हर रोज किये जा रहे थे, अब 40-45 आप्रेशन हर रोज किये जा रहे हैं। अब तक करीब साढ़े दस हजार श्वान का आप्रेशन किया जा चुका है। डॉ.संदीप ने बताया कि श्वान ऑर्गन की गणना व निस्तारण के लिए अपर नगरायुक्त प्रथम राजेश यादव की अध्यक्षता में चार सदस्यीय टीम बनायी गयी है। उन्होंने नगरायुक्त को बताया कि श्वान पकड़ने के लिए सेंटर के पास दो गाड़ियां है जिनमें से एक गाड़ी कम्पलेंड पर तथा दूसरी गाड़ी रेगुलर अभियान पर भेजी जा रही है। निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह व नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. आर सी गुप्ता आदि शामिल रहे।

# ग्राम विकास अधिकारियों ने किया आठ करोड़ रूपये का गबन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त ने 13 ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा तीन माह में 98 ग्राम पंचायतों में लगभग 8 करोड़ रूपये खातों से निकालकर गबन किए जाने की शिकायत पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच में दोषी पाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये है।

गौरतलब रहे कि जनपद में विकास खण्ड गंगोह में ग्राम पंचायत का पिछ्ला कार्यकाल समाप्त हो जाने के बाद, ग्राम पंचायतों में नियुक्त तत्कालीन प्रशासक एवं सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी) तथा तत्कालीन 13 ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा तीन माह में 98 ग्राम पंचायतों में लगभग 8 करोड रूपये खातों से निकालकर गबन किये जाने की शिकायत तत्कालीन मण्डलायुक्त को प्राप्त हुयी थी। तत्कालीन मण्डलायुक्त द्वारा प्रकरण की जांच अपर आयुक्त, सहारनपुर मण्डल सुरेन्द्र राम को सौंपी गयी थी।

मण्डलायुक्त डा.हृषिकेश भास्कर यशोद के संज्ञान में मामला आने पर उनके द्वारा इसे गम्भीरता से लेते हुये शीघ्र जांच आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। जिसके क्रम में जांच अधिकारी द्वारा अपनी अनन्तिम जांच आख्या मण्डलायुक्त के समक्ष प्रस्तुत की जिसमें

प्रमोद कुमार तत्कालीन प्रशासक व सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), जय प्रकाश वर्मा तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, अंकित तोमर तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, नीटू तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, विक्रांत तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, प्रदीप कुमार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, किरत कुमार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी एवं योगेन्द्र कुमार तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध लगाये गये आरोप सही पाये गये।

# न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने जिला



कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया और बंदियों के हित में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं से अवगत कराया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त एक्शन प्लान के अर्न्तगत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। सचिव के साथ लीगल ऐड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम असिस्टेन्ट बंसत सिंह ने भी सचिव के साथ जेल विजिट किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ने बैरक नं.3 व 4 एवं महिला बैरक, अस्पताल एवं पाकशाला का निरीक्षण किया। वरिष्ठ अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे जिला कारागार सहारनपुर में कुल 1360 बंदी निरूद्ध है। जिला कारागार सहारनपुर में साफ सफाई की व्यवस्था उचित पाई गई। सचिव द्वारा बन्दियों को अवगत कराया कि यदि किसी बन्दी न्यायालय से जमानत हो चुकी है और वह जमानती के अभाव में अभी तक छूट नही पाया है तो वह जिला कारागार प्रशासन की सहायता से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय भिजवा दें। इसके अतिरिक्त यदि किसी बंदी को सरकार की ओर से निशुल्क अधिवक्ता की सुविधा चाहिये तो अविलम्ब वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव द्वारा बन्दियों को सरकार द्वारा बन्दियों के हितों के लिये चलाई जा रही योजनाओ से अवगत कराया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जेल अधीक्षक श्रीमती अमिता दुबे, जेलर प्रशांत उपाध्याय एवं डिप्टी जेलर सुधांशु सिंह, अभय शुक्ला एवं दीपक सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्ति सचिव ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशो के अनुपालन एवं जनपद न्यायाधीश श्रीमती बबीता रानी की अध्यक्षता में 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आरबीट्रेशन वादों की विशेष लोक अदालत का आयोजन जनपद सहारनपुर में किया जा रहा है।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन

**सहारनपुर।** सारंग सामाजिक एव सांस्कृतिक संगठन के तत्वाधान में विश्व पर्यवरण दिवस वार्ड 40 पटेल नगर स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया गया तथा लोगों को अधिक से विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करने पर बल दिया गया, ताकि पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकें। पटेल नगर स्थित पार्क में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरदार सतवंत सिंह माकन बॉबी कहा कि श्री गुरु नानक देव महाराज ने भी कहा है कि पेड़ पौधों में परमात्मा का वास है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को प्रति वर्ष यादगार के अवसरों पर अपने घर, मंदिर, प्रतिष्ठान के नजदीक पौधा रोपण करना चाहिए। आज हम पुरुषों के बताये मार्ग को भूल चुके है। यही कारण है की आज पर्यवरण तेजी से प्रदूषित हो रहा है। पार्षद सरदार राजेंद्र सिंह कोहली ने कहा कि हम सभी को इस गंभीर समस्या पर विचार करना होगा। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को संकल्प दिलाते हुए आग्रह किया कि हर नागरिक एक पौधा अवश्य लगाए और उनका संरक्षण करें। वरिष्ठ साहित्यकर रमेश चंद्र छबीला ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण की संरचना में जो कमी आई है, उसका मुख्य कारण वृक्षों की कमी है। उन्होंने कहा कि मानव साहित जीव जंतुओं का जीवन पेड-पौधों पर निर्भर है। उन्होंने कहा अगर हमें अपना जीवन बचाना है, तो हर व्यक्ति को अपने घर व घर के बाहर पौधे लगाने होंगे। विचार गोष्ठी का संचालन करते हुए संस्था के महासचिव रवि बक्शी ने कहा कि पेड़ों की कमी से ग्लोबल वार्मिंग बाड़, सूखा साहित अन्य देवी आपदा आती हैं। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण अणु प्रदूषण हमारे जीवन के लिए हानिकारक प्रदूषण है और हमारे सबसे बड़ा शत्रु है। हमें वृक्षों व वनों को काटने से रोकना होगा। इस अवसर पर पर्यावरण संवर्द्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली श्रीमती पुनम बग्गा को पर्यावरण मित्र सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुकेश सेठ, रमन चावला, यशपाल मेहंदीरत्ता, एडवोकेट अरुण सूरी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में समाजसेवी राना सिंधु, किशोर पराशर, सुशील भटिया, आशू सिंधु, प्रमोद बग्गा, दिनेश दत्ता, सुरेंद्र पोपली आदि उपस्थित रहे। संचालन रवि बख्शी ने किया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर नगरायुक्त ने किया निगम परिसर में पौधारोपण

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने पर्यावरण दिवस पर आज नगर निगम परिसर में पौधारोपण किया



और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कोराना ने ऑक्सीजन और इस महीने धूप के रुप में आसमान से बरसती आग ने वृक्षों के महत्व को दर्शा दिया है। उन्होंने कहा कि वृक्ष प्राण वायु ऑक्सीजन देने के साथ ही हमें छाया, फल और औषधिया तो देते ही है भीषण आपदाओं से भी बचाते हैं।

नगरायुक्त संजय चौहान ने आज निगम परिसर में आम, नीम व अमरुद के पौधों का रोपण करने के अलावा गमले में रुद्राक्ष का पौधा भी लगाया। उन्होंने रुद्राक्ष का महत्व बताते हुए कहा कि रुद्राक्ष का आध्यात्मिक महत्व तो है ही इसका औषधीय महत्व भी है तथा रुद्राक्ष सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। उन्होंने नीम के महत्व से भी अवगत कराया। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि पौधा रोपण को अपने संस्कार में शामिल करें। नगरायुक्त ने कहा कि वृक्षारोपण ही ऐसा कार्य है जो हमें और हमारी भावी पीढ़ियों को सुरक्षित व संतुलित पर्यावरण परिवेश देता है। इस अवसर पर अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. आर सी गुप्ता व पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा आदि मौजूद रहे।

इससे पूर्व नगरायुक्त ने बेहट रोड स्थित मियावाकि का भी निरीक्षण किया। यहां एबीसी सेंटर के निकट निगम की भूमि पर जापानी पद्धति से सघन वनीकरण कर मियावाकि वन विकसित किया गया है। उन्होंने उद्यान प्रभारी शिवराज सिंह को और अधिक सघन वृक्षारोपण कराने तथा मियावाकि क्षेत्र की क्षतिग्रस्त तार बाड़ को ठीक कराने तथा पौधों की सिंचाई के लिए एक बोरिंग कराने के भी निर्देश दिए।

# लोकसभा सीतापुर के गठबंधन प्रत्याशी राकेश राठौर की ऐतिहासिक जीत पर कांग्रेसियों ने मिठाई बांटी

अवधनामा संवाददाता



(महमूदाबाद) सीतापुर। लोकसभा सीतापुर के नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर के द्वारा ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद महमूदाबाद के कांग्रेसी नेताओं ने जश्न मनाया। केक काटकर मिठाइयां बांटी। नगर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता इरफान मंसूरी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम का आयोजन नगर के रामकुंड चौराहा स्थित अनुज जैन की दुकान पर हुआ। जिसमें सभी कांग्रेस नेताओं ने पिछले 30 सालों के बाद कांग्रेस पार्टी के सांसद बनने पर हार्दिक बधाई देते हुए मिठाइयां बाँटी।

कांग्रेस नेता डॉ. निजामुद्दीन आजाद ने अपने संबोधन में कहा इस सरकार की तानाशाही से लोग त्रस्त हो गए थे और खासकर सीतापुर के सांसद राजेश वर्मा से लोगों का गुस्सा बहुत बढ़ गया था उसी गुस्से की भरपाई करीब 90000 वोटो से चुनाव जीत कर राकेश राठौर को सांसद बनाने का काम किया हम इसके लिए सीतापुर की जनता को हार्दिक बधाई देते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे इरफान मंसूरी ने सांसद राकेश राठौर को बधाई देते हुए कहा सीतापुर की जनता को आपसे बहुत उम्मीदें हैं और उन्हें विश्वास है कि आप उनकी परेशानी समस्याओं को दूर कर हमको राहत पहुंचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम को अनुज कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा महमूदाबाद बहुत सालों के बाद कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से जीती है इसके लिए आम जनमानस को बहुत-बहुत धन्यवाद उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा राकेश राठौर पर था उसी भरोसे को राकेश राठौर पूरा करेंगे और जनता की उम्मीद पर खरे उतरेंगे। कांग्रेस के युवा नेता अब्दुल्ला खान ने भी कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमें एक जुटता बनाए रखनी है विधानसभा चुनाव में भी हम पूरी ताकत से अपनी पार्टी को पेश करेंगे और आम जनमानस हेतु जो भी विकास कार्य होंगे। उन्हें पूरा करने हेतु प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम को अयूब अहमद डंपी, प्रदीप पांडे,कांग्रेस के नगर अध्यक्ष इस्लाम सलमानी ने भी संबोधित किया इस मौके पर सरदार प्रकट सिंह, मंसूर अली सलमानी, एजाजुद्दीन अंसारी, नीलम बहेलिया,राहुल रस्तोगी, मुजाहिद हुसैन, काशीराम भार्गव, अनूप सिंह, शमशेर अली अंसारी, कलीम, समेत तमाम कांग्रेस के लोग उपस्थिति रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण बेहद जरुरी : कृष्ण कुमार यादव

अवधनामा संवाददाता




वाराणसी। डाक विभाग के तत्वावधान में वाराणसी परिक्षेत्र में विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मकबूल आलम रोड स्थित पोस्टल कॉलोनी में वृक्षारोपण करते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरुरत है, आने वाली पीढ़ी को जीवित रहने के लिए शुद्ध आक्सीजन मिले इसके लिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं व परिवार के सदस्य की भांति उसकी देखभाल भी करें।

वैश्विक स्तर पर निरंतर बढ़ रहे तापमान को भी हम इन्ही पेड़-पौधों के जरिये नियंत्रित कर सकते हैं। इस अवसर पर डाककर्मियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया गया। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली अपनाने एवं प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सिर्फ दिवस विशेष पर वृक्षारोपण से बात नहीं बनेगी बल्कि हमें हर दिन पर्यावरण दिवस की तरह जागरूक रहना होगा तथा हर माह पौधा लगाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अपनी भावी पीढ़ी को जागरूक करना होगा। प्रवर डाक अधीक्षक श्री राजीव कुमार ने कहा की पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधे लगाना हम सबका दायित्व है। सहायक निदेशक बृजेश शर्मा और आरके चौहान ने एक व्यक्ति, एक वृक्ष के नारे के साथ पौधारोपण के महत्त्व को बताया। सीनियर पोस्टमास्टर पीसी तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमें जीवन देता है इसलिए वृक्ष लगाने के साथ-साथ इनका संरक्षण भी बहुत जरुरी है। इस अवसर पर वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर अधीक्षक डाकघर राजीव कुमार, सहायक निदेशक बृजेश शर्मा, आरके चौहान, सीनियर पोस्टमास्टर पीसी तिवारी, निरीक्षक दिलीप पांडेय, अनिकेत रंजन, संजय अहिरवार, श्री प्रकाश गुप्ता, राहुल कुमार, आनंद कुमार, मंजू सहित तमाम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एएमयू के मेडिकल कॉलोनी क्षेत्र में चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन

अलीगढ़। अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून ने आज विश्वविद्यालय के मेडिकल कॉलोनी क्षेत्र में एक चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन किया और पार्क में पौधे लगाकर परिसर में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। इस कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में एएमयू के भूमि एवं उद्यान विभाग द्वारा किया गया। प्रोफेसर खातून ने कहा कि पार्क बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और पर्यावरण चेतना को विकसित करने के लिए एक जीवंत स्थान प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह स्थान मेरे लिए प्रकृति से जुड़ने और प्रकृति द्वारा हमें दिए गए आशीर्वाद को महसूस करने के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में काम करेगा। सम्मानित अतिथि, एएमयू रजिस्ट्रार, श्री मोहम्मद इमरान (आईपीएस) और डीएसडब्ल्यू, प्रोफेसर रफीउद्दीन ने कहा कि पार्क बच्चों में प्रकृति और पर्यावरण के प्रति आकर्षण पैदा करने में मदद करेगा।

## डॉ. हुमा वसीम को सीएसआईआर से 40 लाख रूपये का अनुदान प्राप्त

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग की डॉ. हुमा वसीम को इमर्जिंग इन्वेस्टिगेटर्स रिसर्च (ईएमआर) और एएसपीआईआरई योजना के तहत वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद से लगभग 40 लाख रुपये के प्रतिष्ठित अनुसंधान अनुदान से सम्मानित किया गया है। जलीय जीवों पर विषाक्त पदार्थों के प्रभाव को समझने और उसका उपचार करने में उनके योगदान के लिए डॉ. वसीम के योगदान को लंबे समय से मान्यता प्राप्त है। इस अनुदान के अन्तर्गत वह सम्बन्धित ज्ञान में वृद्धि करने के साथ ही अपने क्षेत्र में गंभीर चुनौतियों के लिए नए समाधान सुझाएंगी। उन्होंने कहा कि विशेष जीवों का उपयोग करके विषाक्त पदार्थों का परिशोधन प्रदूषित पानी को साफ करने का एक आशाजनक उपाय है और वह मछली पर विषाक्त पदार्थों के हानिकारक प्रभाव पर अध्ययन करेंगी, जिसका सेवन मुख्य रूप से मनुष्यों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाले प्रोटीन भोजन के रूप में किया जाता है।

# प्रक्रिया संपन्न होते ही गंगा पार की बिजली व्यवस्था लड़खड़ाई

अवधनामा संवाददाता



अमृतपुर फर्रुखाबाद। गंगा पार क्षेत्र की बिजली सप्लाई फिर धोखा दे गई। 33 हजार लाइन के तीन खंबे हल्की सी हवा चलने के कारण धरासाही हो गए और क्षेत्र के चारों फीडर बंद होने के कारण 500 ग्रामों की बिजली सप्लाई रुक गई। भीषण गर्मी के चलते क्षेत्र में बिजली सप्लाई का रुक जाना उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत बन गया। 11 हजार लाइन के भी दो दर्जन से अधिक खंबे टेढ़े हो गए या फिर टूट गए।

अधिशासी अभियंता होरीलाल ने बताया कि सुबह खंबे टूट गए थे। जिसकी जानकारी होने के बाद इसको पुनः ठीक करने की तैयारी शुरू कर दी गई। लगातार कर्मचारी कार्य में लगे रहे। नए खंबे लाकर लगाए गए। तेज धूप में कार्य होने के बाद रात्रि 8 बजे से 10 बजे के बीच बिजली सुचारु होने की उम्मीद जताई। क्षेत्रीय लोगों का अपना आंकड़ा है कि जब तक लोकसभा चुनाव की सर गर्मी रही बिजली सप्लाई ठीक-ठाक चलती रही।

चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संपूर्ण गंगा पार क्षेत्र की बिजली धराशाई हो गई और इस उमस भरी गर्मी में लोगों को पसीने पसीने कर दिया। क्षेत्र के रहने वाले लोग रामप्रसाद बांकेलाल राम बिहारी प्रेमपाल दिवाकर प्रसाद बेचेलाल रामवीर होते लाल दीनदयाल प्रखर दिनेश राजेश आदि लोगों ने बताया कि बिजली की लाइन अधिक लंबी होने के कारण आए दिन खराब हो जाती है। अगर इस लाइन को सही तरीके से चलाना है तो फिर बिजली कर्मचारियों व अधिकारियों को आपस में मिलकर इस विद्युत लाइन की दूरी को कम करना होगा और ऐसे में एक बड़ा पावर हाउस राजेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनाना अति आवश्यक होगा। इसके उपरांत गंगा पार क्षेत्र की विद्युत सप्लाई सुचारु की जा सकेगी।

उरई (जालौन)। जालौन गरौठा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के पांच बार सांसद रहे भानु प्रताप सिंह वर्मा की शिकस्त ने भारतीय जनता पार्टी की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। भानु प्रताप सिंह वर्मा की निष्क्रियता, पार्टी के अंदर जारी भयंकर गुटबाजी तथा शीर्ष स्तर के नेताओं का अहंकार पार्टी की पराजय का प्रथम दृष्टि में कारण दिखाई देता है। बुंदेलखंड अभी तक भारतीय जनता पार्टी का गढ़ बन चुका था। पूर्व में यह बहुजन समाज पार्टी का गढ़ हुआ करता था। बीच के समय में जब उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार आई थी तब समाजवादी पार्टी ने बुंदेलखंड में थोड़ी बहुत पैठ बनाई थी। परंतु मोदी युग के आगमन के साथ बुंदेलखंड भारतीय जनता पार्टी का सुरक्षितगढ़ बन चुका था। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में यह गढ़ 75 प्रतिशत तक ढ़ह चुका है। बुंदेलखंड की चार सीटों में झांसी छोड़कर बाकी तीन सीटों जालौन, हमीरपुर व बांदा भारतीय जनता पार्टी हार चुकी है। इस हारने भारतीय जनता पार्टी की स्थानीय स्तर की संगठनात्मक कमजोरियों को सतह पर ला दिया है। एक समय लोकसभा चुनाव की घोषणा के समय जालौन गरौठा सीट के सिटिंग सांसद व केंद्र में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त भानु प्रताप वर्मा अजेय स्थिति में दिखाई दे रहे थे। परंतु जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा उनका चुनाव नीचे चला गया। मतदान के दिन तो खुलेआम उनके विरुद्ध स्वर सुनाई दे रहे थे। यह स्थिति अचानक नहीं आ गई। भानु प्रताप वर्मा को भाजपा ने पांच बार संसद जाने का मौका दिया। परंतु उनकी निष्क्रियता सदैव उन पर भारी रही। विगत कार्यकाल में निष्क्रियता के साथ-साथ उनके इर्द-गिर्द बना आभामंडल उनके इस चुनाव में हार का प्रमुख कारण बना।भानु प्रताप वर्मा अपनी जीत के प्रति इस हद तक आश्वस्त थे कि उन्होंने पूरे क्षेत्र में कहीं भी प्रत्याशी बनकर वोट नहीं मांगे। वह जहां भी जाते थे वहां कुछ प्रमुख लोगों के यहां बैठकर चाय नाश्ता कर वापस लौट जाते थे। भारतीय जनता पार्टी के जनपद में जनप्रतिनिधियों में अहंकार कूट-कूट कर भर चुका है कि उनके चाटुकार ही पार्टी है। उन चाटुकारों को ही उन्होंने संगठन एवं मुख्य कार्यकर्ता मान लिया है। परिणामस्वरूप मूल कार्यकर्ता असहाय हो निष्क्रिय होकर बेबस हो गया है। एक पुराने कार्यकर्ता ने बताया कि वर्ष 2014 में जब हम 100 लोगों को बुलाते थे तब बैठक में 20 लोग आते थे।2017 आते-आते 100

## नीट की परीक्षा में कृतिका वर्मा ने लहराया परचम



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** पीलीभीत के बाके बिहारी कॉलोनी निवासी रश्मी वर्मा और दुर्गा चरण की बेटी कृतिका वर्मा ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। उन्होंने बेन हर पब्लिक स्कूल से कक्षा 10 की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत और कक्षा 12 की परीक्षा में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा, उन्होंने नीट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और उल्लेखनीय 677 अंक हासिल किए। कृतिका की कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें देश के शीर्ष कलाकारों में जगह दिलाई है, और उनके परिवार और समुदाय को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है।

## आईटीएम विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** एचइंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर मे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार पूरा विश्व 50वां विश्व पर्यावरण दिवस मना रहा हैं। इस बार पर्यावरण दिवस का मुख्य विषय भूमि पुनर्स्थापन, सूखा लचीलापन और मरुस्थलीकरण प्रगति में तेजी लाना है। इस अवसर पर फार्मेसी के निदेशक डॉ पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ आर एल श्रीवास्तव, डॉ ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आशुतोष पाण्डेय, आशुतोष राव,श्वेता सिंह, दीप्ति ओझा,डॉ अलका श्रीवास्तव, डॉ सरिता गुप्ता, शालिनी सिंह, शशि प्रकाश राय, प्रदीप कुमार चौधरी, अनुराग श्रीवास्तव, सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## जालौन में सपा की जीत : नारायण दास अहिरवार ने भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह को हराया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** में नारायण दास अहिरवार ने भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह को हरा दिया है। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा पर लगातार बढ़त बनाये हुए थे। हार के बाद बाहर निकले केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने बसपा प्रत्याशी को वोट न मिलना हार का कारण बताया। बहुजन समाज पार्टी का वोट सपा में ट्रांसफर होना बताया। उन्होंने कहा, अगर बसपा प्रत्याशी वोट ले पाते तो जीत सुनिश्चित थी। जालौन में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी नारायण दास अहिरवार ने केंद्रीय राज्य मंत्री भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा को 50 हजार से अधिक मतों से हराकर दूसरी बार जिले में समाजवादी पार्टी को जीत दिलाई है। 2009 के बाद यह दूसरा मौका है, जब समाजवादी पार्टी को कामयाबी मिली है। हार के बाद बाहर निकले केंद्रीय राज्य मंत्री भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने कहा कि उनकी हर का मुख्य कारण बहुजन समाज पार्टी का वोट न मिलना है। यदि बहुजन समाज पार्टी को वोट मिल जाता तो उन्हें जीत हासिल होती। वहीं जब केंद्रीय राज्य मंत्रियों के हारने पर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि यही कारण रहा कि पूरे प्रदेश में हार हुई है। वहीं अंदरूनी कलह पर केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि जालौन में किसी प्रकार की अंदरूनी कलह नहीं थी। सभी लोगों ने एकजुट होकर मेहनत की है। सिर्फ बसपा का वोट बैंक समाजवादी पार्टी को ट्रांसफर हो गया। जो मूल वोट बसपा का था, वह बसपा को नहीं मिला इसी कारण हार हुई है।

## गृह क्लेश में पति-पत्नी ने खाया जहर, दोनों की मौत

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जनपद के ग्राम पपड़ी मिल्किया में गृह क्लेश से परेशान पति-पत्नी ने सल्फास खा ली, जिससे पति-पत्नी की हालत बिगड़ गई, परिजनों ने आनन फानन में गंभीर हालत में दोनों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने पत्नी को मृत घोषित कर दिया, मृतक का पांच माह की गर्भवती थी, प्राथमिक उपचार के बाद पति की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया, इसके बाद पति को गंभीर हालत में जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टर ने उसे सैफई के लिए रेफर कर दिया, सैफई ले जाते समय पति की भी मौत हो गई। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पपड़ी मिल्किया निवासी अजय जाटव पुत्र प्रेमपाल उम्र 24 साल की शादी 5 महीने पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर महमूद निवासी सुरेश की 23 वर्षीय पुत्री उपासना के साथ हुई थी। उपासना गर्भवती भी थी मंगलवार की रात को पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिस पर देर रात दम्पति ने सल्फास खा लिया। सल्फास खा लेने से दोनों की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद अजय को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

## माल की जांच एव बुकिंग तथा डिलिवरी के संबंध में रेल मंत्रालय ने जारी किए निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। प्रान्त बाहर से रेल के माध्यम से लाए जाने वाले माल की जांच एवं माल की बुकिंग तथा डिलीवरी के सम्बन्ध में रेलवे बोर्ड,रेल मंत्रालय द्वारा सर्कुलर जारी करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं,जिसके परिप्रेक्ष्य में आयुक्त,राज्य कर, उ0 प्र0 मिनिस्ती एस0 द्वारा राज्य कर,विभाग के अधिकारियों को उक्त सर्कुलर में दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु रेलवे अथॉरिटी एवं जीएसटी विभाग के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए करापवंचन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए कहा गया है। उक्त के कम में लखनऊ जोन प्रथम के अपर आयुक्त ग्रेड-1 श्री कैलाश नारायण एवं अपर आयुक्त ग्रेड-2 (वि0अनु0शा0) श्री डी0पी0 सिंह द्वारा श्री राहुल,सीनियर डी0सी0एम0,उत्तर रेलवे लखनऊ के मध्य दिनांक 05.06.2024 को मीटिंग हुई, जिसमें रेलवे पार्सल के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया तथा उक्त मीटिंग में रेलवे बोर्ड के द्वारा जारी सर्कुलर में दिये गये निर्देशों को पूर्णतः लागू करने का आश्वासन दिया गया तथा जीएसटी के करापवंचन में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही में जीएसटी विभाग को सहयोग करने एवं सूचनाओं का आदान-प्रदान करने पर सहमति प्रदान की गयी।

# पौधे पर्यावरण संरक्षण के साथ बढ़ते तापमान को रोकने में मददगार: बंसल

अवधनामा ब्यूरो



- पौधें जीवन के लिए उपयोगी जलवायु प्रदान करने में सहायक
- पौधे लगाने के साथ ही उनकी देखभाल भी करें
- रोपित पौधों की मनाएं सालगिरह : ऋतु सुहास

लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर प्रदेश के नगरीय निकाय निदेशालय के निदेशक और अपर निदेशक ने नीम, अनार, अमरूद और आम का पौधा रोपित कर उनके संरक्षण की भी अपील की,इस अवसर पर निदेशक नितिन बंसल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस हमें पर्यावरण संरक्षण और पृथ्वी के बढ़ते तापमान को संतुलित करने के लिए पौधरोपण के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने कहा कि आगे वाली पीढ़ी को सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देने का कार्य आज की वर्तमान पीढ़ी द्वारा किया जाना बहुत आवश्यक है। प्रदेश सरकार द्वारा वन और पर्यावरण संरक्षण की जो मुहिम चलाई जा रही है,उसमें हम सब पौधरोपण करके अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं,उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण के संरक्षण की भी शपथ दिलायी। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने से ही काम नहीं चलेगा,बल्कि उनकी देखभाल भी जरूरी है। पौधों का पूर्ण संरक्षण आवश्यक है,तभी वे हम सभी के लिए उपयोगी साबित होंगे और हम भी स्वस्थ्य रहेंगे साथ ही प्रकृति को ग्लोबल वार्मिंग से बचाने का संकल्प भी लिया। अपर निदेशक ऋतु सुहास ने कहा कि पौधरोपण के साथ उसका संरक्षण भी बहुत आवश्यक है,हम एकजुट होकर जिस प्रकार पौधरोपण करते हैं,उसी प्रकार हमें उसके रखरखाव पर भी पूरा ध्यान देना चाहिए,हमें अपने द्वारा लगाये गए पौधों की हर साल सालगिरह मनायी जानी चाहिये,जिससे नये पौधे लगाने के साथ ही रोपित पौधों को संरक्षित करने में भी सहायता मिलती है उन्होंने कहा कि प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से युक्त वातावरण में सकारात्मक बदलावों को लाने के लिए देश के नागरिक के रुप में किसी भी देश के युवा सबसे बड़ी उम्मीद है और प्रत्येक नागरिक को कम से एक पौधा अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए अपने जीवन में अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर सहायक निदेशक गिरीश द्विवेदी,सहायक निदेशक (लेखा) अखिल सिंह, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय की टीम एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# विकास खण्ड खुनियांव : पौधरोपण के बाद संरक्षण करना भी जरूरी

अवधनामा संवाददाता



पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है।
**बीडीओ**

इटवा सिद्धार्थनगर। जिसप्रकार शरीर को पोषण के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, ठीक उसी प्रकार पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधों की आवश्यकता होती है। पेड़-पौधे पर्यावरण की अशुद्धियों को सोख लेते हैं और हमें शुद्ध प्राणदायिनी वायु देते हैं। इसकी निरंतरता बनाए रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए। पेड़-पौधे लगाने के बाद उनका संरक्षण करना भी बहुत अनिवार्य है। यह कहना है विकास खण्ड खुनियांव के खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश गुप्ता का। उन्होंने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण करने का संकल्प भी लिया।

बीडीओ ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। इनसे पृथ्वी पर ऋतु चक्र बना रहता है। ऋतु चक्र को संतुलित बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना अनिवार्य है। हमें पौधे का पेड़ बनने तक बच्चों की तरह संरक्षण करना चाहिए। पौधा पेड़ बनकर हमें फल देता है। वहीं एक पेड़ सैकड़ों जिंदगियां बचाने में सक्षम होता है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अज्ञानता और स्वार्थ के चलते पेड़ों की कटाई कर देते हैं। इससे पर्यावरण को नुकसान होता है। पेड़-पौधे पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास हैं। मनुष्य द्वारा प्रकृति के साथ छेड़छाड़ करने से अनेकों पशु-पक्षियों की प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। वहीं पेड़ों की कटाई से पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। इसका असर पृथ्वी के प्रत्येक प्राणी पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए हमें आगे आना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। पर्यावरण के संरक्षण के लिए हमें अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर सचिव व अन्य ब्लाक कर्मी उपास्थित रहे।

# एनटीपीसी टांडा ने मनाया विश्व पर्यावरण दिवस



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा में विगत वर्षों की भाति इस वर्ष भी विश्व पर्यावरण दिवस 'भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता' की थीम पर विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। प्रातः परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए के चट्टोपाध्याय, सभी महाप्रबंधकगण, सभी विभागाध्यक्षगण एवं कर्मचारीगण, गरिमा महिला मंडल की सदस्याओं एवं ष्ट्ढस्स्न के जवानों द्वारा आवासीय परिसर स्थित सरयू घाट पर पर्यावरण शपथ लेकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात प्रभात फेरी के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सन्देश देते हुए राजकीय विद्युत परिषद इंटर कॉलेज में वृहद वृक्षारोपण किया गया।इस अवसर पर कर्मचारी विकास केंद्र में ग्राम प्रधानों को फलदार पौधो का वितरण किया गया । कार्यक्रम में टांडा परिवार के सदस्यों को सम्बोधित करते हुये श्री चट्टोपाध्याय ने पर्यावरण के महत्व पर चर्चा करते हुये कहा कि पृथ्वी पर मानव जीवन का अस्तित्व तभी तक सम्भव है जब तक हम अपने आसपास के प्राकृतिक संतुलन को बनाये रख पायेगें। मनुष्य और पेड़ पौधो के बीच जो नैसर्गिक सम्बन्ध है, उसका संतुलन कायम रखने का दायित्व मानव जाति के ऊपर है। उन्होंने कहा कि हमें पोलिथीन मुक्त कॉलोनी बनानी है।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

अमेठी अवधनामा संवाददाता।

जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट के संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर पटल सहायकों द्वारा किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं पटल सहायकों को पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव कार्यालय में साफ सफाई सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में सभी कर्मचारी निर्धारित समय से आए एवं शासकीय कार्यों को संपादित करें।

**सूचना**

मैं हुसैन तूसी पुत्र श्री मोहम्मद अतहर हुसैन निवासी 449/276/1 जी एलरोड मुफ्तीगंज लखनऊ घोषणा करता हूँ कि मेरी हाई स्कूल कि मार्कशीट और प्रमाणपत्र यूनिक आईडी 7516741 इंडेक्स नंबर 1224020/016 वर्ष 2021-22 आई सी एस ई बोर्ड यूनिटी कॉलेज कहीं खो गया है।

**हुसैन तूसी पुत्र श्री मोहम्मद अतहर हुसैन निवासी 449/276/1 जी एलरोड मुफ्तीगंज लखनऊ**

## आरडीएसओ में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। आरडीएसओ में दिनांक 05.06.2024 को विश्व पर्यावरण दिवस भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने की क्षमता थीम के तहत अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया। इस समारोह का उद्देश्य मरुस्थलीकरण और सूखे के बारे में जागरूकता बढ़ाना एवं मरुस्थलीकरण को रोकने और सूखे से उबरने के उपायों पर प्रकाश डालना था। इस अवसर पर आरडीएसओ में कई कार्यक्रम आयोजित किये गए। जनमानस के बीच जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आरडीएसओ द्वारा एक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। श्री अजय कुमार राणा, महानिदेशक, आरडीएसओ के नेतृत्व में आरडीएसओ परिसर के सेक्टर-सी स्थित हैप्पी पार्क में एक वृहद वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। श्री राणा ने पार्क में वृक्षारोपण किया। श्री एस. के. जैन, एडीजी/ आरडीएसओ, श्री संजय कुमार श्रीवास्तव, पीईडी/इन्फ्रा श्री विनीत द्विवेदी, कार्यकारी निदेशक/वित, डॉ. ज्योत्सना/ एसीएमएस, श्री विजय, कार्यकारी निदेशक/प्रशासन एवं आरडीएसओ के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे एवं उन्होंने भी वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया। विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में रेलवे बोर्ड द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में महानिदेशक श्री अजय कुमार राणा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए इसके अतिरिक्त श्री शरद कुमार जैन, अपर महानिदेशक/आरडीएसओ की अध्यक्षता में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में पर्यावरण संरक्षण की महत्ता के बारे में बताया एवं इसके लिए आरडीएसओ द्वारा की जा रही कुछ महत्वपूर्ण पहलों और कार्यों का भी उल्लेख किया। अतिथि वक्ता के रूप में श्री सुनील कुमार दुबे/अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/वन विभाग, लखनऊ ने मरुस्थलीकरण को रोकने और सूखे से उबरने के उपायों पर संक्षिप्त व्याख्यान प्रस्तुत किया।

# जनता व्यापारी किसान नौजवान देश में इंडिया गठबंधन की सरकार चाहती है: तेज नारायण पांडेय



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय व महानगर कमेटी व अयोध्या विधनसभा कमेटी ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी! पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन व समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने अयोध्या लोकसभा के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद को भारी मतों से मिली जीत पर उनको मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर जीत की बधाई दी इस मौके पर पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन ने कहा अयोध्या जैसे राम की नगरी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद का भारी अंतर से जितना यह दर्शाता है कि यहां की जनता व्यापारी किसान नौजवान सभी भाजपा के शासन से ऊब चुकी है और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार चाहती है उन्होंने इस मौके पर अयोध्या की देव तुल्य जनता को धन्यवाद देते हुए सभी को जीत की बधाई दी इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा अयोध्या लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद की जीत से अयोध्या की जनता में उमंग की लहर है उन्होंने इस मौके पर इंडिया गठबंधन के नेताओं सभी पदाधिकारी को जीत के लिए बधाई दी महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महानगर महासचिव हामीद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष श्री चंद यादव, प्रवक्ता राकेश यादव, एडवोकेट,अयोध्या विधानसभा अध्यक्ष रक्षा राम यादव, शमशेर यादव,महासचिव गोपीनाथ वर्मा, उपाध्यक्ष जगदीश यादव, प्रदेश सचिव राम अचल यादव, मोहम्मद हलीम पप्पू, जिला सचिव वसी हैदर गुड्डू, जाकिर हुसैन पाशा, उपाध्यक्ष आकिब खान, राहुल यादव पिंटू, महानगर सचिव वीरेंद्र गौतम, जगन्नाथ यादव, उदल यादव, अजय यादव, सूर्यभान यादव, अक्षत श्रीवास्तव, अरुण सिंह टोनी, राजनाथ यादव, पार्षद रशीद सलीम, विशाल पाल टिंकू, महेंद्र शुक्ला, जगत नारायण यादव, शाहबाज लकी आदि लोग मौजूद रहे।

# आने वाली पीढ़ी को बचाने के लिए पौधरोपण जरूर करें कुलपति



**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल सहित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने कौटिल्य प्रशासनिक भवन के समीप फाइकस पौधा रोपित किया। कुलपति ने बताया कि हमारी धरती सुन्दर बनी रहे इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक वृक्ष जरूर रोपित करना चाहिए। पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए वृक्ष की सुरक्षा के साथ उसके पोषण की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। इसके लिए सभी को संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि मनुष्य का अस्तित्व पर्यावरण के बिना संभव नही है। पांच तत्व पर्यावरण से ही संभव है। इसे प्रदूषित होने से बचाना होगा। आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखने एवं उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए एक वृक्ष लगाकर उसकी सुरक्षा की शपथ लेनी होगी। पौधारोपण कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, मुख्य नियंता प्रो0 एसएस मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, उप कुलसचिव दिनेश कुमार मौर्य, डॉ0 रंजन सिंह, इंजीनियर आशीष पटेल, शैलेश मिश्रा सहित अन्य ने पौधारोपण किया।

## महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण का हुआ आयोजन

**गोसाईगंज- अयोध्या।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्रामोदय आश्रम पीजी कालेज वीरसिंहपुर सया में बुधवार को प्राचार्य डा राकेश चंद्र तिवारी ने अन्य शिक्षकों के साथ पौध रोपित किया। प्राचार्य ने कहा कि पौधरोपण करके ही हम धरा को हरियाली से मंडित कर सकते हैं और पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं।पेड़ पौधों से ही हम शुध्द वायु प्राप्त कर सकते हैं। पौधरोपण करना ही बहादुरी नहीं है अपितु उससे ज्यादा आवश्यक उनकी देखभाल करना है। स्काउट प्रभारी डा राजेश तिवारी और एनसीसी प्रभारी डा हरीश सिंह ने कहा अब भी समय है सभी लोगों को सचेत हो जाना चाहिए और अधिक से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति के श्रृंगार में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए तथा अंधाधुंध वृक्षों की कटान पर अंकुश लगना चाहिए।इस अवसर पर स्काउट के छात्रों के साथ साथ कैडेट्स के छात्रों ने भी पौधरोपण किया। इस अवसर पर डा अनुपम पांडेय,डा नरेंद्र कुमार पांडेय,डा राजेश मिश्र, डा विनोद कुमार तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव,डा कालीसहाय पाठक,डा कमलेश श्रीवास्तव,विजय उपाध्याय, ऋषभ सिंह, अरुण उपाध्याय, कार्यालय अधीक्षक शिवशंकर मिश्र , दिनेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के 29 छात्र एनईईटी यूजी 2024 में शीर्ष स्कोरर बने



अयोध्या। परीक्षा तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अयोध्या से अपने 29 छात्रों की उत्कृष्ट उपलब्धि की घोषणा की, जिन्होंने प्रतिष्ठित एनईईटी यूजी 2024 परीक्षा में 600 और उससे अधिक अंक प्राप्त किए। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है। परिणाम राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। 700 अंक प्राप्त करने वाले उल्लेखनीय छात्र हैं आयुष्मान चौरसिया जिन्होंने 700 अंक प्राप्त करके ए आई आर 1,774 प्राप्त किया तथा युवराज सिंह ने 700 अंक प्राप्त करके ए आई आर 1,947 प्राप्त किया।

छात्रों ने एनईईटी की तैयारी के लिए एईएसएल के कक्षा कार्यक्रम में दाखिला लिया, जिसे व्यापक रूप से विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है। वे अपनी उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अवधारणाओं की अपनी गहन समझ और अनुशासित अध्ययन कार्यक्रम के सख्त पालन को देते हैं। ÷हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की है। लेकिन एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के बिना, हम कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझ पाते,÷ छात्रों ने कहा। छात्रों को इस असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच.आर. राव ने कहा, ÷हम छात्रों को उनकी अनुकरणीय उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं। देश भर से 20 लाख से अधिक छात्र एनईईटी 2024 के लिए उपस्थित हुए।

# तनुज पुनिया ने बिगाड़ा बसपा का सियासी समीकरण

**■ संगठन की कमजोरी और बाहरी प्रत्याशी का भी दिखा असर**




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिले में बढ़त बनाने की जगह हाथी फिसल गया। जी हाँ! बाराबंकी लोकसभा सीट पर दूसरे नंबर पर रहने वाली बसपा तीसरे स्थान पर पहुंच गई। मंगलवार को 18वीं लोकसभा चुनाव की सम्पन्न हुई मतगणना में बसपा तीसरे नंबर पर पहुंचकर अपनी जमानत भी नहीं बचा पाई। बताते चलें कि बाराबंकी लोकसभा सीट पर पिछले कई चुनावों से बसपा दूसरे नंबर की पार्टी रही है। मगर, इस बार बाराबंकी सीट पर बसपा का प्रदर्शन पिछले लोकसभा चुनावों से बेहद खराब रहा। बसपा ने बाहरी प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे को उतारा। संगठन की कमजोरी भी मूल वोट बैंक को संभाल कर नहीं रख सकी। पुराने कार्यकताओं की निष्क्रियता का भी असर दिखाई दिया। बसपा प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं का चुनाव प्रचार कुछ क्षेत्रों तक सीमित रहा। जिस वजह से बसपा प्रत्याशी तीसरे नंबर पर पहुंच गए। सूत्रों की माने तो बाराबंकी-53 संसदीय सीट पर राजनीतिक गणितज्ञों का इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार तनुज पुनिया के पक्ष में लगाया गया कयास सच साबित हुआ। यहां तमाम प्रयास के बाद भी दलितों, पिछड़ों व अति पिछड़ों का रूझान गठबंधन की ओर ही रहा। इसका सीधा लाभ इंडिया गठबंधन को मिला और तनुज पुनिया ने भारी मतों से जीत दर्ज की। चुनावी नतीजे इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि बसपा के वोट बैंक में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने सेंध लगा दी। इसका परिणाम यह रहा कि बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे महज 39177 वोट तक ही सिमट कर रह गए। भाजपा को जिले में पिछड़ों व अति पिछड़ों की हमदर्दी नहीं मिल सकी।

ऐसे में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं पोस्टल बैलेट में कर्मियों ने भी भाजपा से मुंह मोड़ लिया। मंगलवार को सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट की मतगणना शुरू हुई। इस मतगणना का परिणाम इंडिया गठबंधन की ओर नजर आया। यहां 2253 वोट में से 1399 मत कांग्रेस के तनुज पुनिया, भाजपा उम्मीदवार राजरानी रावत को 771 मत, जबकि सिर्फ 72 मत बसपा प्रत्याशी शिव कुमार दोहरे को मिले। इसके बाद हर राउंड में कांग्रेस के तनुज पुनिया को बढ़त मिली। चौतरफा वोटों की कांग्रेस के पक्ष में मिले मतों ने भाजपा को कभी आगे नहीं होने दिया, जिस जातीय गणित को लेकर भाजपा के राजनीतिज्ञ अपने पक्ष में वोट की बात करते थे, उन मतों में भी कांग्रेस ने सेंधमारी कर ली।

### कॉडर वोटर बसपा से नाराजः सरवर अली

जिले में जहां गठबंधन तेजी से चल रहा था वहीं बसपा द्वारा अकेले अपने दम पर चुनाव लड़ना आत्मघाती कदम के तौर देखा गया। बसपा अंत समय तक यह साफ नहीं कर पाई कि वह किन मुद्दों पर चुनाव लड़ रही है और वह किसके साथ है। इस बात से बसपा का कॉडर वोटर बेहद नाराज नजर आया। वरिष्ठ राजनेता एवं पूर्व विधायक सरवर अली बताते है कि कांशीराम ने यूपी की राजनीति में जातीय समीकरण का एक ऐसा कॉकटेल तैयार किया था, जिसमें दलितों, अति पिछड़ों के साथ मुसलमानों को भी अपने साथ जोड़ा। लेकिन मायावती की नीतियों से नाराज दलित, पिछड़े और मुसलमान नेताओं ने बसपा से धीरे-धीरे किनारा करना शुरू कर दिया। जिसका खामियाजा चुनाव दर चुनाव बसपा को भुगतना पड़ा। कभी कॉडर के रूप में पहचानी जाने वाली बसपा की स्थिति यह हो गई कि 18वीं लोकसभा के चुनाव में सभी मतदान केंद्रो पर उसके पास बस्ता लगाने वाले लोग तक नहीं बचें।

### दलितों की चेतना बन उभरे तनुज

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी जहां पीडीए के एजेंडे पर चली, वहीं बसपा अंत समय तक यह रणनीति नहीं बना पाई कि उसे सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर आगे बढ़ना है या दलित, पिछड़े और मुस्लिमों को साथ लेकर चलना है। बसपा यह भी साफ नहीं कर पाई कि वह भाजपा के खिलाफ चुनाव लड़ रही है या कांग्रेस सपा गठबंधन के खिलाफ। बहरहाल, बसपा को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा और विगत वर्षों चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के महज कुछ वोटों में सिमट कर रह गई। ऐसे में जिले की राजनीति में तनुज पुनिया की जीत के बाद दलितों में चेतना के उभार के तौर पर देखा जा रहा है।

# तत्काल टिकट काउण्डटर पर दलालों का बोलाबाला, रेलवे विभाग मौन

*अवधनामा संवाददाता*




**बाराबंकी।** शहर के रेलवे स्टेशन पर वर्तमान में तत्काल टिकट करवाना टेढ़ी खीर हो गया है। आपके पास अगर पकड़ या पावर नहीं तो यहां आम आदमी को कोई सुनवाई नहीं होती है। भीषण गर्मी में यात्रियों की संख्या जब से रेलवे स्टेशन पर बढ़ी है तब से लोग यहां की व्यवस्था देखकर यात्री अपनी यात्रा को पोस्टफोन करते हुए नज़र आ रहे हैं। वहीं ज्यादातर यात्रियों का कहना है कि यहां से तत्काल टिकट आसान नहीं है, अगर आपके पास पावर या पैसा है तो टिकट आसानी से हो जायेगा अगर नहीं तो आप रात भर काउन्टर पर खड़े रहेंगे लेकिन जब नम्बर आयेगा तो टिकट बुक हो चुके होंगे, और आपको बैरंग लौटना पड़ेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेलवे स्टेशन में धड़ल्ले से चल रहा दलालों का खेल, दिनांक 4 जून

को शाम 7 बजे से तत्काल टिकट की आस में जो रात भर टिकट खिड़की की लाइन में लगा रहा जब दूसरे दिन सुबह खड़े व्यक्ति 10 बजे तक इंतिजार कर रहा था जब तत्काल टिकट की साइड खुली तो उसी दौरान टिकट काउंटर पर बैठी महिला कर्मचारी ने टिकट केबिन में बैठे व्यक्ति द्वारा फार्म लेकर टिकट कर दिया लाइन में लगे व्यक्ति ने जब इसका विरोध किया तो टिकट काउंटर पर महिला कर्मचारी माया नामक द्वारा बताया गया अब तुम्हारा टिकट नहीं होगा, ज्यादा शोर करोगे तो जीआरपी बुलाकर पकड़कर बंद करवा देंगे। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में आने के बाद महिला कर्मचारी द्वारा व्यक्तिगत सोर्सेस पर टिकट करने का वादा कर व्यक्ति से दूसरा फॉर्म भरवाती है और टिकट करवाने के प्रयास में लग जाती है।

ह्यजिसके बाद टिकट कराने आये व्यक्ति गुंजन को समझा बुझाकर भेज दिया जाता है। हालांकि इनसब के बीच व्यक्ति द्वारा वीडियो भी बनाया जाता है वही अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अगर इसी तरह रेलवे के कर्मचारी चमत्कार करते रहेंगे तो आने वाले समय में लोग रेल से यात्रा करना ही छोड़ देंगे।

## नहर में गिरे अधेड़ का शव तीन दिन बाद हुआ बरामद

**महराजगंज।** देवरिया शाखा नहर में तीन दिन पूर्व सोमवार को गिरे सिंदुरिया थाना क्षेत्र के बसंतपुर खुर्द निवासी सुकई पुत्र हरिनारायण(55) का शव बुधवार को सबेरे पड़वनिया फाटक के पास नहर में उतराता हुआ पाया गया । स्थानीय पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकालकर जांच कर रही है ।क्षेत्र के बसंतपुर खुर्द निवासी सुकई विगत सोमवार को बसंतपुर खुर्द गांव के पश्चिम स्थित देवरिया शाखा नहर में शाम चार बजे अचानक गिर गए। ग्रामीणों ने घटना को देख शोर मचाया, लेकिन तब तक वह नहर के गहरे पानी में डूब चुके थे,घटना की सूचना ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व एनडीआरएफ की टीम ने दो दिनों तक नहर में सुकई का काफ़ी खोजबीन किया लेकिन उनका कही पता नहीं चल सका।

# शिवानी ने नीट परीक्षा पास करके दादा जी का सपना किया साकार, बधाईयों का तांता

*अवधनामा संवाददाता*

**कर्नलगंज, गोण्डा।** सफ़लता उन्हीं को मिलती है जिनके सपनों में जान होती है,पंख से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। कहते हैं की सपनो को साकार करने के लिए कठिन परिश्रम किया जाए तो मंज़िल मिल ही जाती है। उपरोक्त पंक्तियों को चरितार्थ कर दिखाया है, तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लाक अंतर्गत रेवारी (त्रिलोचनपुरवा) गांव निवासी अशोक कुमार सिंह की पौत्री शिवानी सिंह ने। गांव के एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर कड़ी मेहनत की बदौलत शिवानी ने नीट 2024 की परीक्षा में 720 में से 677 अंक लाकर परिवार ही नहीं बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। शिवानी के दादा जी का सपना है की उनकी पोती कॉर्डिक सर्जन बनकर गरीबों की सेवा करे और समाज व देश में परिवार का नाम रोशन करे। शिवानी



ने अपने दादा की मंशानुसार दिनों रात अथक परिश्रम कर नीट परीक्षा में कामयाबी हासिल कर जहां एक ओर स्वजनों के सपने को साकार किया है वहीं दूसरी ओर ग्रामीण अंचल की अन्य प्रतिभागियों को आगे बढ़ने का संदेश दिया है। शिवानी ने अपनी सफलता का श्रेय माता सुनीता सिंह और पिता डॉक्टर सुनील कुमार सिंह के साथ ही अपने गुरुजनों को दिया है। शिवानी की सफ़लता पर सगे संबंधियों,इष्ट मित्रों व क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं देकर उत्साह वर्धन किया।

### अज्ञात चोरो ने नगदी व जेवरात पर किया हाथ साफ

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत शाहपुर भक्तन गांव में स्थित घर में हुई चोरी में चोर हजारों रुपये की नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर चुराकर चंपत हो गए। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। गांव निवासी राममिलन पुत्र गयादीन बीती रात परिवार सहित घर के बगल स्थित हाते में सोया हुआ था। रात्रि किसी समय आए चोर घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़े और फिर जीने से उतर कर पिछला दरवाजा खोल दिया और घर में घुस गए और बक्सा उठाकर पड़ोस के खेत में ले जाकर ताला तोड़कर बक्से में रखी 15000 की नगदी के अलावा लगभग डेढ़ लाख रुपए कीमत के जेवर जिसमें झुमकी मंगलसूत्र पायजेब आदि शामिल थे चोर चुरा ले गए।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधा रोपित कर दिया धरा को हरा भरा रखने का संदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र हैदरगढ़ के अंतर्गत सदर नर्सरी पर बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी ने पेड़ पौधे के उपयोग व महत्व पर प्रकाश डाला और कहा की बिना पेड़ पौधे के मानव जीवन संभव नहीं है क्योंकि पेड़ पौधों से ही हमे अक्सीजन मिलती है इसके अलावा उसकी लकड़ी को ईंधन व अन्य जरूरतों के रूप में भी उपयोग किया जाता है आज मनुष्य अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए अपने पूर्वज के द्वारा तैयार किए गए हरे भरे पेड़ पौधे को बेचने में जरा सा भी संकोच नहीं करते हैं लेकिन उसकी जगह पर नया पेड़ पौधा लगाने की तरफ ध्यान नहीं जाता है और न ही इसके प्रति कोई दिलचस्पी रखते हैं यदि यही रवैया रहा और समय रहते ही पर्यावरण की तरफ ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाला समय हम सभी पीढ़ी के लिए नुकसान दायक बन सकता है। और जीवन संकट मय बन सकता है।यदि पर्यावरण को बचाना



है तो हरे भरे पेड़ की कटान पर अंकुश लगाने में वन विभाग के साथ साथ आप सभी लोग अपना सहयोग प्रदान करे और कम से कम एक पौधा जरूर लगाए ।उन्होंने आगे कहा पेड़ पौधे लगाने के साथ साथ सुरक्षा व बचाव हेतु उचित देखभाल रखना जरूरी है जिस तरह हम अपने पुत्र की देखभाल करते है ठीक उसी प्रकार से पेड़ पौधे की देखभाल करनी चाहिए।

इसी मौके पर वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी व वन दरोगा अनुज सिंह ने परिसर में विभिन्न प्रजाति के पेड़ भी रोपित किए और धरा को हरा भरा रखने का संदेश दिया गया। इस मौके पर रेंजर उमेश कुमार कनौजिया वन दरोगा अभय गौतम, सुमित यादव शैलेंद्र सिंह, रामविलास सिंह ,राहुल सहित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे।

## दादा अब्दुल्ला शाह मजार पर नातिया मुशायरा आयोजित

**जैदपुर बाराबंकी।** हजरत दादा अब्दुल्ला शाह के कुल के मौके पर शानदार नातिया मुशायरे का आयोजन? किया गया। जहां कस्बे के तमाम शोअराओं? ने अपना अपना कलाम पेश किया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को बाद नमाजे ईशा हजरत दादा अब्दुल्ला शाह के कुल के मौके पर जहां एक तरह लंगर का आयोजन किया गया। वहीं एक शानदार मुशायरे का आगाज तिलावते कलामे रब्बानी से कारी मुख्तार अहमद ने किया। निजामज नियाज़ साहब ने किया सदारत मेराज वारिश की मौजूदगी में मुशायरे में सब से पहले अरमान जैदपुरी ने कुछ इस तरह अपना कलाम पेश किया। खुल्द है ऐसे वफादार के पीछ पीछे।जो चला करते हैं सरकार के पीछे पीछे। इनके अलावा बसर जैदपुरी इब्ने वफ़ा, अशफाक, अफसार, राशिद आरफी, हाफिज मुबीन हिदायत जैदपुरी हाफिज इसराईल सहित तमाम शोअरा अपने अपने अंदाज में कलाम पेश करते रहे।

# भड़ास निकालने का साधन बना सोशल मिडिया, जमकर कर रहे पोस्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद क्षेत्रों में सन्नाटा फैला हुआ। जीते हुए प्रत्याशी पार्टी के आदेश निर्देश का इंतजार कर रहे है तो हारे हुए प्रत्याशी अपने परिजनों और समर्थकों के साथ हार का मंथन कर रहे हैं। लेकिन इनके अलावा एक ऐसा वर्ग भी है जो सोशल मीडिया पर अभी भी जंग लड़ रहा है और अपनी भड़ास सोशल मिडिया के माध्यम से निकाल रहा हैं। किसी भी चुनाव में हार और जीत एक सिक्के के पहलू है। जनता जिसको अपने लिए बेहतर मानती है उसको अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुनाव में जीत का ईनाम देती है और जिसको अपने नेता के रूप में स्वीकार नही करती उसको अपना मत नहीं देकर हार का स्वाद भी चखा देती हैं जिसको प्रत्याशी स्वीकार कर अपने हार और जीत के कारणों का विश्लेषण करते हैं। लेकिन राजनीतिक दलों के कुछ कार्यकर्ता और समर्थक सविधान द्वारा जनता के इस अधिकार को ना समझते हुए सोशल मीडिया पर अपनी गलतियों का मूल्यांकन ना कर जनता पर ही अपनी भड़ास निकालने लगते है जिससे कुछ मतदाता आहत होते है। जब चुनाव परिणाम आया है तभी से सोशल मिडिया पर संग्राम छिड़ा हुआ है। राजनीतिक दल के कार्यकर्ता एक दूसरे पर कीचड़ उछालते उछालते जनता पर भी कीचड़ उछालना शुरू कर दिए है। तरह तरह के स्लोगन अमर्यादित टिप्पणी कर वह एक तरह से ना सिर्फ अपने गलतियों पहचान पाते है बल्कि जनता के जूझ बुझ पर ही प्रश्नचिन्ह लगा दे रहे हैं। जनता को अपने लिए प्रतिनिधि चुनने का अधिकार संविधान द्वारा ही मिला है कि वह अपने पसंद का प्रतिनिधि मताधिकार का प्रयोग कर चुन सकता है जो उसका अधिकार है लेकिन सोशल मीडिया पर जनता के लिए अपमानजनक बातों का पोस्ट करना या उन्हें ट्रोल करना कई लोगों को परेशान करता हैं।

**वाट्स एप ग्रुप और फेसबुक बना हथियार**

सोशल मिडिया के प्लेटफार्म के रूप में व्हाट्सग्रुप और फेसबुक को कार्यकर्ता अपनी भड़ास निकालने के लिए एक प्रमुख साधन बना लिए हैं। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्टों से भरा पड़ा है जिसमें कार्यकर्ता बेलगाम होकर पोस्ट कर रहे है। इन सोशल ग्रुपों में आम जनता भी है जो ना किसी राजनीतिक दल का समर्थक है और ना ही कार्यकर्ता वह अपने जुझबुझ से बस अपने लिए एक जनप्रतिनिधि चुना है जो उसकी नजर में बेहतर होता है। लेकिन कार्यकर्ताओं और समर्थकों के उत्तेजक पोस्ट से आहत हो जा रहे हैं।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

*अवधनामा संवाददाता*

**चौक बाजार (महराजगंज)।** दिग्विजयनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज चौक बाजार महराजगंज में विश्व



पर्यावरण दिवस के अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा सौ से अधिक पौध का रोपण किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट शेषनाथ ने कहा कि आज हमारी धरती को वृक्षों की बहुत आवश्यकता है। यदि हमें पर्यावरण को सुरक्षित रखना है तो अधिकाधिक वृक्षों का रोपण जरूरी है। उन्होंने कहा कि वृक्ष हैं तभी हमारे सांसे हैं और तभी जन जीवन भी सामान्य रहेगा। आज ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में नित्य प्रति वृद्धि हो रही है इस वृद्धि को कम करने का सिर्फ और सिर्फ उपाय वृक्षारोपण ही है। वृक्ष लगाने जैसा पुण्य कार्य संसार में कोई नहीं है और कहा भी गया है एक वृक्ष दस पुत्र समान। उन्होंने कहा की पेड़ लगाए जीवन बचाएं। कैडेट्स अश्वनी शर्मा नीतिका पटेल राहुल विश्वकर्मा पर असर चौधरी अभय किशन संगम राहुल शर्मा सुमन संजीला सफिया अंजलि अभय सिंह परेश शर्मा अभिषेक मिश्रा अनु अशोक आदि उपस्थित रहे।

# थाना धानेपुर व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा 03 शातिर लूटेरो को किया गया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना धानेपुर व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0-165/24, धारा 392 भादवि थाना धानेपुर, 02. मु0अ0सं0-167/24, धारा 392 भादवि थाना को0देहात, 03. मु0अ0सं0-142/24, धारा 392 भादवि थाना नवाबगंज, 04. मु0अ0स0 135/24 धारा 341, 394, 504, 506 भादवि थाना मोतीगंज, 05. मु0अ0स0-153/24 धारा 379 भादवि थाना खरगूपुर का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर लूटेरो 01. सुमित कुमार तिवारी, 02. शौर्य कश्यप उर्फ हरसू, 03. फैज अहमद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट/चोरी के माल सहित 24000/- रूपये नगद, एप्पल कम्पनी का मोबाइल फोन, 02 अदद अवैध तमंचा व घटनाओं में प्रयुक्त मोटरसाइकिल(स्पलेण्डर प्लस) आदि



बरामद किया गया । दिनांक 02.06.2024 को थाना धानेपुर क्षेत्र के अन्तर्गत बन्दरमोडवा माधोगंज के पास मोटरसाइकिल सवार अज्ञात लुटेरों द्वारा मोबाइल फोन व आधार कार्ड के लूट की घटना कारित की गयी थी । जिसके संबंध में वादी मनोज पाण्डेय पुत्र स्व0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय निवासी रानीजोत पो0 विशम्भरपुर थाना धानेपुर जनपद गोण्डा की तहरीर पर थाना धानेपुर में मु0अ0सं0-165/24, धारा 392 भादवि बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। उक्त सूचना को संज्ञान में लेकर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस टीमों का गठन कर घटना के अनावरण हेतु प्र0नि0 धानेपुर सहित प्रभारी एस0ओ0जी0/सर्विलांस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिसमें आज दिनांक 05.06.2024 को थाना धानेपुर व एस0ओ0जी0/सर्विलांस की संयुक्त टीम द्वारा सुरागरसी-पतारसी व इलेक्ट्रनिक साक्ष्यों के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शतिर लूटेरें -01. सुमित कुमार तिवारी, 02. शौर्य कश्यप उर्फ हरसू 03. फैज अहमद को माधवगंज स्थित नैपुरिया मोड़ के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट/चोरी की विभिन्न घटनाओं से संबंधित माल सहित 24000/- रूपये नगद, एप्पल कम्पनी का मोबाइल फोन, 02 अदद अवैध तमंचा व घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटरसाइकिल, 04 अदद आधार कार्ड, 01 अदद पैन कार्ड, 01 अदद वोटर आईडी कार्ड, 01 अदद चाभी का गुच्छा आदि बरामद किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर व पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कैलेण्डर के अनुसार जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विरजेन्द्र कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस विषय पर विधिक साक्षरता शिविर तथा पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय रमेश चन्द्र-प्रथम एवं पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द राय तथा जनपद न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक अधिकारीगण, सिविल सिद्धार्थ बार के अध्यक्ष व महामंत्री व अन्य अधिवक्तागण तथा जनपद न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। विरजेन्द्र कुमार सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ÷विश्व पर्यावरण दिवस÷ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वृक्षों की उपयोगिता के सम्बंध में बताया गया तथा सभी से अपील की गई कि साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक वृक्ष लगाएं और उनका संरक्षण करें, जिससे हमे व आने वाली पीढ़ियाँ स्वच्छ वातावरण में स्वास्थ्यवर्धक साँस ले सकें। रमेश चन्द्र-प्रथम प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने कहा कि पर्यावरण जैसे जलवायु प्रदूषण या वृक्षों का कम होना मानव शरीर और स्वास्थ्य पर सीधा असर डालता है। अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने कहा कि मानव और पर्यावरण एक दूसरे पर निर्भर होते है। अतः वृक्षारोपण आवश्यक है। इसी क्रम में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/ पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर द्वारा प्रातः 9:30 बजे जजेज कालोनी व दोपहर 12 बजे जिला कारागार सिद्धार्थनगर में वृक्षारोपण किया गया, जिसमें अधीक्षक जिला कारागार, कारापाल, उपकारापाल तथा कारागार के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# इंटरमीडिएट की परीक्षा के साथ नीट में भी कामयाबी

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र के सथवा गाँव निवासी राष्ट्रीय सहारा के वरिष्ठ पत्रकार रामनरेश चौधरी के पाल्य अवनीश चौधरी ने प्रथम प्रयास में ही नीट परीक्षामें सफलता हासिल कर अपने परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अवनीश की सफलता पर परिवार के शुभचिन्तकों द्वारा बधाइयों का सिलसिला जारी है। ग्रामीण परिवेश में पले अवनीश ने हाई स्कूल की परीक्षा बस्ती स्थित युनिक सांइस एकेडमी से तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा इसी वर्ष कुर्थिया चौराहे के निकट रमवापुर गाँव स्थित सरदार पटेल राजमती देवी इंटर कालेज से सम्मानजनक अंकों से उतीर्ण कर 05 मई को आयोजित नीट की परीक्षा में सहभाग किया था। 04 जून को निकले रिजल्ट को देख परिजन प्रसन्न हो गए। विषम परिस्थितियों में घर के एक कोने में बैठ कर निरंतर दो वर्षो की कठिन साधना का प्रतिफल सामने था। अवनीश ने इंटर की परीक्षा के साथ नीट परीक्षा में टोटल 700 अंक के



सापेक्ष 665 अंक प्राप्त कर जो रिकार्ड बनाया वह ग्रामीण क्षेत्र के साधारण परिवार के बच्चों के लिए नजीर के समान है। अवनीश के बड़े भाई अभिषेक ने भी विगत वर्ष 2023 की इंटरमीडिएट की परीक्षा के साथ ही नीट परीक्षा में सफलता हासिल किया था। अभिषेक के ही मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम के बूते अवनीश ने इस कठिन परीक्षा में सम्मानजनक अंक हासिल कर क्षेत्र व जनपद का सम्मान बढाया है। अवनीश की इस बडी सफलता के समाचार से क्षेत्र के सम्मानित लोगों द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है। अवनीश का कहना है कि निर्धारित लक्ष्य को सच्चे मन से किये गए साधना के माध्यम से कोई भी हासिल कर सकता है। पेरेंट्स के दबाव से कामयाबी मिलने के चांसेस बहुत कम होते हैं।

# इंस्पेक्टर ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, बोले जरूर लगाये पौधे

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रभारी निरीक्षक इटवा संतोष कुमार तिवारी ने अपने अधीनस्थों के साथ मिलकर थाना परिसर में वृक्षारोपण करते हुए आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद सिद्धार्थनगर के इटवा थाना प्रभारी संतोष कुमार तिवारी ने उपनिरीक्षक एवं व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ थाना परिसर में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया।

इस दौरान विभिन्न प्रजाति के छाया एवं फलदार पौधे थाना परिसर में रोपे गए। पौधारोपण करने के बाद प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि वृक्षारोपण जहां हमें पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हैं। वही पौधे और वृक्ष हमारे घर और आसपास के इलाके की सुंदरता में भी अच्छा खासा इजाफा करते हैं। उन्होंने कहा है कि मौजूदा भागदौड़ के युग में इंसान को पर्यावरण संरक्षण की चिंता नहीं रह गई है। जिसके चलते धरती पर वृक्षों की संख्या लगातार कम होती जा रही है जिससे इंसान की जिंदगी यानी सांसे भी कम हो रही हैं। उन्होंने कहा है कि इंसान की जिंदगी के लिए साफ और स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है। जिसे वृक्षारोपण के माध्यम से ही



साफ और स्वच्छ रखा जा सकता है। उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिये आम जनमानस से जीवन में एक पौधा अवश्य लगाकर बड़े होने तक उसकी देखभाल करने का आह्वान किया। इस मौके पर थाने का समूचा स्टाफ मौजूद रहा।

## छापेमारी में 33 लीटर अवैध शराब बरामद

**अमेठी।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत बुधवार को आबकारी विभाग द्वारा ग्राम हंसा का पुरवा दयालापुर देवरसा एवं ब्रम्हणी में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान क्षेत्र 3 के थाना मुसाफिरखाना के अन्तर्गत ग्राम हंसा का पुरवा में कुल 33 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200 किलो ग्राम लहन मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही में 03 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया तथा ग्रामवासियों को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के टोल फ्री नम्बर अथवा संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई तथा रोड ढाबों की चेकिंग भी की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में बुद्ध वन बिहार पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सामाजिक वानिकी वन प्रभाग सिद्धार्थनगर द्वारा बुद्ध वन बिहार पार्क में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ।



जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि हम सभी को पर्यावरण स्वच्छता एवं संतुलन बनाए रखने हेतु सतत प्रयासरत रहना चाहिए। मानव सृष्टि का सर्वाधिक विकसित प्राणी है, मानव को संपूर्ण प्राणि जगत के अस्तित्व की सुरक्षा हेतु सतत रूप से जागरूक रहना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण हेतु खाली पड़ी जमीनों पर वृक्षारोपण और पौधों के संरक्षण, संवर्धन और विकास हेतु भी प्रयास करना चाहिए। उन्होंने जैव विविधता संरक्षण व गौरैया संरक्षण के साथ-साथ आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण में जोड़ने का आह्वान किया । जिलाधिकारी द्वारा बुद्ध वन विहार पार्क में स्थापित बुद्ध प्रतिमा पर माल्यार्पण कर लोगों को पर्यावरण शपथ भी दिलाया तथा पौधारोपण भी किया। मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षा हम सभी का नैतिक दायित्व है। हम सभी को पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण पर बल देना चाहिए। अतिथियों का स्वागत नोडल अधिकारी पर्यावरण /प्रभागीय वनाधिकारी पुष्प कुमार के ने किया। उन्होंने अतिथियों को स्मृति चिन्ह रूप में शोभाकार पौधे प्रदान किया । प्रभागीय वनाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि वन विभाग जनपद में पर्यावरण संरक्षण हेतु सतत रूप से प्रयासरत है। पर्यावरण हमारे जीवन का अभिन्न अंग है, उसके बिना प्राणिजगत के अस्तित्व की कल्पना व्यर्थ है। उपप्रभागीय वनाधिकारी वीना तिवारी ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन दाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि पंकज सिद्धार्थ द्वारा पर्यावरण गीत से हुआ। कार्यक्रम का संचालन व आभार ज्ञापन सिद्धार्थ शंकर पांडे ने किया। उक्त अवसर पर अमरनाथ सिंह क्षेत्रीय वन अधिकारी नौगढ़, मोहम्मद इलियास खान क्षेत्रीय वन अधिकारी इटवा, अजय कुमार शुक्ला क्षेत्रीय वन अधिकारी डुमरियागंज, सुशील कुमार क्षेत्रीय वन अधिकारी खेसरहा, शिव कुमार गुप्ता क्षेत्रीय वन अधिकारी बासी व उनके समस्त स्टाफ व क्षेत्रीय नागरिक, स्कूली बच्चे व सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि गण राणा प्रताप सिंह, श्रीधर पांडे, ए एफ सिद्दीकी, पूर्व प्राचार्य प्रो केपी त्रिपाठी, शिक्षक एसपी त्रिपाठी, टीम सेव एनवायरनमेंट के फाउंडर आरिफ सिद्दीकी, इनवेटर अभिषेक कुमार चौधरी व एस एस बी के जवान समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## पांच वर्षीय मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नं 10 में मंगलवार देर शाम करीब नौ बजे पांच वर्षीय दलित मासूम के साथ उसी के सामने मोहल्ले वार्ड नं 15 के रहने वाले एक वर्ग विशेष के युवक ने दुष्कर्म किया। मासूम का रक्तस्त्राव होते देख परिजनों में हाहाकार मच गया। पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

वहीं मामले की सूचना मिलते ही पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह थाने पर पहुंचे। मामले को सुनकर काफी लोग थाना परिसर में पहुंच गए और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की। जबकि कुछ ही देर में एसपी प्राची सिंह ने डुमरियागंज थाने में पहुंचकर, मामले की पूरी जानकारी ली। और मुकदमा पंजीकृत कराने के साथ ही आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इस संबंध में सीओ अखिलेश वर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वही एसपी प्राची सिंह ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि 3 घंटे के भीतर ही अभियुक्त आरिफ को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पौधरोपण



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधों को रोपित किया गया। इस दौरान प्राचार्य नीरज शुक्ल ने बच्चों को बताया कि आज विश्व पर्यावरण दिवस है।

यह दिन हर साल 5 जून को मनाया जाता है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रकृति से जुड़ी समस्याओं के बारे में जागरुक किया जा सके और इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जा सके। इस वर्ष का विश्व पर्यावरण दिवस अभियान हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन पर केंद्रित है। प्राचार्य ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस की शुरुआत संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 1972 में की थी। पहला विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, 1974 को आयोजित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर भोपाल सहित प्रदेश भर में पौधारोपण, साफ-सफाई और जन जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के शिक्षक राधा बल्लभ मिश्र, शिवनन्दन यादव एवं सिन्हा सर की मौजूदगी में सम्पन्न हुआ।

# मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर

## मुख्यमंत्री के 52वें जन्मदिवस पर 52 यूनिट रक्त लोगों ने किया दान

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस के मौके पर प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उ0प्र0 व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में शाहपुर स्थित हिन्दू भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्यमंत्री के 52वें जन्मदिवस पर 52 लोगों के द्वारा रक्तदान किया गया। सुबह 8 बजे से सायं 4 बजे तक चले शिविर में कुल 52 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में कुल 52 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा 11 लोगों में ऐच्छिक रक्त दान के लिए पंजीकरण कराया। कार्यक्रम के आरंभ मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान, विशिष्ट अतिथि सदर विधायक श्यामधनी राही सहित उपस्थित सम्मानितजनों ने 11 पाउंड का केक काटकर व एक दूसरे को लड्डू खिलाकर बधाई देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु होने की कामना किया। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कन्हैया पासवान ने बताया कि रक्तदान से कई अनमोल जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य के लिए युवाओं के साथ हम सभी को अपनी



### रक्तदान करने वालों का किया उत्साहवर्धन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मुख्य उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के 52 वें जन्मदिवस पर शाहपुर हिन्दू भवन पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान करवाने आए लैब टेक्नीशियन लक्ष्मी कांत पाण्डेय, प्रिंस पाण्डेय, रविंद्र कुमार, नीलू कुमारी, रीता दिवाकर, लैब असिस्टेंट मनीष राय, ब्लड बैंक इंचार्ज रंजीत कुमार, डॉ. राघवेन्द्र वर्मा, स्टाफ नर्स अमित कश्यप आदि ने रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को जूस, फल व बिस्किट आदि देते हुए उत्साहवर्धन कर धन्यवाद ज्ञापित किया। वही कार्यक्रम के अंत में पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रक्त दान करने वाले रक्तवीरों व रक्तदान करवाने आए अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रभु श्रीराम के मंदिर का मोमेंटो भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि डुमरियागंज में पूर्व विधायक द्वारा किए गए विकास कार्यो देखकर एक सुखद अनुभव होता हैं। इस मौके पर राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने रक्तवीरों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि रक्तदान करना सभी के लिए प्रेरणादायक और सराहनीय हैं।

उन्होंने सभी रक्तदाताओं का अभिनन्दन किया जिन्होंने अपना रक्त लोगों के सहयोग में दान किया। उन्होंने बताया कि रक्त एक बेशकीमती संसाधन है क्योंकि कृत्रिम तरीके से या सिंथेटिक रूप ब्लड बनाया नहीं जा

- **मुख्यमंत्री योगी के जन्मदिवस पर 11 पाउंड का केक काटकर भाजपाइयों ने प्रेरणा दिवस के रूप मनाया**

सकता, इसे सिर्फ डोनेट करके ही जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा सकता इसलिए ब्लड डोनेशन बेहद जरूरी है। रक्तदाताओं द्वारा किया गया रक्तदान किसी को जीवनदान दे सकता है। सदर विधायक श्यामधनी राही ने सभी रक्तवीरों का उत्साहवर्धन करते हुए बताया कि यह बहुत ही नेक कार्य है और युवाओं सहित समाज के सभी लोगों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान रमन सिंह, शिव कुमार दुबे, प्रविंद उर्फ डंपू पाण्डेय, पत्रकार राकेश यादव, सद्दाम खान, गणेश अग्रहरि, सुधांसु अग्रहरि, कांस्टेबल अवध बिहारी सिंह, रवींद्र शर्मा आदि सहित 52 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर डॉ दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, नीरजमणि त्रिपाठी, रमेशधर द्विवेदी, पप्पू श्रीवास्तव, प्रेम नारायण दुबे, श्याम पाठक, संजय मिश्रा, प्रेम पांडे, धर्मेश पांडे आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# डाक्टरी की पढ़ाई के बाद आईएएस बनना लक्ष्य: श्रद्धा गुप्ता



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नीट 2024 की परीक्षा में अपने पहले प्रयास में ही श्रद्धा गुप्ता ने 614 अंक हासिल कर अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का मान बढ़या है। श्रद्धा का लक्ष्य डाक्टरी की पढ़ाई के बाद आईएएस बनना है। डुमरियागंज नगर पंचायत के हबीबुल्लानगर की रहने वाली श्रद्धा गुप्ता ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने परिवार के साथ ही कोचिंग के टीचरों को दी है। श्रद्धा ने बताया कि सुबह 5 बजे उठकर तीन घंटा पढ़ाई करती थी। नाश्ता और खाना के बाद 11 बजे कोचिंग जाती थी। जहां से वापस 2 बजे रुम पर आती थी, फिर 3:30 बजे लाइब्रेरी जाकर वहां रात 8 बजे तक पढती थी। फिर रुम पर आकर खाना खाकर रात 9:30 से जब तक नींद नहीं आती पढ़ाई करती थी। श्रद्धा गुप्ता हाल ही में इंटरमीडिएट सीबीएसई की परीक्षा में 94 .2 प्रतिशत अंक हासिल की है। श्रद्धा ने कहा बोर्ड एक्जाम के साथ नीट की परीक्षा पास करना उसके लिए चुनौती था। जिस पर उसने विजय हासिल की। उनका सपना डाक्टरी की पढ़ाई के बाद आईएएस बनना है।

### शीराज़ रिज़्वी ने 662 अंक लाकर नीट में सफलता हासिल की

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भारत के सबसे बड़े मेडिकल संस्थान नीट में हल्लौर के अलमदार हुसैन उर्फ आलम हल्लौरी के पुत्र शीराज़ रिज़्वी ने कठिन परिश्रम कर परचम लहराया। शीराज़ रिज़्वी ने ये उपलब्धि अपने कठिन परिश्रम के द्वारा अर्जित की है, शीराज़ ने बीते दिनों नीट की परीक्षा दी थी, जिसका परिणाम घोषित हुआ है, शीराज़ रिज़्वी का नीट की परीक्षा में 720 अंकों में से 662 अंक सही है, जिसके चलते इनका चयन नीट में हुआ है। शीराज़ रिज़्वी को इस बड़ी परीक्षा में चयनित होने पर हल्लौर ग्रामवासियों ने बधाईयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शीराज़ रिज़्वी की कक्षा चतुर्थ तक की पढ़ाई सेंट थॉमस हल्लौर में हुई है, वही आगे की पढ़ाई लखनऊ में हुई है। वह डॉक्टर बन कर लोगों की सेवा करना चाहते है।




## धरती पर जीवन बचाने के लिए लगाएं पेड़ : बीडीओ



**इटवा सिद्धार्थनगर एजाज़ सिद्दीक़ी।** इंसान व पर्यावरण के बीच एक गहरा संबंध है। इसके बिना धरती पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। अगर पर्यावरण सुरक्षित है तो हमारा जीवन भी सुरक्षित है। इसलिए पेड़ पौधे अवश्य लगाएं और अपने आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित रखें तथा पर्यावरण के प्रति उन्हें जागरूक करें। उक्त बातें खण्ड विकास अधिकारी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ उतना ही जरूरी है जितना भोजन। बीडीओ राजकुमार ने कहा कि दुनिया में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण जीवन खतरे में है। एडीओ पंचायत ब्रिजेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अगर जीवन को धरती पर सुरक्षित रखना है तो पर्यावरण की शुद्धता जरूरी है। पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूकता फैलाने की भी आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि पेड़ लगाएं धरती पर जीवन बचाएं। सचिव मो0 जावेद खां, आपरेटर संदीप गुप्ता, सुमित श्रीवास्तव, आफताब, रामप्रकाश, सुदामा प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

## नीट की परीक्षा में आयुष ने लहराया परचम



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बे के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रेम चंद्र जायसवाल के बेटे आयुष जायसवाल ने अपने पहले प्रयास में नीट की परीक्षा में 720 में 650 अंक प्राप्त कर अपने पिता व जनपद का नाम रोशन किया है। इस सफलता का श्रेय आयुष ने अपने माता गुरुजन व बड़े भाई आशीष जायसवाल को दिया है। उनके इस सफलता से नगर में खुशी का माहौल है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर जेल में हुआ वृक्षारोपण



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर जिला कारागार में पौधारोपण के साथ ही बंदियों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया गया।जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग ने बताया कि कारागार परिसर में नीम, आम, अमरूद, कटहल, अनार और नींबू आदि के 55 पौधे रोपे गए। पर्यावरण को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए सभी को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। हमारे पास प्राकृतिक संसाधन हैं, क्योंकि हमारी पिछली पीढ़ियों ने इन संसाधनों की रक्षा की। हमें पिछली पीढ़ी से प्रेरणा लेते हुए आने वाली पीढ़ियों के लिए संसाधन जुटाना चाहिए। इस मौके पर जेल की महिला बंदियों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। जेलर गिरजा शंकर यादव ने कहा कि कारागार में बंद विचाराधीन व सजायाफ्ता कैदी पर्यावरण संरक्षण के कार्य से जुड़कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि जेल परिसर व आसपास के क्षेत्र में लगाए गए पौधों की सुरक्षा की भी जिम्मेदारी हमारी है। पौधे जब पेड़ बनकर हमारे सामने होंगे तब उनसे हमें कितना लाभ पहुंचेगा। इसका अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। पेड़ ही धरती को हरा-भरा रखते हैं और भरपूर बारिश को अपनी ओर खींचते हैं।

## पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बस्ती।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर विकास क्षेत्र के चंगेरवा यादव पुरवा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्सापक अनिल कुमार के नेतृत्व में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आसपास की छात्र छात्रायें मौजूद रहीं। प्रधानाध्यापक अनिल कुमार ने कहा पर्यावरण का चुनौतियों का मुकाबला पूरी दुनिया कर रही हैं। आम आदमी को भी इस वैश्विक समस्या का समाधान मालूम है। किन्तु इच्छाशक्ति महज कागजों और सोशल मीडिया पर ही दिखती है। अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण किया जाये तो एक व्यक्ति अपने जीवन में 60 से 70 पौधों को विशाल वृक्ष बनते देख सकता है। सहायक अध्यापक सुखराम यादव ने कहा हमे अपने हिस्से का पर्यावरण स्वयं शुद्ध करना चाहिये। हर व्यक्ति यह जिम्मेदारी ले तो समस्या का समाधान हो सकता है।

## पीएमश्री विद्यालय मुसहा में हुआ पौधरोपण



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** गौर विकास क्षेत्र के पीएमश्री प्राथमिक विद्यालय मुसहा में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधरोपण किया गया। प्रधानाध्यापक रामसजन यादव ने कहा मिले जुले प्रयासों से पर्यावरण की चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह अपने हिस्से का पर्यावरण शुद्ध रखने का संकल्प ले। बडे पैमाने पर सडकों के निर्माण, औद्योगीकरण के चलते पेड़ों की संख्या लगातार कम हो रही है। यही कारण है कि लोगों को प्रचण्ड गर्मी और ठंड का सामना करना पड़ रहा है। रामसजन यादव ने कहा विद्यालयों के परिसर सुरक्षित हैं, परिषदीय विद्यालयों में पौधरोपण कर आसपास का पर्यावरण शुद्ध किया जा सकता है। इस अवसर पर लौंग व छोटी इलायची के पौधे लगाये गये। फूलचंद यादव, रामहित, जगदीश कुमार, रामसुन्दर, रामबचन आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों व अभिभावकों ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राथमिक विद्यालय नवानगर में शिक्षकों एवं अभिभावकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया। शिक्षिका डॉ स्नेहलता ने पौधारोपण के बाद कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई एवं बढ़ते प्रदूषण के चलते पर्यावरण दूषित होता जा रहा है।

हमें पौधारोपण करने के साथ पौधों की देखभाल अवश्य करना चाहिए। उधर बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्राचार्य प्रो.परेशकुमार पांडेय के नेतृत्व में



वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्र -छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.पांडेय जी ने कहा कि अपनी धरती के संरक्षण के लिए हमें एक -एक पौधा रोपने का संकल्प लेने के साथ देश के प्रत्येक नागरिक को इस अभियान में शामिल होकर पर्यावरण को संरक्षित करना होगा। इस अवसर पर निवर्तमान प्राचार्य प्रो. के मिश्र, उपप्राचार्य प्रो. पवन कुमार गुप्त, डॉ. चंद्रकेश कुमार, डॉ. पवन दूबे, राम अचल यादव, डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव, डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, वीरेन्द्र कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, डॉ, राजित राम यादव, अखिलेश पांडेय, डॉ. सुधीर पांडेय, डॉ. साजेदा सिद्दीकी, पूजा कुमारी, दीप्ति पटेल तथा अतुल चौधरी, आत्मा चौधरी, आशीष शर्मा, वरुण तिवारी, विपिन कुमार, डॉ अमित त्रिपाठी, आकाश गुप्ता, वीरेन्द्र मौर्य, अरुण कुमार एवं छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

# ट्रम्प का ट्रम्प काम नहीं आया

ताश के खेल में ट्रम्प का पत्ता सबसे बड़ा पत्ता माना जाता है। जब ताश के खिलाड़ी के पास चाल के लिये कोई पत्ता नहीं रहता तो वह ट्रम्प कार्ड चलकर जीत हासिल कर लेता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनल ट्रम्प जो मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में प्रत्याशी है। न्यूयार्क में 6 हफ्तों की सुनवाई के बाद जूरी ने उन्हें पार्न स्टार स्टार्मी डेनियल के पैसे देकर चुप कराने और बिजनेस रेकार्ड में हेराफेरी के मामले मे जूरी ने दोषी माना। सजा पर फैसला 11 जुलाई को होगा। चुनाव में हिस्सा लेने पर रोक नहीं है। अमरिका में हर स्टेट के अपने नियम कानून अलग अलग है।

ट्रम्प को सभी 34 केसों 4 साल की सज़ा हो सकती है। जुर्माना अदा करने पर जेल की सज़ा से छूट पाई जा सकती है। जेल जाने के बाद भी राष्ट्रपति चुनाव लड़ सकेगे। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के लिये 35 साल की उम्र, अमेरिकी नागरिकता, या 14 साल से अमेरिका में रहना योग्यता मानी जाती है। अपराधिक रेकार्ड खराब होना राष्ट्रपति पद के लिये अयोग्यता नहीं मानी जाती है। ट्रम्प अपराध में दोषी पाये गये पहले अमेरिकी राष्ट्रपति होगे।

ट्रम्प ने सज़ा पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा यह शर्मनाक है, भ्रष्ट सुनवाई हुई है। अपने देश, अपने संविधान के लिये लड़ रहा हूॅ। उनके कारनामो को देखते हुये हास्यस्पद बयान लगता है। उनके प्रति सहानुभूति नहीं नफ्रत पनपती है। कोर्ट 6 सप्ताह में 22 गवाहों को सुना। गवाहों में पार्न स्टार स्टार्मी डेनियल भी थी। 2018 में सीबीएन न्यूज चैनल के एक कार्यक्रम में डेनियल ने कहा था। उन्हें चुप रहने के लिये एक लाख तीस हजार डालर दिया गया। 2018 में ट्रम्प के अटार्नी माइकल कोहन ने बयान दिया कि उन्होंने डेनियल को अपने फ्न्ड से रूपये दिये थे। 2016 में ट्रम्प राष्ट्रपति चुने गये थे। उन पर लगाये गये सभी 34 केस राष्ट्रपति चुने जाने के पहले के है। किसी राष्ट्रपति के खिलाफअपराधिक केस चलाने का अमेरिकी इतिहास में यह पहली घटना है। ट्रम्प को विवादों में रहना पसन्द है। वह दुनियां के अमीरो की लिस्ट में पहली कतार में है। धन की शान वह अपने लिये विवाद चुन कर दिखाते रहते है। पैसे पर उन्हें अथाह विश्वास है। वह किसी को भी खरीद सकते है और अपने पक्ष में मोड़ सकते है ऐसा उनका विश्वास है। ट्रम्प रंगीन मिजाजी अपने दौलत की शान समझते है। उनको गलतफ्हमी है कि उनके दौलत और सुन्दरियों के जोड़े को लोग पसन्द करते है। उनके रंगीन मिजाजी का जिक्र उनकी एक सौतेली लड़की ने अपनी किताब में भी किया है। वह जब किसी सुन्दरी को प्रयोज करते है तो कहते है तुम्हारा हुस्न और मेरा पैसा हमें और तुम्हें लोगो के आंखों का तारा बना देता है। इस तरह के कामों में लिप्त रहते है। सुन्दरियां भी जानती है जितना लूट सको लूट लो अलग तो होना ही है। ट्रम्प चुनाव जीतकर जेल से भी शासन चला सकते है। शायद केजरीवाल इसी से प्रेरित है। अब देखना है अमेरिकी जनता चुनाव के माध्यम से ट्रम्प के बारे में क्या प्रतिक्रिया देती है। सजा का फैसला 11 जुलाई को आयेगा। सब कोई इन्तजार है। ट्रम्प गम गलत करने में लगे होगे। महान लोकतन्त्र अमेरिका नेता अलोकतान्त्रिक बाते कर रहा है। कोर्ट को धमका रहा है। अगर मुझे कैद हुई तो क्रान्ती हो जायेगी। अब जानता बतायेगी क्या हो सकता है।

# शेखचिल्ली वाले मंसूबे राहुल के



के. विक्रम राव

मुख्यमंत्री के पुत्र को एक फिल्मी भाजपाई अभिनेत्री (कंगना रानावत) ने मंडी से पराजित कर दिया। राजस्थान में 10 साल से पेशेवर जादूगर अशोक गहलोत सीएम रहे। उनके 25 में से केवल 8 जीते। असम में 14 में केवल तीन कांग्रेसी पाये। भारत सरकार बनाने वाले राहुल की पार्टी एक चौथाई लोकसभाई क्षेत्र में ही सिकुड़ गई। ताड़ के पेड़ पर चढ़ने चले थे। खजूर पर अटक गए। पश्चिम बंगाल में 42 में से कांग्रेस सिर्फ एक ही जीत पाई। मगर यहां के बरहरामपुर लोकसभा क्षेत्र में लोकसभा में नेता कांग्रेस विपक्ष के बड़बोले अधीर रंजन चौधरी को ममता बनर्जी ने गच्चा दे दिया। सुदूर बड़ौदा से क्रिकेटर यूसुफ पठान को बंगाल आयात कर ममता ने अधीर बाबू के सामने खड़ा कर दिया। कांग्रेस नेता पराजित हो गए। जब कि इंडिया गठजोड़ के ही दोनों ही साथ हैं। केरल में ही इंडिया के खास अंग है मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और भाकपा। दोनों राहुल गांधी से मिन्नतें करते रह गए। गठबंधन धर्म का पालन करें और भाकपा राष्ट्रीय सचिव डी. राजा की पत्नी डी. राजा के विरोध में प्रत्याशी न बनें। रायबरेली में ही रहें। राहुल ने गठबंधन के साथी भाकपा की महिला को हरा दिया। इंडिया के दोनों घटक टकरा गए। ऐसा गठबंधन पार्टी मुखिया, दलित नेता 81-वर्षीय मापन्ना मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र रत्न राधाकृष्ण दोड्डुमणि खुद कांग्रेस-शासित कर्नाटक में सत्ताइस हजार वोटो से पराजित हो गए। सरकार बनाने को उतावले कांग्रेस प्रमुख अपने लकतेजिगर को संसद नहीं पहुंचा पाए। बड़बोले शशि थरूर (जो खड़गे के विरोध में पार्टी मुखिया का चुनाव लड़े थे) सागरतटीय तिरुअनंतपुरम से मात्र पंद्रह हजार वोटो से सिसकते हुए जीते। कांग्रेस के दबंग सचिव और सोनिया-राहुल के संग हर फोटो में नजर आने वाले के.सी. वेणुगोपाल ने इंडिया गठबंधन के घटक माकपा के एम.थम. आरिफ़ को केरल में शिकस्त दी। दो हमगठबंधन वाले हैं।

लोकसभा की 543 सीटों में 272 चाहिए बहुमत हेतु। कांग्रेस की 99 सीटें हैं, अर्थात 173 कम। उनके इंडी गठबंधन के पास 235 हैं, 37 कम। फिर भी कांग्रेस ने सरकार बनाने का दावा ठोकने का ऐलान कर दिया। उधर भाजपा अपने 240 सांसदों और उसके राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के करीब 290 हैं। बहुमत से अधिक। सीधा गणित है कि राष्टपति किसका दावा मानें ? पर राहुल हैं कि पिले पड़े हैं प्रधानमंत्री बनने के लिए। आगे बढ़ें। घटना 1999 वाली याद करें। उनकी अम्मा सोनिया गांधी ने भी सरकार बनाने के दावे के साथ प्रतिबद्ध राष्टपति दलित के.आर. नारायण को लंबी समर्थकों की सूची भेजी थी।

प्रधानमंत्री की शपथ की तैयारी हो गई थी। रोम से राहुल की नानी और अन्य कुनबा 10 जनपथ आ पहुंचे थे। तभी अखिलेश यादव के स्वर्गीय पिताश्री मुलायम सिंह यादव ने अपने दल का समर्थन देने से इंकार कर दिया। सोनिया का सत्ता वाला सपना चूर-चूर हो गया। फिर भी राहुल को वह हादसा याद नहीं रहा। क्या विद्रूप है कि आज उन्हीं लोहियावादी का बेटा सोनियापुत्र के साथ हैं। एक तत्व पर और गौर करें। कांग्रेस के कभी गढ़ रहे क्षेत्र राजधानी दिल्ली, कश्मीर, आंध्र-प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, अरुणाचल, त्रिपुरा, सिक्किम आदि में कांग्रेस का नामलेवा कोई नहीं मिला। सूपड़ा साफ हो गया। जहां कांग्रेस का राज रहा गत वर्षो तक वहां क्या दशा थी ? मसलन यूपी के 80 में से मात्र छः मिले। हिमाचल में पूर्व कांग्रेसी

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

# परिणामों ने लौटाई एमपी में मोहन की मुस्कान



हर्षवर्धन पाण्डे

**मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में डॉ. मोहन यादव को शुरू में भले ही 'डार्क हॉर्स' नहीं माना जा रहा था लेकिन इस लोकसभा चुनाव में जिस मेहनत और संकल्प शक्ति के बूते उन्होंने पूरे देश में स्टार प्रचारक बनकर एक नया सन्देश पूरे देश में दिया है और जिस तरह के मध्यप्रदेश में परिणाम सामने आये हैं, उससे साफ़ दिख रहा है कि कोई अब उन्हें 'हल्के' में लेने की भूल नहीं करेगा। लोकसभा चुनाव 2024 के इस बड़े लोकतंत्र के महायज्ञ में डॉ. मोहन यादव ने एक सामान्य कार्यकर्ता बनकर इस लोकसभा चुनाव के जरिये अपनी लकीर बड़ी करने की कोशिश भी है। खास बात यह है कि डॉ. मोहन यादव इस लोकसभा चुनावों के जरिये न केवल मध्यप्रदेश बल्कि देश की राजनीती में अब स्थापित होते नजर आ रहे हैं।**

मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव के मुख्यमंत्री रहते पहली बार सूबे में भाजपा ने क्लीन स्वीप किया है। देश के हृदय प्रदेश में ऐसा मोहन युग में ही पहली बार संभव हुआ है। सबसे खास बात ये है मध्यप्रदेश में कमलनाथ का अभेद किला छिंदवाड़ा भी इस मोहन युग में ढह गया है। एक उपचुनाव जिसमें सुंदरलाल पटवा को जीत मिली थी अगर उसको छोड़ दिया जाए तो ऐसा पहली बार हुआ है मध्यप्रदेश भाजपा छिंदवाड़ा लोकसभा सीट अपनी झोली में लाने में कामयाब हुई है। छिंदवाड़ा की जीत के बाद मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव लोकसभा चुनावों की अपनी पहली अग्निपरीक्षा में पूरी तरह से पास हो गए हैं।

17 वर्ष तक मध्यप्रदेश की कमान सँभालते हुए शिवराज सिंह चौहान ने अपनी खुद की %मामा% वाली राजनीति से अपना अलग नरेटिव गढ़ने की पुरजोर कोशिश की लेकिन वे भी कभी मुख्यमंत्री रहते छिंदवाड़ा सीट फतह करने में कामयाब नहीं हो पाए। कई बरसों से प्रदेश के मुखिया रहने के चलते उनके प्रति आम जनमानस में एक निरंकुशता का भाव पिछले विधानसभा चुनावों में हार के बाद से बन गया था। यही नहीं शिवराज के कार्यकाल में प्रशासनिक तंत्र जनता से हर दिन दूर होता गया।



नए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सामने भी वही चुनौतियां थीं, जो किसी भी नए मुख्यमंत्री के सामने होती है। उन्हें तय करना था कि वो शिवराज सरकार की छाया और प्रशासनिक तंत्र से बाहर निकलकर नई पिच पर कैसी बैटिंग करते हैं लेकिन डॉ. मोहन यादव की बेहतर सोच, सरकार , संगठन और संघ से बेहतर तालमेल, मोदी की गारंटी को क्रियान्वित करने का जूनून, बेलगाम नौकरशाही में धमक, नई बसाहट के साथ काम करने के विजन एक सहारे इस लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता का दिल जीतने की कोशिश की है। इस दृष्टि से इतना तो कहा ही जा सकता है कि सीएम डॉ.मोहन यादव ने कम समय में अपने इस स्लॉग ओवर की गुगली से कांग्रेस के पसीने ही छुड़ा दिए हैं। इस बात के प्रमाण कमलनाथ के अभेद किले पर जीत के साथ ही मध्यप्रदेश की सभी सीटों पर कमल खिलने से दिखाई दे रही है। कमलनाथ के मजबूत गढ़ में कमल खिलाने के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव ने छिंदवाड़ा में 10 दिन डेरा डाला और यहां केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के रोड शो और मोदी की गारंटी से माहौल बदलकर उसे भाजपा का मजबूत किला बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। चुनावों के ऐलान से पहले ही नाथ परिवार की विरासत रही छिंदवाड़ा सीट पर कांग्रेस के मजबूत कार्यकर्ताओं और नेताओं को भाजपा में शामिल कराने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ाये। मध्यप्रदेश के इतिहास में मोहन युग में ऐसा पहली बार हुआ जब प्रदेश में आचार संहिता लागू होने के बाद भी कई दिग्गज नेता और कांग्रेस कार्यकर्ता छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। छिंदवाड़ा जिले की सभी सात विधानसभा सीटों में पिछले दो चुनावों से कांग्रेस का एकछत्र राज रहा लेकिन कमलनाथ के करीबी पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना और उनके बेटे ने नाथ का साथ छोड़ दिया और भाजपा में शामिल हो गए। यही नहीं हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता इस मोहन युग में भाजपा में शामिल हो गए। इस साल की शुरुआत से ही हर दिन कोई न कोई नेता, कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़ता हुआ नजर आया और कमलनाथ अपनी ही पार्टी में अलग थलग नजर आए। कमलनाथ ने लोकसभा चुनावों के दौर में भी भावनात्मक कार्ड खेलने की भरपूर कोशिश की लेकिन दांव भी जनता की अदालत में कारगर साबित नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री मोहन यादव के बेहतर माइक्रो मैनेजमेंट ने प्रभावी बढ़त बनाते हुए कमलनाथ के कई समर्थकों को भाजपा में लाने में काफी हद तक कामयाब रहे और इसका असर प्रदेश की हर संसदीय सीट में देखने को मिला। चुनाव जीतने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह के साथ बैठकर मोहन ने न केवल कारगर रणनीति की बनाई बल्कि खुद की नई लीक पर सामान्य कार्यकर्ता बनकर चले। कांग्रेस के नेताओं के भाजपा में शामिल होने से भाजपा के रूठे नाराज नेता कार्यकर्ताओं को भरोसे में लेकर बेहतर डैमेज कंट्रोल भी किया। बूथ मैनेजमेंट से निपटने के लिए भाजपा के संगठन के साथ बेहतर बूथ प्रबंधन पर अपना पूरा फोकस किया। भाजपा संगठन, कैडर से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं में नए जोश का संचार किया। मुख्यमंत्री यादव प्रदेश के जिस इलाके में गये वहां जनता की भारी भीड़ ने उनके सामने भरोसा दिलाया कि पिछले लोकसभा चुनावों की इस लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का फैसला तो प्रदेश की जनता पहले ही कर चुके हैं।हर जगह मुख्यमंत्री यादव के रोड शो और चुनावी रैलियों में उमड़ी भीड़ उनकी अपार लोकप्रियता की गवाही दे रही थी। इस लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कन्धों पर मध्यप्रदेश के साथ ही पूरे देश में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने की भी बड़ी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रही जिसे उन्होंने बखूबी निभाया।

# ग्राम समुदाय की सहभागिता से संभव है पर्यावरण संरक्षण



दिलीप बीदावत

"दुनिया भर में पर्यावरण एक अहम मुद्दा बनता जा रहा है। यह वह मुद्दा है जिस पर क्रियान्वयन कम और संपूर्ण सृष्टि पर इसका प्रभाव अधिक नजर आ रहा है. थार का पर्यावरण भी अति संवेदनशील है। जरा सी नकारात्मक छेड़छाड़ अथवा सकारात्मक पहल का प्रभाव बड़ा होता है. विकास के संदर्भ में पिछले दो दशकों में यहां बहुत कुछ बदला है। थार में तेल की धार और क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने की अपार संभावनाओं के कारण पर्यावरण का मुद्दा अंतिम पायदान पर चला गया है, वर्ना तो पीढ़ियों से यहां की आजीविका, जीवनशैली, सामाजिक परंपराओं और सांस्कृतिक पर्वों में पर्यावरण को प्रमुखता से देखा जाता रहा है. यहां के पारंपरिक जल स्रोतों, जैसलमेर की खड़ीनों (पारंपरिक खेती का एक स्वरूप) और बेरियों (वर्षा जल को संरक्षित करने का एक माध्यम) के इर्द गिर्द विकसित किया गया।

विकास के नाम पर पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ ने एक ओर जहां यहां के पारिस्थितिक तंत्र को तोड़ा है वहीं समुदाय और ग्राम पंचायत की सहभागिता से इसे पुनः ठीक करने के प्रयास भी हो रहे हैं. इसमें पिछले तीन दशकों से भी अधिक समय से स्थानीय स्तर पर काम कर रही गैर सरकारी संस्था उरमूल ट्रस्ट बीकानेर की बड़ी भूमिका है जो भारतीय स्टेट बैंक फाउंडेशन के सीएसआर फंड के उपयोग से थार के मरुस्थलीय पर्यावरण के मामले में विशेष पहल कर रहा है. इसमें एक्शन आधारित टिकाऊ और अनुकरणीय पर्यावरण जागरूकता संबंधी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल है।

दरअसल हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भले ही बुनियादी ढ़ाचे विकसित न हों, लेकिन यहां के लोगों के अनुभव अवैज्ञानिक और अतार्किक नहीं होते हैं. उनमें विकास के प्रति जागरूकता दिखती है. उनकी आवाज सीमित जरूरतों और टिकाऊ पर्यावरण से संदर्भित होती है. ग्रामीण आधारभूत सुविधाओं की कमी के बावजूद सहभागिता के माध्यम से अपने स्तर पर



पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं. स्वच्छता अभियान समुदाय आधारित वेस्ट मैनेजमेंट का एक अनूठा मॉडल ग्राम पंचायत एवं समुदाय की सहभागिता से सफल हो रहा है. जैसलमेर के अलग अलग पंचायतों स्थित गाँव मोकला, ब्रह्मसर, जेठवाई और लानेला का सूखा व गीला कचरा घर-घर से एकत्रित किया जाता है तथा डंपिंग सेंटर जैसलमेर में पहुंचाने का काम नियमित रूप से किया जा रहा है। इस संबंध में उरमूल ट्रस्ट के सचिव रमेश सारण बताते हैं कि ग्राम पंचायत व ग्रामीण समुदाय की प्रबंधन व्यवस्था में संचालित यह कार्यक्रम पूर्णतः सतत और टिकाऊ है. संस्थान की तरफ से इन गाँव में वेस्ट कलेक्शन के लिए ई-रिक्शा उपलब्ध कराया गया है. परियोजना समाप्ति के बाद यह संसाधन ग्राम पंचायत को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे जो ग्राम स्वच्छता अभियान को नई दिशा प्रदान करेंगे.÷ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की सरकारी वैकल्पिक व्यवस्थाओं के बावजूद सत्तर से अस्सी प्रतिशत पेयजल पूर्ति समुदाय द्वारा निर्मित पारंपरिक जल स्रोतों से होती है. यही पारंपरिक जल स्रोत यहां की जैव विविधता, पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख केंद्र हैं। समुदाय की सहभागिता से तीन गांवों में चार तालाबों का जीर्णोद्धार किया गया है. इनमें मोकला और ब्रह्मसर में एक एक और जेठवाई में दो तालाबों का निर्माण किया गया है. इन तालाबों की खुदाई का कार्य महात्मा गांधी नरेगा से होता है लेकिन कैचमेंट क्षेत्र (जलग्रहण क्षेत्र) को ठीक करने का नियोजन नहीं है. ग्रामीणों के अनुसार इन तालाबों में पानी की आवक क्षमता बढ़ाने के लिए कैचमेंट को ठीक करने, आवक चैनलों को दुरुस्त करने की जरूरत है. जैसलमेर के गांव जैठवाई, भादासर व मोकला में चार तालाबों के कैचमेंट क्षेत्र का समतलीकरण और आवक चैनलों की सफाई का कार्य होने से जल स्रोतों में पानी भराव की क्षमता डेढ़ गुना बढ़ गई है। इस संबंध में जेठवाई गांव के मोहन कुमार और मोकला के दुलतसिंह बताते हैं कि पहले इन तालाबों में केवल सात से आठ माह पानी रहता था. अब हमें पशुओं व जंगली जीव-जंतुओं के लिए सालों भर पानी उपलब्ध होता है. यह काम होने से हम जल स्वावलंबी हो गए हैं.÷ वह बताते हैं कि पहले हमें चार महीने बाहर से पानी के टैंकर मंगवाने पड़ते थे. इससे एक परिवार का प्रतिमाह दो से तीन हजार रु. पानी पर ही खर्च हो जाता था, जो अब बचने लगा है. गांव के करीब 11 गरीब परिवारों के घरों में पेयजल क्षमता बढ़ाने के लिए टांकों (अंडरग्राउंड टैंक) का निर्माण किया गया है और उन्हें छत से जोड़ा गया है ताकि वर्षा का पानी सीधे वहां पहुंच सके। पारंपरिक खड़ीन के माध्यम से प्राकृतिक खेती जैसलमेर की खास पहचान है. इसमें दूर ढलानी मगरों (चट्टानी भू-भाग) से बहकर आए पानी को मिट्टी का बांध बनाकर रोका जाता है और फिर जब वह पानी ज़मीन के अंदर चली जाती है तो उस पर खेती का काम शुरू किया जाता है. रबी सीजन में इस प्राकृतिक माध्यम से गेहूं और चना की फसल उगाने की परंपरा उस जमाने से ली जा रही है जब हरित क्रांति का जन्म भी नहीं हुआ था और देश में खाद्यान्न का संकट था. इसमें सामूहिक खेती को प्राथमिकता दी जाती रही है. जैसलमेर के ब्रह्मसर व रूपसी गांव के लोगों ने बताया कि लगभग 100 परिवारों की दो हजार बीघा जमीन पारंपरिक खड़ीन के माध्यम से होती थी लेकिन जीर्णोद्धार नहीं होने से इसमें पानी कम रुकता था जिससे पैदावार घट गई. जिसके बाद कार्य के अनुसार मिट्टी के बांध की हाइट बढ़ाने का कार्य हुआ। खड़ीन के माध्यम से खेती करने वाले किसान प्रकाष राम बरमसर ने बताया कि वर्षो से पानी के साथ बह कर आई मिट्टी जमा होने और मिट्टी के बांध की हाइट कम होने से पानी कम रुकता था. बांध की हाइट बढ़ाने से 100 परिवारों के पिछले साल रबी की फसल अच्छी हुई है. खड़ीनें खेती के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण का पमुख केंद्र भी रही है. देसी जीव-जंतुओं व पक्षियों के अतिरिक्त साइबेरियन क्रेन एवं प्रवासी पक्षी इन खड़ीनों में डेरा डालते हैं तथा यहां के इक्को सिस्टम को मजबूती प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त जन-वन एवं विद्यालयों में किचन गार्डन न केवल नवीन गतिविधियां है बल्कि आज के संदर्भ में जरूरी भी है जिनको बढ़ावा दिया जाना चाहिए. उरमूल ट्रस्ट जैसलमेर के कार्यकारी पंकज कुमार बताते हैं, जन-वन के तहत ब्रह्मसर गांव में ग्राम पंचायत के सहयोग से सार्वजनिक भूमि पर दो सौ नीम, खेजड़ी, पीपल, कैर, कूमटा जेसे स्थानीय पौधे लगाए गए हैं जिनकी देखभाल ग्राम पंचायत व गांव के लोग करते हैं. परियोजना की तरफ से एक बार फैन्सिंग व पौधे उपलब्ध कराने का सहयोग किया गया है.

# अमेठी चुनाव परिणामः अहंकार के मुंह पर तमांचा



निर्मल रानी

**18 वीं लोकसभा के लिये जनादेश 2024 आ चुका है। ताज़ा सूचनाओं के अनुसार नरेंद्र मोदी सरकार मंत्रिमंडल के जिन 52 केंद्रीय मंत्रियों ने लोकसभा चुनाव का चुनाव लड़ा था चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार उन 52 केंद्रीय मंत्रियों में से 20 मंत्री चुनाव हार गए हैं। पराजित मंत्रियों में एक नाम केंद्रीय महिला एवं बल विकास मंत्री एवं अमेठी से सांसद रही स्मृति ईरानी का भी है। पूरे देश की नज़र अमेठी संसदीय क्षेत्र पर थी क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव में इसी सीट से स्मृति ईरानी ने ही कांग्रेस नेता राहुल गाँधी को लगभग 55 हज़ार मतों से पराजित कर अपना क़द ऊँचा किया था। और 2019 की इसी अमेठी विजय के साथ ही उनका बड़बोलापन व अहंकार चौथे आसमान पर पहुँच गया था। हालांकि बाद में राहुल वायनाड से सांसद बनकर पुनः संसद में पहुँच गये थे। परन्तु 2019 की अमेठी फ़तेह से उत्साहित स्मृति ईरानी स्वयं को राहुल गाँधी को न केवल बार बार चुनौती देते बल्कि कई बार उन्हें व उनके परिवार को भी अपने झूठ व अहंकार पूर्ण शब्दों से अपमानित करती सुनाई दीं।**

2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी की नज़रें अमेठी सीट पर इसलिये भी टिकी थीं कि देखें इस बार कांग्रेस अमेठी से राहुल गाँधी को पुनः चुनाव मैदान में उतारकर 2019 जैसी चुनावी टक्कर को दोहराती है या नहीं। परन्तु इस बार राहुल गांधी ने जहां अमेठी के साथ लगती अपने परिवार की पुश्तैनी व पारंपरिक सीट रायबरेली से चुनाव लड़ा वहीँ अमेठी से स्मृति ईरानी के मुक़ाबले अपने 40 वर्षों के पारिवारिक विश्वासपात्र तथा अमेठी व रायबरेली में राजीव गाँधी से लेकर सोनिया गांधी तक के सहयोगी,कांग्रेस नेता किशोरी लाल शर्मा को चुनाव मैदान में उतारकर पूरे देश को हैरत में डाल दिया।

चुनाव प्रचार के शुरूआती दौर में लोग यही समझ रहे थे कि कांग्रेस ने स्मृति ईरानी के सामने किशोरी लाल शर्मा को यही सोचकर मैदान में उतारा है कि यदि वे हार भी गये तो कम से कम कांग्रेस को वह अपमान नहीं सहना पड़ेगा जो राहुल को अमेठी से पुनः लड़वाने व संभवतः पुनः पराजित होने से सहना पड़ेगा। परन्तु अमेठी के मतदाताओं ने तो हर क़ीमत पर स्मृति ईरानी के ग़ुरूर व घमंड को चकनाचूर करने के साथ ही 2019 में राहुल गाँधी को यहाँ से हराने के लिये पश्चात्ताप करने के लिये कमर कस ली थी। यह स्मृति ईरानी ही थीं जिनकी सिफ़ारिश पर 18 सितंबर 2023 उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने अमेठी के मुंशीगंज इलाक़े में स्थित संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल का लाइसेंस निलंबित कर दिया था और वहां की ओपीडी और आपातकालीन सेवाएं बंद कर दी थीं। इस अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के लिये बहाना यह ढूँढा गया था कि यहाँ ऑपरेशन के बाद एक



महिला मरीज़ की मौत हो गयी थी। पूरे देश के निजी व सरकारी अस्पतालों में ऐसी अनगिनत मौतें रोज़ होती रहती हैं। क्या किसी अस्पताल का लाइसेंस इस तरह के कारणों से निलंबित किया जाता है ? परन्तु चूँकि यह अस्पताल गाँधी परिवार द्वारा स्थापित व संचालित था और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की अध्यक्षता वाले संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा चलाया जाता था इसलिये द्वेष वश इसे बंद करवा दिया गया। परिणामस्वरूप अमेठी क्षेत्र की जनता इतनी परेशान हुई कि अस्पताल के बाहर तमाम स्थानीय लोगों ने धरना दिया व हड़ताल की। आख़िरकार इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ द्वारा संजय गांधी अस्पताल के लाइसेंस को निलंबित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश पर रोक लगायी गयी। तब क्षेत्र की जनता को राहत मिली। स्मृति ईरानी के कहने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अमेठी ज़िला इकाई ने उसी समय यह मांग भी की थी कि संजय गांधी मेमोरियल ट्रस्ट का प्रबंधन मेनका गांधी और उनके बेटे वरुण गांधी को सौंप दिया जाए जो उस समय क्रमशः सुल्तानपुर और पीलीभीत से भाजपा सांसद थे। इस मांग से भी यह स्पष्ट था कि स्मृति ईरानी को इस अस्पताल में सोनिया गांधी की दखलअंदाज़ी सहन नहीं थी। इसी तरह ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के अन्तर्गत जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में दैनिक भास्कर के एक पत्रकार द्वारा एक सवाल किये जाने पर भड़क गयीं और उस ग़रीब स्ट्रिंगर पत्रकार को नौकरी से निकलवा दिया। पूरे देश में उनकी इस धमकी का वीडिओ भी वायरल हुआ था। जहाँ तक महिला बल विकास मंत्री होने का सवाल है तो संसद में मणिपुर में महिलाओं को नग्न घुमाने की चर्चा करने मात्र से वे इतनी आग बबूला हुई थीं कि उसकी तुलना कांग्रेस शासित राज्यों की घटनाओं से करते हुये गला फाड़ कर चीख़ने लगीं। यह भी पूरे देश ने देखा। देश का गौरव, विश्वस्तरीय पदक विजेता महिला पहलवानों का एक भाजपा सांसद द्वारा शारीरिक रूप से अपमान किये जाने के विषय पर भी उनके मुंह में मट्ठा जमा रहा। इसी 2024 के चुनाव प्रचार के दौरान वे मध्य प्रदेश की एक सभा में यह झूठ बोलती सुनाई दीं कि-%सोनिया मैडम (सोनिया गांधी) को नहीं पता कि राम भगवान कौन हैं। जब वह सत्ता में थीं तो कहती थीं कि राम का कोई अस्तित्व नहीं हैं। आज उनके बच्चे राहुल गांधी व प्रियंका गांधी राम भक्तों से वोट मांगने घूम रहे हैं।% जबकि सोनिया गांधी ने कभी भी ऐसे शब्द नहीं बोले। स्मृति ईरानी ने इसी चुनाव अभियान में मध्य चेन्नई के भाजपा उम्मीदवार विनोज पी सेल्वम के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाते हुये कहा था कि ÷देश में ऐसे कई राज्य हैं जहां जय श्री राम बोलने पर इंडी गठबंधन के सहयोगियों ने लोगों का क़त्ल किया है। ऐसा पश्चिम बंगाल और केरल में हुआ है। आज ये हमारा सबसे बड़ा सौभाग्य है कि हम प्रभु श्रीराम के चरणों में अपना शीश झुकाए खड़े हैं। मंदिर का निर्माण हुआ और प्रभु श्रीराम की महिमा देखिए कि जिन्होंने उनके अस्तित्व को नकार दिया था, उन्हें भी भगवान राम ने अपने दर पर बुलाया। उनका अहंकार स्पष्ट था क्योंकि उन्होंने राम के नेतृत्व को भी अस्वीकार कर दिया था।÷ इतनी नफ़रत फैलाने के बावजूद बीजेपी के विनोज पी सेल्वम को मात्र 1 लाख 69 हज़ार 159 वोट मिले जबकि डीएमके के उम्मीदवार ने 4 लाख 13 हज़ार 848 मत हासिल कर नफ़रत और झूठ की राजनीति करने वालों को पराजित किया। यही स्मृति ईरानी ही हैं जिन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बड़े ही अहंकार पूर्ण लहजे में कहा था कि ÷अगर मेरी आवाज़ राहुल गांधी तक पहुंच रही है तो मैं उनको बताना चाहूंगी कि उनके जैसे बहुत आए हैं और गए हैं लेकिन हिंदुस्तान है, था और हमेशा रहेगा।÷ आख़िरकार अमेठी की जनता ने स्मृति ईरानी को इस बार कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के हाथों 1 लाख 67 हजार 196 मतों के भारी अंतर से हरा कर अमेठी की जनता ने यह जवाब दे ही दिया कि इस संसदीय क्षेत्र में भी उनके जैसे बहुत आए और गए हैं लेकिन इस क्षेत्र में गाँधी परिवार का वर्चस्व कल भी था और भविष्य में भी रहेगा।

# विश्व पर्यावरण दिवसः सरसईनावर झील से सफाई अभियान से शुरुआत की गई

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** विश्व पर्यावरण दिवस 2024 के अवसर पर सामाजिक वानिकी प्रभाग जिला गंगा सुरक्षा समिति एवं जिला पर्यावरण समिति के संयुक्त तत्वाधान में सरसईनावर झील से सफाई अभियान से शुरुआत की गई। चित्रकला प्रतियोगिता एवं जागरूकता गोष्ठी पक्षी व्याख्यान केंद्र सरसईनावर में किया गया।

प्रभागीय निदेशक अतुल कांत शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण बचाने हेतु बृहद जन जागरूकता के लिए यह दिवस महत्वपूर्ण है जिसमें पूरा विश्व जलवायु परिवर्तन के रूप में खड़ी चुनौतियों को हल करने का रास्ता निकालता हैं। लोगों में पर्यावरण जागरूकता के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा संचालित विश्व पर्यावरण दिवस दुनिया का सबसे बड़ा वार्षिक आयोजन है। इसका मुख्य उद्देश्य हमारी प्रकृति की रक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाना और दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों को देखना है। उप प्रभागीय निदेशक विमल कुमार सिंह ने बताया कि 1973 से प्रत्येक साल पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे संजीव चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि प्लास्टिक मुक्त नदियां एवं जैव विविधता संरक्षण पर एक विशेष जागरूकता अभियान पूरे वर्ष के लिए प्रारंभ किया गया है इसके अंतर्गत नदियों के किनारे स्थित धार्मिक स्थलों के पुजारी एवं महंतों के माध्यम से प्लास्टिक प्रयोग ना करने एवं जैव विविधता संरक्षण का संदेश आम जनों में प्रसारित किया जाएगा साथ ही मंदिरों में प्लास्टिक पॉलीथिन का प्रयोग ना करे। नेम सिंह यादव, तिलक सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी भरथना अमित कुमार सिंह, क्षेत्रीय वन अधिकारी शिवकुमार यादव, जे.आर.एफ.जिला पर्यावरण समिति डॉ संगीता कुमारी आदि ने अपने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवपाल सिंह, राजपाल सिंह, श्रीनिवास पांडे अजीत पाल, सिंह भानु प्रताप सिंह, सचिन कुमार सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह, ज्ञानेश कुमार सिंह, अनूप यादव, सुधीर यादव एवं अनुज तिवारी आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

# सपा की जीत पर इटावा में समाजवादी अधिवक्ता सभा ने मनाई खुशी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** समाजवादी पार्टी इटावा के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे की शानदार जीत पर बुधवार को कचहरी परिसर में समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिला अध्यक्ष अभिनय यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने खुशी मनाकर एक दूसरे को लड्डू खिलाए व सभी को लड्डू का वितरण किया। जनपद के समाजवादी अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने समाजवादी पार्टी के जीते हुए सभी नव निर्वाचित सांसदों को बधाई दी। इस अवसर पर महासचिव भुवनेश यादव, कोषाध्यक्ष मैराज अली खान, प्रदेश सचिव योगेश यादव उर्फ राजू, वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेंद्र गुप्ता, रविन्द्र यादव, अवनीश यादव, जगवीर यादव उर्फ अल्लू, दीपक कुदेशिया, प्रमोद यादव , अखिलेश यादव आदि अधिवक्ता व पूर्व इंस्पेक्टर राम नाथ यादव ने एक दूसरे को जीत की बधाई दी।

# हर एक व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिएः डॉ.एन के शर्मा

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** वन्यजीव एवम पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित संस्था (ओशन) ऑर्गनाइजेशन फॉर कंजरवेशन ऑफ इन्वायरनमेंट एंड नेचर और डॉ भीम राव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रोधोगिकी महाविद्यालय इटावा के संयुक्त तत्वाधान एवम कुलपति, कृषि विश्विद्यालय, कानपुर प्रो0डॉ आर के सिंह के कुशल दिशा निर्देशन में बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के शुभ अवसर पर कृषि महाविद्यालय के विशाल हरे भरे परिसर में सघन पौधा रोपण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधों को रोपित किया गया। जिसमे कदंब, शीशम, आंवला आदि के पौधे परिसर में पूर्ण सुरक्षा एवं देखभाल के साथ रोपित किए गए। पौधारोपण के इस अवसर पर डीन कृषि महाविद्यालय डॉ एन के शर्मा ने कहा कि, आज के समय के जलवायु परिवर्तन और बढ़ते वैश्विक तापमान को देखते हुए हर एक व्यक्ति को पौधा रोपण करना चाहिए।

संस्था ओशन के महासचिव, पर्यावरणविद एवम वन्यजीव विशेषज्ञ सर्पमित्र, डॉ आशीष त्रिपाठी ने कहा कि, पेड़ लगाना सिर्फ जरूरी ही नहीं बल्कि, अब हम सबकी मजबूरी भी है क्यों कि, विगत दिनों में राजधानी दिल्ली के 52 डिग्री तापमान ने चेतावनी दे दी है कि अब समय आ चुका है कि हम सबको मिलकर अनिवार्य रूप से प्रत्येक वर्ष प्रत्येक माह में एक पेड़ अवश्य ही लगाना होगा। पौधा रोपण के अवसर पर प्रभारी सुरक्षा एम ए हुसैन, निदेशक शारीरिक शिक्षा सतेंद्र पाल, परीक्षा प्रभारी इं बर्जेश कुमार, प्रभारी हार्टिकल्चर इं सर्वेश वर्मा, ज्ञान सिंह, आयुष त्रिपाठी, असद अहमद, मनोज शर्मा सहित सभी कर्मचारी, स्टाफ व छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# मानव जीवन एवं पर्यावरण एक दूसरे के पूरकः डॉ. वाईके शर्मा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अटारी कानपुर एवं यूपी वेटरनरी यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति प्रो डा एके श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में बुधवार को पर्यावरण दिवस के मौके कृषि विज्ञान केन्द्र प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। जिसमें कई किस्म के दर्जनों पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में केवीके कार्मिकों, किसानों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने बढ चढकर प्रतिभाग किया। सभी ने वृक्षारोपण का संकल्प लिया। निदेशक प्रसार डा अतुल सक्सेना ने सभी को संदेश देते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति हमें सदैव सचेत रहना होगा। यदि पर्यावरण के साथ हम खिलवाड करेंगे, तो मानव जीवन पर संकट मडराने लगेगा। केवीके प्रभारी डा वाईके शर्मा ने कहा कि पर्यावरण एवं मानव जीवन एक दूसरे का पूरक हैं। इसलिए हर इंसान को अपने जीवन काल में एक पेड को वटवृक्ष जरुर बनाना चाहिए। उन्होने वृक्षारोपण की लाभकारी जानकारी देते कहा कि आज जो मौसम में बढता तापमान एवं तपिश दिखाई दे रही है उसके पीछे इंसान द्वारा लगातार किए जा रहे वनों के कटाव ही मुख्य कारण है। इसलिए वृक्षारोपण बहुत जरुरी है। डा बृज मोहन ने वृक्षारोपण, बागवानी आदि की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए किसानों को वृक्षारोपण कब, कैसे करें तथा पौधों की देखभाल के बारे में गहन जानकारी दी। डा रविन्द्र कुमार राजपूत ने किसानों को कौन सी मृदा में कौन से पौधे लगाये जाने चाहिए, तथा मृदा में अत्यधिक रसायनों का प्रयोग कर उसे प्रदूषित ना करें। प्रक्षेत्र प्रबंधक डा एन आर राजपूत ने पौधों को रोपित करने से लेकर उन्हे वटवृक्ष कैसे बनाएं विषय पर जानकारी दी। पर्यावरण दिवस पर अनिल कुलश्रेष्ठ, गोविंद कुमार गुप्ता, भुवन चंद्र जोशी, चंद्रप्रकाश शर्मा, कृष्णा, सीमा, इकरार सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सिर्फ पौधे लगाकर ही ग्लोबल वार्मिंग से बच सकते हैंः अनिल

- कोरोना ने समझाया ऑक्सीजन का महत्व अब लगे पौधे

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** इटावा सफारी पार्क के डायरेक्टर डा.अनिल पटेल ने कहा है कि सिर्फ पौधे लगाकर ही और पेड़ों को बचाकर ही ग्लोबल वार्मिंग से बचा जा सकता है। इसके लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा और लगातार प्रयास करना होगा। विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद तुलसी शाखा तथा पर्यावरण छात्र संसद की ओर से पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित गोष्ठी में श्री पटेल ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग हम सबके लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। विरासत में मिले प्राकृतिक संसाधनों को हमें आने वाली पीढी के लिए संरक्षित करना ही होगा। उन्होंने कहा कि हमें यह नहीं सोचा है कि हम अकेले हैं किसी भी काम की शुरुआत अकेले होती है और बाद में कारवां बढ़ता चला जाता है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ बहुत जरूरी है और हम सभी को सांस लेने के लिए ऑक्सीजन मिलती रहे इसके लिए भी पेड़ जरूरी है। कुछ साल पहले आए कोरोना में जिस तरह ऑक्सीजन की कमी पड़ी थी उसने पेड़ों के महत्व को दर्शाया है। पर्यावरणविद डॉ.राजीव चौहान ने कहा कि मातृशक्ति अनंत काल से समय-समय पर तुलसी, आवला, केला बरगद, पीपल जैसे बृक्षो की पूजा करके पर्यावरण को सहेजने का हमे संदेश देती आई हैं जिसे हम विकास की अंधी दौड़ में भूलते जा रहे हैं। उनके बताये मार्ग का अनुसरण युवा पीढी को करना ही होगा। पर्यावरण छात्र संसद व तुलसी शाखा के अध्यक्ष डॉ कैलाश चंद्र यादव ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने को प्रेरित किया साथ ही वृक्ष बनने तक इनके पालन पोषण व संरक्षण करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने बताया कि पौधारोपण अभियान जुलाई से वृहद पैमाने पर आयोजित किया जाएगा और बड़ी संख्या में पौधे लगाकर उनके पालन पोषण का कार्य सतत जारी रखा जाएगा। इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया। संगोष्ठी को जल संरक्ष निर्मल सिंह, पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक संजय सक्सेना व कर्मचारी नेता राजीव यादव ने भी संबोधित किया, गोष्ठी का संचालन सदस्य प्रीतम खन्ना ने किया। डॉ अनुराग श्रीवास्तव, अर्चना चौबे, डॉ ध्रुवकुमार गुप्ता, मौसमी पाल, प्रीति पांडे, नीतू सिंह, अत्रि पांडे, अंजू चौधरी एवं पंकज कुमार सिंह चौहान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### समाज उत्थान समिति ने वृक्षो की रक्षा के लिए चलाया ग्रीन टेप अभियान



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाज उत्थान समिति ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षों की रक्षा के लिए ग्रीन टेप अभियान चिपकों आन्दोलन की तर्ज पर पक्का तालाब इटावा मे चलाकर शपथ लेने के साथ गोष्ठी भी की। गोष्ठी मे डा0हरीशंकर पटेल अध्यक्ष समाज उत्थान समिति ने अपने विचारो में बताया कि वृक्ष हमारी धरा के श्रंगार ही नही अपितु मानव को प्राण वायु (ऑक्सीजन)देने का महत्वपूर्ण कार्य के साथ-साथ हीट वेव को कम करने का सबसे सरल और सकारात्मक उपाय है। ग्रीन टेप अभियान को सफल बनाने में मुख्य रूप से मुदित मोहन, श्रुति पटेल, सुभी पटेल, तेजस पटेल, आदित्य वर्मा, श्रद्धा पटेल तथा शाज़िया की सराहनीय भूमिका रही।

### एसएमजीआई के आशुतोष चौहान ने बीफार्मा में किया कॉलेज टॉप



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत् बी.फार्म के पंचम् सेमेस्टर के छात्रों ने एक बार फिर अपने शानदार परिणाम देकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। संस्था के डायरेक्टर डा.उमा शंकर शर्मा ने बताया कि एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी.फार्म पंचम् सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। बी.फार्म पंचम् सेमेस्टर में आशुतोष चौहान ने 80.13 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, दिव्या कुशवाहा ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, प्रिया राजपूत ने 76.67 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, ज्योति ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, श्वेता ने 76.4 प्रतिशत अंकों के साथ पंचम, आशुतोष ने 75.6 प्रतिशत अंकों के साथ छटवां स्थान प्राप्त किया। सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा व समस्त स्टाफ को बधाई दी एवं सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### विश्व पर्यावरण दिवसः एस एस पी व उनकी धर्मपत्नी ने किया वृक्षारोपड़



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती नीलम राय वर्मा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आवास में वृक्षारोपड़ किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष मानवता की रक्षा हेतु बहुत जरूरी हैं, वृक्ष लगाकर हम अपने पर्यावरण व परिवेश को स्वच्छ व सुन्दर बना सकते है। प्रकृति के प्रति सकारात्मक रवैये को लेकर सभी को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने एवं वातावरण के लिए खतरनाक प्लास्टिक जैसे कई पदार्थों का उपयोग बंद करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन उपस्थित रहे। पृथ्वी बचाओ, पेड़ लगाओ। पेड़ पौधों की बढ़त, जीवन की बढ़त।

### जितेंद्र दोहरे ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किये पुष्प अर्पित, नेताजी की समाधि पर माथा टेककर लिया आशीर्वाद



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** समाजवादी पार्टी के नव निर्वाचित सांसद जितेंद्र दोहरे लोकसभा सीट जीतने के बाद बुधवार को सर्वप्रथम बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात सैफई में श्रद्धेय नेताजी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर और माथा टेककर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव अंशुल, सांसद, जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू जिला महामंत्री वीरू भदोरिया, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, सभासद अविनाश कुशवाह, महिपाल सिंह, कन्हैय्या कुशवाह, जिलाध्यक्ष छात्र सभा रवि यादव विधायक, जिलाध्यक्ष शिक्षक सभा उपेंद्र यादव, अनुराग दोहरे, देवेंद्र भदौरिया, शेखर यादव, नमन चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद रहे।

# भारतीय स्टेट बैंक द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** थियोसॉफिकल इण्टर कॉलेज एस0डी0फील्ड में भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा इटावा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 05 जून को किया गया। जिसमें कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहित होकर भाग लिया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा इटावा के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री मिथिलेश कुमार, मुख्य प्रबंधक नवनीत सिंह राठौर, उप प्रबंधक प्रतिमाशंकर दीक्षित व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर किया। क्षेत्रीय प्रबंधक मिथिलेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की उपयोगिता बताते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित किया तथा संरक्षित प्रकृति सुरक्षित भविष्य, भूमि पुर्नजीवन, मरुस्थलीकरण और सूखा प्रतिरोध, हमारी भूमि-हमारा भविष्य, हम हैं जनरेशन रेस्टोरेशन विषयों पर छात्र/छात्राओं को चित्रकला बनाने हेतु प्रेरित किया। छात्र-छात्राओं द्वारा पर्यावरण दिवस पर बनायी गयी चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन व मूल्यांकन क्षेत्रीय प्रबंधक मिथिलेश कुमार, मुख्य प्रबंधक नवनीत सिंह राठौर, उप प्रबंधक प्रतिमाशंकर दीक्षित व विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान ऐना मारिया, द्वितीय स्थान आरवी दुबे व तृतीय स्थान पर समता दुबे तथा अनुष्का चौधरी रहीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक, मुख्य प्रबंधक, उप प्रबंधक व विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा पुरुस्कार वितरण गया तथा अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने भारतीय स्टेट बैंक मुख्या शाखा से आये हुए सम्मानित अतिथियों को धन्यबाद ज्ञापित किया।

## दुवाशुः विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गौ - अनुसंधान संस्थान, मथुरा द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय की प्रांगण में विभिन्न छायादार वृक्षों जैसे- पीपल, नीम, जामुन, पाखर तथा कांची के पौधे लगाकर मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ, अधिष्ठाता पशु चिकित्सा संकाय, प्रोफेसर विकास पाठक द्वारा, वृक्षारोपण कर किया गया । उन्होंने बताया की वृक्ष मानव जीवन के अभिन्न अंग हैं । छायादार वृक्ष, हमें शुद्ध ऑक्सीजन, छाया और पशु-पक्षियों को आश्रय प्रदान करते हैं । अधिक से अधिक वृक्षों द्वारा, हम ग्लोबल वार्मिंग तथा प्रदूषण को नियंत्रित कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव, प्रोफेसर अरुण कुमार मदान ने बताया कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधों की अहम भूमिका होती है।

# तनिष बघेल ने ऑन लाइन पढ़ाई कर नीट परीक्षा की पास

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** नीट यूजी 2024 रिजल्ट जारी हो चुका है. इस साल नीट यूजी कटऑफ काफी हाई गई है. इस साल बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की है. इन्होंने पूरे पेपर में कोई भी जवाब गलत नहीं लिखा है. इस साल करीब 24 लाख बच्चों ने नीट यूजी यानी मेडिकल की प्रवेश परीक्षा दी है. इस साल 13.16 लाख बच्चों ने नीट परीक्षा पास की है. उत्तर प्रदेश के जिला फिरोजाबाद के गांव शेरपुर मदनपुर के युवा तनिष बघेल ने घर बैठे अपने बलबूते पर एमबीबीएस दाखिले के लिए होने वाले नीट के पेपर को पास किया। मध्यम वर्ग के परिवार में पैदा हुए तनिष बघेल के पिता सुभाषचंद्र उत्तर प्रदेश पुलिस मे हेड कांस्टेबल के पद पर धर्म नगरी मथुरा के थाना गोविंद नगर मे तेनात है. इनकी माता सुधा पाल ( एम ए ) ने अपने बेटे तनिष बघेल को घर पर ही सबसे ज्यादा शिक्षा की ओर अग्रेषित किया. सबसे ज्यादा श्रेय उनकी माता सुधा पाल को जाता है। तनिष बघेल बचपन से ही पढ़ने में होशियार रहा है। उसने गायत्री पब्लिक स्कूल आगरा मे हाईस्कूल व इंटर 90त्न अंक हासिल किये थे. एमबीबीएस दाखिला के लिये आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण तनिष बघेल ने महंगी ट्यूशन होने के कारण कोचिंग नहीं ले पाए और अपने मेहनत कर घर पर ही ओनलाइन तैयारी की गई। नीट के परिणाम में तनिष बघेल ने 720 में से 666 अंक 99.25त्न से दाखिला परीक्षा पास की है। इन्हें दिल्ली के एम्स जैसा बहुत ही अच्छा मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना है। मध्यम वर्ग के परिवार के इस होनहार बेटे को गांव के युवाओं ने इस सफलता पर सम्मानित किया व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# राम भरोसे लड़ी भाजपा को जनता ने दिन में दिखाए तारे

अवधनामा संवाददाता

- बाबरी विध्वंस के बाद भी अति उत्साह में लड़ी भाजपा को नकारा था जनता ने

**मथुरा।** सामान्य लोकसभा 2024 का परिणाम सामने आते ही उत्तर प्रदेश में नई बहस की शुरुआत हो गई। भाजपा अपने दम पर दंभ भर रही थी उसे उसे जनता ने सबक सिखाते हुए नसीहत दे डाली जनता के काम सिर्फ विकास आएगा राम सिर्फ आस्था के प्रतीक है। भाजपा के कद्दावर नेता भी अपनी सीट नही बचा पाए अगर लोक सभा परिणामों को यूपी की राजनीत के नजरिए से देखा जाय तो आज की स्थिति में भाजपा यूपी मैं कमजोर पड़ चुकी है। इस वात का संकेत सामने आया है। इस बार के लोक सभा चुनाव मैं विपक्ष का फरेब और संविधान के लिए फैलाए गए झूठ ने दलित मतदाता पर गहरा असर डाला जिसका परिणाम उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनावों के परिणाम मै देखने को मिला भाजपा के नेता राम के भरोसे बैठ कर जमीनी हकीकत को समझने मैं चूक गए। इसे अगर देखा जाय तो भाजपा के चाणक्य कई जाने वाले अमित शाह की रणनीतिक चूक के तौर पर भी देखा जा सकता है। योगी आदित्यनाथ हर चुनावी मैदान में मोदी को प्रमुख चेहरा बताकर प्रमोट करते रहे। पर अमित शाह के इंटरव्यू और भाषण मैं हमेशा योगी आदित्यनाथ को यूपी के विकास का श्रेय ना देना भी एक बढ़ा कारण रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप भाजपा पूर्वांचल में सबसे ज्यादा प्रभावित हुई है। बाबरी विध्वंस के बाद भी भाजपा को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ गया था और आज भी राम मंदिर निर्माण के बाद भाजपा का अयोध्या जैसी सीट हारना इसका जीता जागता उदाहरण हैं।

भाजपा को अपनी रणनीति मै पुनः एक बार आत्म चिंतन करने की जरूरत है। भाजपा नेतत्व को यूपी को लेकर गहरा मंथन करना होगा जिन जातिगत नेताओ को भाजपा ने जिम्मेदारी सौंपी उनको जमीनी स्तर पर कार्य करने होगे और दलित समाज को भरोसा दिलाना होगा किविपक्ष के द्वारा जो झूठ का जाल बिछाया गया था वो सिर्फ आपका वोट लेने को फैलाया माया जाल था।

# बसपा को उपमन्यु की टिकट काटना पड़ा मंहगा

अवधनामा संवाददाता

- दो दिन में उपमन्यु ने पलट दिया था पासा, विरोध हुआ डिवाइड
- उपमन्यु के दाव से हेमा ने सभी विधानसभाओं में की जीत दर्ज

**मथुरा।** मथुरा में लोकसभा चुनाव संपन्न हो जाने के बाद अब विभिन्न पार्टी और उम्मीदवार चयन को लेकर के मंथन शुरू हुआ है। लोग अपनी पार्टी के विभिषण जिम्मेदारों को कोस रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी द्वारा लोकसभा प्रत्याशी घोषित हुए पं. कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट का यकायक टिकट काट दिए जाने से नाराज ब्राह्मण एवं बसपा के कैडर वोट का गुस्सा वोटिंग मशीन के बटनों पर दिखाई दिया। जितने वोट बसपा प्रत्याशी को मिलने चाहिए थे वह नहीं मिले ओर वोट भाजपा प्रत्याशी हेमामालिनी को ट्रांसफर हुआ।

बसपा से टिकट कटने के बाद श्री उपमन्यु ने मतदान के दो दिन पहले बसपा की सक्रिय राजनीति से यह कहते हुए इस्तीफा दे दिया था, कि उनको अभी तक पार्टी प्रत्याशी न किसी पार्टी पदाधिकारी ने संपर्क किया है। लिहाजा अब उनका इस दल में बने रहने का कोई औचित्य नहीं है। चुनाव मतदान से एक दिन पूर्व श्री उपमन्यु ने अपने साथ बसपा से जुड़े कई वरिष्ठ नेताओं को साथ लेकर के भाजपा ज्वाइन कर ली थी। इस संदेश से जिले में अल्पसंख्यक समाज ने यह कहते हुए कि अब बसपा में बचा क्या है बड़ी संख्या में हाईकास्ट के लोग बसपा को छोड़ उपमन्यु के साथ भाजपा में चले गए तो उन्होंने बसपा प्रत्याशी के जगह अपना मत सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी धनगर को ही देना उचित समझा। हुआ भी यही शहर से लेकर देहात तक मुस्लिम समाज के लोग धनगर को वोट देते नजर आए। बसपा प्रत्याशी से कुछ प्रतिशत दलित वोट भी ट्रांसफर हुआ। श्री उपमन्यु पहले छावनी परिषद के चुनाव में पार्षद का चुनाव जीतन के बाद एवं छावनी के बाईस चेयरमैन और छावनी परिषद की सिविल एरिया एवं फाइनेंस के चेयरमैन निर्विरोध निर्वाचित हुए थे। इसके बाद ही उन्हें सन 1999 में बसपा के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. कांशीराम एवं सुश्री बहन मायावती ने मथुरा संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया था। पूरे उ.प्र. में दो सीटों पर ही ब्राह्मण प्रत्याशी उतारे थे, जिनमें मथुरा से श्री उपमन्यु एवं जलेसर से रामवीर उपाध्याय को चुनाव लड़ाया गया था। उस समय उपमन्यु को लगभग साढ़े पांच लाख पड़े वोटों में से एक लाख 19 हजार वोट मिले थे। तथा लगभग 15 हजार वोट कैंसिल हुए थे। उस समय बसपा से विद्रोह कर दो बसपा नेताओं ने भी चुनाव लड़ा था। उन्होंने भी बसपा के कैडर वोट को हांसिल किया था। इतना ही नहीं उस समय कांग्रेस, रालोद, माकपा, भाकपा, भाकियू आदि के गठबंधन से संयुक्त उम्मीदवार रामेश्वर चौधरी मैदान में थे। भाजपा से दो बार के सांसद तेजवीर सिंह तीसरी बार चुनाव लड़ रहे थे। उन दिनों देश का चर्चित पनवारी कांड हुआ था। उसमें रामेश्वर एवं उनके पिता बाबू लाल काफी चर्चित हुए थे। इसलिए बसपा का कैडर वोट रामेश्वर को हराने के लिए भाजपा की ओर ट्रांसफर हुआ था तथा सभी गठबंधनों के प्रत्याशी होने के कारण रामेश्वर चौधरी का हल्ला बहुत ज्यादा था। इसलिए अल्पसंख्यक वर्ग भी बसपा को न मिलकर रामेश्वर चौधरी को वोट कर गया था। श्री उपमन्यु को बसपा का न कैडर वोट मिला था न अल्पसंख्यक वोट। फिर भी करीब साढ़े पांच लाख वोटों में से श्री उपमन्यु ने एक लाख 19 हजार मत हांसिल किए थे। 1999 के इस चुनाव समीकरण के बाद आज 2024 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी यह मत उस प्रतिशत के हिसाब से भी बसपा प्रत्याशी हांसिल नहीं कर पाए। इस चुनाव में उनको साढे नौ लाख पड़े वोटों में से मात्र एक लाख अट्ठासी हजार एक सौ बामन वोट ही मिले। इस अनुपात से भी श्री उपमन्यु का वोट प्रतिशत अच्छा रहा। बसपा के कैडर वोट एवं ब्राह्मण एवं सभी समाज के प्रबुद्ध लोगों में उपमन्यु की टिकट कटने पर खासी निराशा और नाराजगी जाहिर हुई थी। इसी कारण बसपा प्रत्याशी को इस चुनाव में जो मत प्रतिशत मिलना चाहिए था वह नहीं मिला तथा तीसरे नंबर पर संतोष करना पड़ा। यही नहीं उपमन्यु के यकायक भाजपा में चले जाने से हेमामालिनी एवं भाजपा से नाराज वोटर एकजुट न रहकर डिवाइड हो गया था। जहां अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रत्याशी की ओर मुड़ गया वहीं ब्राह्मण एवं बसपा का कुछ प्रतिशत कैडर वोट भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर गया। जिससे हेमामालिनी की जीत बहुत आसान हो गई।

# नीदरलैंड ने नेपाल को टी20 विश्व कप में छह विकेट से हराया

टिम प्रिंगल और लोगन वैन बीक की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद मैक्स ओ'डाउड (नाबाद 54) की संयमित बल्लेबाजी से नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले रोमांचक मैच में मंगलवार को यहां नेपाल को छह विकेट से हराया। नेपाल की पारी को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेटने के बाद नीदरलैंड ने 18.4 ओवर में चार विकेट पर 109 रन बनाकर इस जीत से दो अंक हासिल किये। ओ'डाउड ने 48 गेंद की नाबाद पारी में चार चौके और एक छक्का लगाने के साथ एक छोर संभाले रखा। नेपाल के लिए सोमपाल कामी, दीपेंद्र सिंह ऐरी और अविनाश बोहरा ने एक-एक विकेट लिये। मैन ऑफ द मैच प्रिंगल ने 20 रन देकर तीन जबकि वैन बीक ने 18 रन देकर तीन विकेट चटकाये। पॉल वैन मीकरेन और बास डलीडे को दो-दो सफलता मिली। नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को उनके गेंदबाजों ने सही साबित किया और लगातार अंतराल पर विकेट चटकाते रहे। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाये। उन्होंने 37 गेंद की पारी में पांच चौके लगाये। निचले



क्रम में करण केसी (17) और गुलशन झा (14) ने दोहरे अंक में रन बनाकर टीम के स्कोर को 100 रन के पार पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीदरलैंड को दूसरे ओवर में माइकल लेविट (एक) के आउट होने से झटका लगा। वह सोमपाल का शिकार बने। ओ'डाउड और विक्रमजीत सिंह (22) ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए पावरप्ले में टीम के स्कोर को एक विकेट पर 36 रन तक पहुंचाया। दीपेंद्र ने नौवें ओवर में विक्रमजीत को पगबाधा कर दूसरे विकेट के लिए 40 रन की साझेदारी को तोड़ा। ओ'डाउड को इसके बाद साइब्रैंड एंगलब्रेक्त (14) का अच्छा साथ मिला जिन्होंने 12वें ओवर में गुलशन के खिलाफ चौका लगाकर रन गति को तेज करने की कोशिश की लेकिन 14वें ओवर में रन आउट हो गये। बोहरा ने कप्तान स्कॉट एडवर्ड को चलता कर नीदरलैंड पर एक बार फिर दबाव बना दिया।

ओ'डाउड ने इस गेंदबाज के खिलाफ 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर चौका और छक्का लगाकर 47 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया। डलीडे ने इसी ओवर में चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले प्रिंगल ने पारी के दूसरे ओवर में ही सलामी बल्लेबाज आसिफ शेख (चार) को चलता किया। वैन बीक ने चौथे ओवर में अपनी पहली गेंद पर कुशल भुर्तेल (सात) को पगबाधा कर नेपाल को दूसरा झटका दिया। कप्तान पौडेल और अनिल शाह ने तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल परिस्थितियों से जूझने की कोशिश की लेकिन प्रिंगल ने साह की 12 गेंद में 11 रन की पारी को वैन बीक के हाथों कैच कराकर खत्म किया। कुशल मल्ला (नौ) और दीपेंद्र (एक) के आउट होने से नेपाल ने 11वें ओवर में 53 रन पर पांच विकेट गंवा दिये।

पौडेल ने इस बीच वैन बीक के खिलाफ दो शानदार चौके जड़े लेकिन मीकरेन ने सोमपाल को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। गुलशन ने प्रिंगल के खिलाफ 16वें ओवर में नेपाल की पारी का पहला छक्का जड़ा लेकिन इसी ओवर में प्रिंगल ने पौडेल को आउट कर नेपाल को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोक दिया। करण ने वैन बीक और डलीडे के खिलाफ छक्के जड़ नेपाल के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया लेकिन टीम ने अगले चार गेंद में बाकी के तीन विकेट गंवा दिये।

# मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अमेरिका के खिलाफ नहीं खेलेंगे इमाद वसीम

ऑलराउंडर इमाद वसीम मांसपेशियों में खिंचाव के कारण गुरुवार को यहां अमेरिका के खिलाफ होने वाले पाकिस्तान के टी20 विश्व कप के पहले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे। कप्तान बाबर आजम ने यह जानकारी दी। बाबर ने कहा कि वसीम मांसपेशियों में खिंचाव से पूरी तरह से नहीं उबर पाए हैं और बाएं हाथ के इस स्पिनर की प्रगति पर नजर रखी जा रही है। बाबर ने यहां मीडिया से कहा, मेडिकल स्टाफ उस पर नजर रखे हुए है और वह विश्व कप के बाकी मैचों के लिए उपलब्ध रहेगा। विश्व कप को ध्यान में रखते हुए इस अनुभवी टी20 विशेषज्ञ खिलाड़ी को संन्यास से वापसी कराई गई।



चयनकर्ताओं का मानना है कि उनकी शैली की गेंदबाजी अमेरिका और वेस्टइंडीज की धीमी प्रकृति की पिचों के अनुकूल होगी। वसीम के अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को भी टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की टीम में चुना गया है लेकिन इस टूर्नामेंट से पहले न्यूजीलैंड, आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के लिए उनका इस्तेमाल काफी एहतियात के साथ किया गया।

बाबर ने कहा, वे (पिचें) तेज गेंदबाजों के लिए अच्छी लगती हैं और हमारे पास बहुत अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण है इसलिए पिचें हमारे लिए अच्छी हैं। बाबर ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें अमेरिका में टीम को दी जा रही सुविधाओं से कोई समस्या नहीं है।

# भारत-पाक मुकाबले पर अफरीदी ने कहा, यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता

पूर्व ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी भारत-पाकिस्तान मुकाबले को अमेरिका में बेहद लोकप्रिय 'सुपर बाउल' के समकक्ष रखते हैं। उनका मानना है कि यह खेल की सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है और जो टीम नौ जून को न्यूयॉर्क में टी20 विश्व कप मुकाबले में दबाव से बेहतर तरीके से निपटेगी वह जीत दर्ज करेगी। दोनों टीमें टी20 विश्व कप में जब पिछली बार आमने-सामने थी तो विराट कोहली ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए भारत को जीत दिलाई थी। क्रिकेट का यह सबसे बड़ा मुकाबला पहली बार अमेरिका की सरजमीं पर हो रहा है और पाकिस्तान के पूर्व कप्तान अफरीदी दर्शकों के बीच बैठकर इसके गवाह बनेंगे।

टी20 विश्व कप के दूत अफरीदी ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से कहा, वे अमेरिकी जो टूर्नामेंट के बारे में जानना चाह रहे



हैं, उन्हें पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान का मैच हमारे सुपर बाउल की तरह है। उन्होंने कहा, मुझे भारत के खिलाफ खेलना बहुत पसंद था और मेरा मानना? है कि यह खेल में सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। जब मैं उन मुकाबलों में खेलता था, तो मुझे भारतीय प्रशंसकों से बहुत प्यार और सम्मान मिलता था और यह दोनों टीमों के लिए बहुत मायने रखता है।

इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, भारत के खिलाफ यह मौके के दबाव से निपटने के बारे में है। दोनों टीमों में बहुत प्रतिभा है, उन्हें बस उस दिन एकजुट होने की जरूरत है। इस मैच में और पूरे टूर्नामेंट में यही होगा। जो टीम अपना धैर्य बनाए रखेगी, वह जीतेगी। अमेरिका और वेस्टइंडीज टी20 विश्व कप के सह मेजबान हैं। सुपर आठ चरण और नॉकआउट मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। अफरीदी ने कहा कि खेल के सबसे छोटे प्रारूप में प्रबल दावेदार का चयन करना मुश्किल है। इस पूर्व ऑलराउंडर ने कहा, टी20 क्रिकेट बहुत अप्रत्याशित है और टीमों की बल्लेबाज में अब बहुत गहराई है। आपका आठवें नंबर पर आने वाला बल्लेबाज 150 के स्ट्राइक रेट से रन बनाकर मैच जीत सकता है। मुझे उम्मीद है कि इस बार पाकिस्तान जीतेगा लेकिन प्रबल दावेदार चुनना मुश्किल है। टूर्नामेंट की पाकिस्तान की तैयारी काफी अच्छी नहीं रही। टीम इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला हार गई जबकि उसने आयरलैंड के खिलाफ भी मैच गंवाया। अफरीदी ने कहा, भले ही 2024 में उनके फॉर्म में निरंतरता की कमी हो लेकिन मेरा मानना ??है कि उनके पास वेस्टइंडीज और अमेरिका अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी चीजें हैं। उन्होंने कहा, कैरेबियाई परिस्थितियां निश्चित रूप से उनके अनुकूल होंगी। टीम में बहुत प्रतिभा है, विशेषकर जब आप गेंदबाजी आक्रमण को देखते हैं जिसे यहां सफल होना चाहिए।

# भारतीय खिलाड़ियों ने आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले नेट्स पर बहाया पसीना, हार्दिक ने की गेंदबाजी

भारतीय खिलाड़ियों ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने से पहले नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में नहीं उतरे यशस्वी जायसवाल ने बल्लेबाजी अभ्यास किया, वहीं हार्दिक पांड्या ने रोहित शर्मा को गेंदबाजी की। रोहित और हार्दिक आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हैं और मौजूदा सीजन के दौरान दोनों खिलाड़ियों के बीच मन मुटाव की खबरें भी सामने आई थी।

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 सीजन से पहले रोहित को हटाकर हार्दिक को कप्तान बनाया था। इससे काफी विवाद हुआ था और हार्दिक को मैदान पर फैंस की हूटिंग का भी सामना करना पड़ा था। आईपीएल के मौजूदा सीजन में



मुंबई का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी थी और अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही थी।

रोहित और हार्दिक अब मुंबई इंडियंस की निराशा को पीछे छोड़ते हुए टी20 विश्व कप में भारत के लिए अहम कड़ी साबित हो सकते हैं। भारत जहां रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप में उतरेगा, जबकि हार्दिक टीम के उपकप्तान हैं। आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले हार्दिक ने काफी देर तक नेट्स पर रोहित को बल्लेबाजी अभ्यास कराया। इसकी फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है।

यशस्वी जायसवाल ने भी आयरलैंड के खिलाफ मैच से पहले नेट्स पर जमकर अभ्यास किया। यशस्वी बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में नहीं उतरे थे और बल्लेबाजी संयोजन को लेकर काफी चर्चा चल रही है।

माना जा रहा है कि रोहित के साथ विराट कोहली पारी का आगाज करने आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह देखना दिलचस्प होगा कि तीसरे नंबर पर कौन उतरेगा। कोहली भी बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में नहीं खेले थे और उनकी अनुपस्थिति में ऋषभ पंत को तीसरे नंबर पर उतारा गया था। पंत ने अर्धशतक जड़ा था और टीम की जीत में योगदान दिया था। यह भी देखना होगा कि संजू सैमसन और यशस्वी को प्लेइंग-11 में जगह मिलती है या नहीं?

# इन बॉलीवुड बालाओं ने प्रेग्नेंसी में की शूटिंग, लिस्ट में सिंघम अगेन की ये लेडी भी शामिल

बॉलीवुड की अभिनेत्री हों या आम महिला मां बनना किसी के लिए बहुत बड़ी बात होती है। मां बनने के दौरान न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी शरीर में कई बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में कई महिलाएं अगर वर्किंग हैं तो काम से ब्रेक ले लेती हैं, वहीं कुछ नौ महीने तक काम करती ही रहती हैं। चलिए आज हम आपको बॉलीवुड की उन हसीनाओं के बारे में बताते हैं जिन्होंने प्रेग्नेंसी के दौरान काम जारी रखा।

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम जूही चावला का आता है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो जूही ने फिल्म आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया की शूटिंग प्रेग्नेंसी के दौरान किया था। उन्होंने इस पूरी फिल्म को शूट प्रेग्नेंसी में किया था। इसके बाद जब वे दोबारा प्रेग्नेंट हुई थीं तब उन्होंने के फिल्म झंकार बीट्स में काम किया था।



सैफ अली खान की बेगम और बॉलीवुड स्टार करीना कपूर का भी नाम इस लिस्ट में शामिल है। करीना ने फिल्म वीरे दी वेडिंग की शूटिंग प्रेग्नेंसी के दौरान ही किया था। इसके अलावा वे प्रेगनेंसी के दौरान कई रैंप वॉक करती भी नजर आई थीं।

बॉलीवुड स्टार करीना कपूर की भाभी और टॉप की अभिनेत्री आलिया भट्ट ने भी प्रेग्नेंसी के दौरान काम किया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो वे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग के दौरान प्रेग्नेंट थीं। इतना ही नहीं राहा के जन्म के कुछ ही दिन बाद वे फिर से काम पर लौट आई थीं।

बॉलीवुड की धाकड़ अभिनेत्री दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं, लेकिन उन्होंने काम से ब्रेक नहीं लिया है। हाल ही में सिंघम अगेन के सेट पर वे शूटिंग करती नजर आईं। इसके अलावा वे कई और इवेंट्स में भी स्पॉट की जाती हैं।

# चंद्रिका रवि की बड़ी सफलता, बनीं अमेरिकी टीवी शो की मेजबानी करने वाली पहली भारतीय महिला

भारतीय मूल की ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री चंद्रिका रवि जल्द ही एक अमेरिकी टॉक शो में मेजबानी करती नजर आने वाली हैं। अपने शो द चंद्रिका रवि शो की वजह से वह अमेरिकी रेडियो शो की मेजबानी करने वाली वह पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

चंद्रिका रवि भारतीय मूल की एक ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री हैं। उन्होंने तमिल,तेलुगु और अंग्रेजी फिल्मों में काम किया है। उन्हें इरुट्टू अराईल मुराट्टू कुथु और नंदमुरी बालकृष्ण की वीरा सिम्हा रेड्डी जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। अब अभिनेत्री के फैंस के लिए उत्साहित कर देने वाली एक नई खबर सामने आई है।

चंद्रिका जल्द ही एक अमेरिकी टॉक शो में नजर आने वाली हैं। वह द चंद्रिका रवि शो नामक एक अमेरिकी टॉक शो की मेजबानी



करेंगी। इस शो में वह अपने अनुभवों और संघर्षों को साझा करती नजर आएंगी। अपनी पहचान बनाने के लिए अभिनेत्री ने काफी संघर्ष किया है। उनके संघर्ष से प्रेरित होकर, रुकस एवेन्यू रेडियो के संस्थापक सैमी चंद ने उन्हें यह मौका दिया है। शो को लेकर हुए अनुभव पर चंद्रिका ने कहा, यह एक बेहतरीन अनुभव रहा है, लेकिन थोड़ा तनावपूर्ण भी था। मेरे सालों के अभिनय की तुलना में कैमरे के पीछे रहना एक नया अनुभव है। लोग मुझे मेरे वास्तविक रूप में देख पाएंगे।

अभिनेत्री इस शो को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह इस शो से जुड़े हर पहलुओं में शिद्दत से शामिल रही हैं। उन्होंने बताया, मैं पिछले कुछ वर्षों से अपने टॉक शो पर काम कर रही थी। लंबे समय से मैं इसे जीवंत करने की उम्मीद कर रही थी, और अब आखिरकार मैंने सफलता हासिल कर ली है। बता दें कि चंद्रिका इस शो की सह-निर्माता भी हैं। यह शो अमेरिका के सबसे बड़े नेटवर्क में से एक आईहार्ट रेडियो पर प्रसारित होगा। इस शो की वजह से वह अमेरिका में रेडियो शो होस्ट करने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं।

अमेरिका में रेडियो शो होस्ट करने वाली पहली भारतीय महिला बनने पर वह मुस्कुराते हुए कहती हैं, मैं पहली हो सकती हूँ, लेकिन मैं आखिरी नहीं। मैं दुनिया के साथ इस शो को साझा करने के लिए और इंतजार नहीं कर सकती। निजी जिंदगी में मैं कौन हूं, यह बताने और अपनी आवाज का इस्तेमाल करने के लिए एक मंच का मिलना, मेरे लिए किसी इनाम की तरह है। चंद्रिका रवि शो हर गुरुवार को सुबह 7:30 बजे भारत के समय पर आईहर्ट रेडियो और रुकस एवेन्यू रेडियो पर प्रसारित होगा। इसका पूरा एपिसोड हर शुक्रवार को यूट्यूब पर अपलोड किया जाएगा।

# स्टाइल और फैशन के मामले में हीरोइन से कम नहीं हैं ये हीरो, लिस्ट में रणवीर संग प्रतीक भी शामिल

स्टाइल और फैशन का जब भी जिक्र होता है बॉलीवुड की खूबसूरत और स्टाइलिश अभिनेत्रियों का ही ख्याल मन में आता है। ये अभिनेत्रियां अभिनय के अलावा फैशन के मामले में एकदम अप-टू-डेट रहती हैं, लेकिन आज हम आपको इन हसीनाओं के बारे में नहीं बताने जा रहे हैं। आज हम आपको बॉलीवुड के उन हीरो के बारे में बताएंगे जो स्टाइल और फैशन के मामले में किसी भी हीरोइन से कम नहीं हैं।

इस लिस्ट में बॉलीवुड के चहेते स्टार रणवीर सिंह का नाम सबसे पहले है। रणवीर सिंह बॉलीवुड के उन चंद सितारों में शामिल हैं जो अपने लुक्स के साथ काफी प्रयोग करते रहते हैं। अपनी शादी के रिसेप्शन से लेकर एयरपोर्ट तक में वे एकदम अलग अंदाज में नजर आते हैं। कई बार उन्हें उनके लुक्स के लिए लोग ट्रोल भी करते हैं, लेकिन इस बात से उन्हें कोई फर्क




नहीं पड़ता हैं। मेल फैशन को वे एक नया आयाम देने की कोशिश कर रहे हैं। बॉलीवुड में अगर कोई एक स्टार हैं जो अलग-अलग किस्म की भूमिकाएं निभाने के लिए मशहूर है तो वे आयुष्मान खुराना हैं। आयुष्मान खुराना अपनी फिल्मों की तरह ही अपने लुक्स के साथ प्रयोग करते हैं। आयुष्मान खुराना कई बार अपनी फिल्म के प्रीमियर पर भी कई अतरंगी लिबास में नजर आए हैं। वे पारंपरिक लुक से अलग हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हैं।


स्टाइलिश हीरो की बात हो और पुलकित सम्राट का जिक्र नहीं हो तो बात अधूरी रह जाएगी। पुलकित सम्राट अपने स्टाइलिश कपड़े और ग्लैमरस लुक के लिए मशहूर हैं। हाल ही में वे शादी के बंधन में बंधे हैं और उन्होंने अपनी शादी में भी काफी लग डिजाइन की शेरवानी को पहना था। हाल ही में प्रतीक बब्बर कान फिल्म फेस्टिवल में शामिल हुए। इस दौरान सभी ने उनके सूट को नोटिस किया। दरअसल उन्होंने जो सूट पहना था वह सूट उनकी मां की साड़ी से बनाई गई थी। प्रतीक बब्बर अपने स्टाइल और लुक की वजह से अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं।

# दीपशिखा देशमुख ने विश्व पर्यावरण दिवस पर मधुमक्खी पालन को समर्थन दिया

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर, प्रोड्यूसर और एंटरप्रेन्योर दीपशिखा देशमुख ने पर्यावरण संकट से बचने के लिए मधुमक्खी पालन को एक शक्तिशाली रणनीति के रूप में समर्थन दिया है। इस पहल से पर्यावरण सुरक्षा के लिए उनका समर्पण और सस्टेनेबल तरीकों के लिए उनका उत्साह साफ़ दिखाई देता है। उन्होंने इस पहल के माध्यम से एक आविष्कारशील और पारंपरिक दृष्टिकोण को बढ़ावा दिया है।

दीपशिखा देशमुख, अपने पति धीरज देशमुख के साथ मिलकर भारत में प्रमुख मधुमक्खी पालक के रूप में सामने आयी है। इस पहल से वह स्कारलेट जोहानसन, लियोनार्डो डिकैप्रियो, मार्था स्टीवर्ट और मॉर्गन फ़्रीमैन जैसे मशहूर हस्तियों द्वारा समर्थन दी जा रही इस ग्लोबल मूवमेंट के साथ जुड़ गयी है। यह विकास हमारे जैविक तंत्र में परागणकर्ताओं के रूप में मधुमक्खियों द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। दीपशिखा ने इस बात पर जोर दिया है कि मधुमक्खियों के बिना, जहाँ तक हमारा सवाल है, जीवन पूरी तरह से बदल जायेगा।

दीपशिखा ने कहा, हम इस समय भारत में गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मधुमक्खियाँ प्रकृति के संतुलन में महत्वपूर्ण



भूमिका निभाती हैं, पौधों के परागण और जैविक प्रणालियों का समर्थन करके जीवन की सामंजस्य की गारंटी देती हैं। उनका योगदान अमूल्य है, और उन्हें संरक्षित करना हमारे ग्रह की सुरक्षा के बराबर है। मौजूदा जलवायु आपातकाल को देखते हुए, मधुमक्खियों की वकालत करना सर्वोपरि है क्योंकि वे पौधों की वृद्धि में सहायक होती हैं, जो सभी जीवों के अस्तित्व के लिए आवश्यक है। एक अभिभावक के रूप में, मेरा मानना है कि मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना हमारे बच्चों के लिए एक उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मधुमक्खी पालन के लिए दीपशिखा और धीरज देशमुख का समर्थन पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान करने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# दक्षिण बंगाल में तृणमूल को एकमुश्त मिला मुस्लिम वोट, उत्तर बंगाल में वोट बंटने से मिली भाजपा को मदद

**कोलकाता(हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की 42 में से 29 सीटों पर सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने जीत दर्ज की है, जो अधिकतर दक्षिण बंगाल में हैं। भाजपा ने जो 12 सीटें जीती हैं, उनमें से अधिकतर उत्तर बंगाल में हैं। इस चुनाव परिणाम में अल्पसंख्यक वोट बैंक की भूमिका बहुत बड़ी रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने पश्चिम बंगाल के दक्षिणी क्षेत्र में मुस्लिम बहुल इलाकों में तृणमूल कांग्रेस को शानदार जीत दिलाने में मदद की। हालांकि उनके मतों के विभाजन की वजह से राज्य के उत्तरी हिस्से में भाजपा को जीत हासिल करने में मदद मिली। राज्य में अल्पसंख्यक मतदाता लगभग 30 प्रतिशत हैं, जिनका प्रभाव 16-18 लोकसभा सीट तक फैला हुआ है। इससे वे सभी दलों के लिए महत्वपूर्ण बन जाते हैं। उत्तर और दक्षिण बंगाल दोनों में रायगंज, कूचबिहार, बालूरघाट, मालदा उत्तर, मालदा दक्षिण, मुर्शिदाबाद, डायमंड हार्बर, उलुबेरिया, हावड़ा, बीरभूम, कांथी, तमलुक, मथुरापुर और जॉयनगर जैसे संसदीय क्षेत्रों में मुस्लिम आबादी काफी है।

वाम-कांग्रेस गठबंधन और तृणमूल कांग्रेस के बीच अल्पसंख्यक मतों के



विभाजन के चलते भाजपा बालूरघाट, रायगंज और मालदा उत्तर सीट को बरकरार रखने में सफल रही। राजनीतिक विश्लेषक विश्वनाथ चक्रवर्ती का कहना है कि दक्षिण बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने उम्मीद के मुताबिक अल्पसंख्यक क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि, उत्तर बंगाल की कुछ सीट पर पार्टी को अल्पसंख्यक मतों के एक बड़े हिस्से के लिए वाम-कांग्रेस गठबंधन से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ा। उत्तर बंगाल में तीन सीट पर वाम-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों को भाजपा उम्मीदवारों की जीत के अंतर से अधिक वोट मिले। मंगलवार को घोषित चुनाव परिणामों के अनुसार रायगंज में भाजपा के कार्तिक चंद्र पॉल को पांच लाख 60 हजार 897 वोट मिले और उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं तृणमूल कांग्रेस के कृष्णा कल्याणी को चार लाख 92 हजार 700 वोट मिले। पॉल 68 हजार 197 मतों के अंतर से जीते। वाम-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार अली इमरान रम्ज़ को दो लाख 63 हजार 273 वोट मिले। बालूरघाट में भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं उम्मीदवार सुकांत मजूमदार को पांच लाख 74 हजार 996 वोट मिले जबकि तृणमूल कांग्रेस के बिप्लब मित्रा को पांच लाख 64 हजार 610 वोट मिले। मतों का अंतर 10 हजार 386 रहा। वाम-कांग्रेस उम्मीदवार जॉयदेब सिद्धांत को 54 हजार 217 वोट मिले। भाजपा के खगेन मुर्मू ने तृणमूल कांग्रेस के प्रसून बनर्जी को हराकर 77 हजार 708 मतों के अंतर से मालदा उत्तर सीट बरकरार रखी। इस क्षेत्र में वाम-कांग्रेस गठबंधन को तीन लाख 84 हजार 764 वोट मिले। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि ÷वाम-कांग्रेस गठबंधन ने उत्तर बंगाल में तीन सीट जीतने में भाजपा की मदद की हालांकि, तृणमूल कांग्रेस कूचबिहार सीट भाजपा से छीनने में कामयाब रही। तृणमूल कांग्रेस के लिए सोने पर सुहागा यह रहा कि उसने पांच बार सांसद रहे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी से बहरमपुर लोकसभा सीट छीन ली। कांग्रेस के कथित किले के मतदाताओं ने चौधरी को खारिज कर दिया और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान को 85 हजार से अधिक मतों के अंतर से जीत दिलाई।

## हरियाणा में सबसे ज्यादा इंडी गठबंधन को मिले वोट : दीपेंद्र सिंह हुड्डा

**नई दिल्ली हि.स.।** आईएनडीआईए के घटक दलों की बैठक में हिस्सा लेने दिल्ली पहुंचे रोहतक लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा में सबसे ज्यादा इंडी गठबंधन को वोट मिले। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह के जीत के नतीजे विधानसभा चुनाव में होंगे।

बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में हरियाणा की रोहतक लोकसभा सीट से कांग्रेस के नवनिर्वाचित सदस्य दीपेंद्र हुड्डा ने कहा पूरे देश में इंडिया गठबंधन को मिले वोटों में से हरियाणा में सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। हमें हरियाणा में 47.6 फीसद वोट मिले हैं। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में हरियाणा के 46 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस को बढ़त मिली है जिससे यह स्पष्ट हो गया है कि आने वाले दिनों में राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव के नतीजे कांग्रेस के पक्ष में होंगे।

# सहस्त्रताल ट्रैक पर गये पांच ट्रैकर्स की मौत 13 ट्रैकर्स को किया गया एयरलिफ्ट

**उत्तरकाशी, (हि.स.)।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सहस्त्रताल ट्रैकिंग रूट पर फंसे ट्रैकर्स की खोज एवं बचाव के लिए चलाया गया अभियान खराब मौसम के चलते रोक दिया गया है। सहस्त्रताल रेस्क्यू अभियान में अब तक 13 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। घटना स्थल से पांच शवों को भी निकाला जा चुका है। चार ट्रैकर्स की खोज अभी जारी है। खोज एवं बचाओ कार्य में खराब मौसम रोड़ा बन रहा है। जानकारी के अनुसार ट्रैकिंग एसोसिएशन ने मंगलवार शाम को उत्तरकाशी के आपातकालीन परिचालन केंद्र को सूचना दी थी कि एक 22 सदस्यीय दल मल्ला-सिल्ला से कुशकुल्याण बुग्याल होते हुए सहस्त्रताल की ट्रैकिंग के लिए निकला था। ट्रैक लीडर राजेश ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण 3 जून को सहस्त्रताल से उत्तरकाशी की तरफ कुठलीटॉप में 13 ट्रैकर्स हैं जिनमें 04 ट्रैकर्स की मृत्यु एवं 09 ट्रैकर्स का स्वास्थ्य खराब है। 07 ट्रैकर्स धर्मशाला बैस कैम्प में, 02 ट्रैकर्स धर्मशला से 16-17 किमी पर कुशकल्याण में सुरक्षित हैं। यह



जानकारी मिलते ही उत्तरकाशी पुलिस-प्रशासन एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के साथ राहत एवं बचाव अभियान में जुट गया। सहस्त्रताल रेस्क्यू अभियानमें अब तक 13 ट्रैकर्स को एयरलिफ्ट कर सुरक्षित निकाल लिया गया है। घटना स्थल से पांच शवों को भी निकाला गया है। चार ट्रैकर्स की खोज अभी जारी है। सहस्त्रताल में फंसे जिन 13 ट्रैकर्स को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया है, उनमें सौम्या कनाले, स्मृति डोलस, शीना लक्ष्मी, एस शिवा ज्योति, अनिल जमतीगे, अरुणाचल भट्ट, भारत बोम्मना गौडर, मधु किरण रेड्डी, जयप्रकाश बीएस, एस सुधाकर विनय एमके, विवेक श्रीधर, नवीन ए, रितिका जिंदल के नाम हैं। इनमें सौम्या, स्मृति, शीना लक्ष्मी, एस शिवा, अनिल, अरुणाचल भट्ट, भारत बोम्मना, मधु किरण, जयप्रकाश बीएस को देहरादून भेजा गया है। तीन ट्रैकर्स एस सुधाकर, विनय एमके और विवेक श्रीधर टीण-भटवाड़ी में रुके हैं।

## जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए केजरीवाल को : वीरेंद्र सचदेवा



**नई दिल्ली(हि.स.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज हो जाने पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आप वहीं (तिहाड़ जेल में) रहें और आपको जो भी स्वास्थ्य के देखभाल की जरूरत होगी, जेल अधिकारी मुहैया कराएंगे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) को दिल्ली की जनता ने नकार दिया है। आआपा पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप एक गंभीर आरोप है। इसलिए मुझे लगता है कि अब उन्हें सोचना चाहिए कि उन्हें बार-बार जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए और कोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट की स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। फैसला सुनाने के दौरान केजरीवाल के वकील ने उनके स्वास्थ्य पर चिंता जताई। इस पर कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को केजरीवाल के स्वास्थ्य संबंधी जरूरी टेस्ट कराने का भी निर्देश दिया है।

# जम्मू-कश्मीर में भाजपा की जीत केन्द्रीय योजनाओं व विकास की बदौलत हुई

**जम्मू (हि.स.)।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की पांच सीटों में से भाजपा और नेशनल कांफ्रेंस ने दो-दो सीटों पर व एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। लद्दाख सीट पर भी निर्दलीय उम्मीदवार ही विजयी रहा है।

वर्ष 1996 के बाद इस बार प्रदेश में रिकार्ड तोड़ 58.46 प्रतिशत मतदान हुआ है। श्रीनगर सीट पर 38.49 प्रतिशत, बारामुला में 59.10 प्रतिशत, अनंतनाग राजौरी सीट पर 55.40 प्रतिशत, जम्मू सीट पर 72.22 प्रतिशत और ऊधमपुर-कठुआ सीट पर 68.23 प्रतिशत मतदान हुआ। उधमपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा के जितेंद्र सिंह ने जीत हासिल की है। जम्मू लोकसभा सीट से जुगल किशोर ने जीत हासिल की है। जितेंद्र सिंह को 571076 वोट हासिल हुए हैं। जम्मू से जुगल किशोर को 687588 वोट हासिल हुए हैं। कश्मीर संभाग की बारामुला सीट से निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल राशिद शेख ने जीत हासिल की है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को बड़े अंतर से हराया है। राजौरी-अनंतनाग संसदीय सीट से नेशनल कॉन्फ्रेंस के मियां अल्ताफ अहमद ने पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफती को हराकर जीत हासिल की है। श्रीनगर सीट पर नेशनल कॉन्फ्रेंस के आगा सैयद रुहुल्ला मेंहदी ने जीत हासिल की है। उन्हें 356866 वोट मिले हैं। पीडीपी के उम्मीदवार वाहिद उर रहमान को 168450 वोट मिले वह दूसरे स्थान पर रहे हैं। जबकि अपनी पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद अशरफ मीर को 65954 वोट मिले। लद्दाख सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद हनीफा ने बाजी मारी है। कांग्रेस के शेरिंग नामग्याल 35770 वोटों के साथ दूसरे स्थान पर रहे हैं। जबकि भाजपा के उम्मीदवार ताशी ग्यालसन 31505 वोटों के साथ तीसरे स्थान पर रहे जम्मू कश्मीर में संसदीय चुनाव ने कई राजनीतिक आकांक्षाओं को उजागर किया है। इसने साबित कर दिया है कि जम्मू कश्मीर में आम कश्मीरी वोट की ताकत को पहचान चुका है और परिवारवाद की सियासत को नकारते हुए दो पूर्व मुख्यमंत्रियों उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की हार की पटकथा लिख दी है। पांच अगस्त 2019 के बाद जम्मू कश्मीर में केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय राजनीतिक दलों के लिए यह पहला बड़ा इम्तहान था। तमाम आशंकाओं के विपरीत चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह शांत रहीं, कहीं भी अलगाववादियों या आतंकियों के चुनाव बहिष्कार का एलान सुनने को नहीं मिला। हर जगह खूब चुनावी रैलियां हुई। इस चुनाव में सबसे बड़ा बदलाव बारामुला संसदीय सीट पर पर देखने को मिला। तिहाड़ जेल में बंद निर्दलीय इंजीनियर रशीद ने सज्जाद गनी लोन और नेशनल कान्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। अनंतनाग-राजौरी संसदीय सीट पर भी ऐसा ही बदलाव देखने को मिला, जहां महबूबा मुफ्ती को हार का मुंह देखना पड़ा। कश्मीर की तीनों सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबला था। पीडीपी-नेकां ने अपने विरोधियों को भाजपा का एजेंट बताते हुए अनुच्छेद 370 को हटाए जाने के खिलाफ मतदान की अपील की। पीपुल्स कॉन्फ्रेंस और अपनी पार्टी ने परिवारवाद की सियासत को समाप्त कर एक नए दौर की बहाली के लिए वोट मांगा। इन दोनों दलों को भाजपा का साथ भी मिला। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि अब कश्मीरी युवा सीधी और साफ बात कहने वालों को अपना प्रतिनिधि चुनना चाहता है।

## कांग्रेस नेता किशोरी लाल बोले, रायबरेली से लोकसभा सदस्य बने रहें राहुल गांधी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस नेता और अमेठी से नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्य किशोरी लाल शर्मा ने बुधवार को दिल्ली पहुंचने के बाद कहा कि मेरी व्यक्तिगत राय है कि राहुल गांधी रायबरेली से लोकसभा सदस्य बने रहें। मीडिया द्वारा वायनाड और रायबरेली लोकसभा सीटों के



बीच राहुल गांधी की पसंद के बारे में पूछे जाने पर अमेठी लोकसभा से नवनिर्वाचित सदस्य किशोरी लाल शर्मा ने यह विचार व्यक्त किए। किशोरी लाल ने कहा, ÷मेरे पास ऐसा कद नहीं है कि मैं राहुल गांधी को सलाह दूं। लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से चाहता हूं कि वे रायबरेली से लोस सदस्य बने रहें। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी जो भी भूमिका तय करेगी, मैं उसमें काम करूंगा। उन्होंने यह भी कहा, ÷मैंने 40 वर्षों में अपनी भूमिका के बारे में नहीं सोचा, आगे भी नहीं सोचूंगा। कांग्रेस ने अच्छा किया है, आगे भी अच्छा करेगी।

## जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए केजरीवाल को : वीरेंद्र सचदेवा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सात दिनों की अंतरिम जमानत याचिका खारिज हो जाने पर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सीएम केजरीवाल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत में कहा कि आज कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आप वहीं (तिहाड़ जेल में) रहें और आपको जो भी स्वास्थ्य के देखभाल की जरूरत होगी, जेल अधिकारी मुहैया कराएंगे। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) को दिल्ली की जनता ने नकार दिया है। आआपा पर लगा भ्रष्टाचार का आरोप एक गंभीर आरोप है। इसलिए मुझे लगता है कि अब उन्हें सोचना चाहिए कि उन्हें बार-बार जेल और बेल का खेल खेलना बंद कर देना चाहिए और कोर्ट के फैसले को स्वीकार करना चाहिए।

# जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ने लिया प्राइमरी चुनाव में भाग, निक्की हेली के समर्थन में भी पड़े वोट

**न्यूयार्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप ने डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन से जुड़े प्राइमरी प्रतिस्पर्धा में मंगलवार को भाग लिया। मैनहट्टन में कोर्ट की ओर से दोषी करार दिए जाने के बाद पहली प्राइमरी थी, जिसमें ट्रंप भाग ले रहे थे।

उन्होंने न्यू मेक्सिको, मोंटाना और न्यूजर्सी की प्राइमरी में भाग लिया। न्यू मेक्सिको में प्राइमरी में हुए मतदान में निक्की हेली के समर्थन में भी वोट पड़े। हालांकि यह 10 प्रतिशत से नीचे ही रहा। वह रेस से बाहर हो चुकी हैं, लेकिन उनका नाम अब भी यहां के बैलेट पर मौजूद है।

वहीं, मोंटाना और न्यूजर्सी में उनके मुकाबले में अब कोई भी नहीं बचा है। वहीं, जो बाइडन ने न्यू मेक्सिको, साउथ डेकोटा, न्यूजर्सी, मोंटाना और वॉशिंगटन डीसी की प्राइमरी में जीत हासिल की।

हालांकि, उनको इजरायल में



उनकी भूमिका से खफा कुछ वोटरों के गुस्से का सामना करना पड़ा। उन्होंने बाइडन की जगह अनकमिटेड च्वाइस पर अपना मत

## रिश्ते खत्म लेकिन भारतीय विमानों का आनंद उठा रहा मालदीव, भारत के दिए हेलीकाप्टर अब एमएनडीएफ के सैनिक उड़ा रहे

**माले।** मालदीव से अपने सैन्य अफसर वापस बुलाने के बाद से भारत की ओर से भेंट किए गए दो हेलीकाप्टरों को मालदीवी सेना एमएनडीएफ इन हेलीकाप्टरों को खुद ही संचालित कर रही है। अधादुडाटकाम ने एक अनाम वायुसैनिक के हवाले से बताया कि जब भी भारत के दिए हेलीकाप्टरों को हवा में उड़ाया जाता है, उसमें मालदीव नेशनल डिफेंस फोर्स (एमएनडीएफ) का एक सैनिक अवश्य बैठा होता है।मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के चीन के प्रबल समर्थक होने के चलते पिछले साल सितंबर में वहां तैनात सभी भारतीय सैनिकों को भारत लौटने को कहा गया था। 88 सैन्य अफसरों की आखिरी खेप तय समय 10 मई तक भारत लौट आई थी। लेकिन भारत ने इसके बाद भेंट किए दो हेलीकाप्टर और डोर्नियर विमानों का संचालन करने के लिए नागरिक अधिकारियों को भेजा था। इसके बावजूद अब इनका संचालन अभी भी मालदीव की सेना कर रही है।

# गाजा में बाइडन के युद्धविराम प्रस्ताव का समर्थन करे सुरक्षा परिषद, अमेरिकी राजदूत ने मसौदा प्रस्ताव भेजा

**संयुक्त राष्ट्र।** गाजा में इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम की कोशिशें तेज हो गई हैं। अमेरिका ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से अनुरोध किया कि वह गाजा में तीन चरण के स्थायी युद्धविराम के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रस्ताव का समर्थन करे। यूएन में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए परिषद के 14 अन्य सदस्यों को एक मसौदा प्रस्ताव भेजा। कहा, बाइडन का उद्देश्य गाजा में आठ महीने से चल रहे युद्ध का अंत करना और सभी बंधकों की रिहाई है। इससे गाजा में पीड़ितों को राहत सामग्री भेजी जा सकेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने 31 मई को समझौता प्रस्ताव जारी कर हमास से इसे बिना देरी और बिना शर्त स्वीकार करने की अपील की



थी। हमास ने कहा था कि वह इसे सकारात्मक रूप से लेगा। इस प्रस्ताव में इजरायल द्वारा प्रस्ताव को स्वीकार या अस्वीकार करने की बात शामिल नहीं है। बाइडन द्वारा घोषित समझौता प्रस्ताव में हमास द्वारा सभी बंधकों को छोड़ने के बदले स्थायी युद्धविराम का प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव के बाद इजरायल सरकार में शामिल उग्रराष्ट्रवादी दलों ने धमकी दी थी कि अगर नेतन्याहू ने बाइडन के प्रस्ताव को स्वीकार किया तो वह सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे।

वहीं, नेतन्याहू ने संसद की विदेश एवं रक्षा मामलों की समिति के समक्ष समझौता प्रस्ताव को लेकर बात की लेकिन विस्तार से नहीं बताया। इस बीच, इजरायल ने हमास के कब्जे में चार और बंधकों की मौत की घोषणा की है। माना जा रहा है कि हमास के कब्जे में अब 80 जीवित बंधक और 43 मृतकों के अवशेष हैं। हमास का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को अमेरिका समर्थित समझौते पर बातचीत के लिए मिस्त्र की राजधानी काहिरा पहुंच गया है। इजरायल पहले चरण में बंधकों की रिहाई के बदले फलस्तीनी कैदियों को छोड़ने को राजी है। पिछले साल सात अक्टूबर से शुरू गाजा युद्ध में अबतक 36,550 फलस्तीनियों की मौत हुई है। जबकि पिछले वर्ष सात अक्टूबर को हमास द्वारा इजरायल पर हमले में 1200 से अधिक इजरायली नागरिकों की मौत हुई थी।

इसके अलावा, हमास ने करीब 250 लोगों को बंधक बना लिया था।-जी-7 के देशों ने भी बाइडन के प्रस्ताव का किया समर्थनजी-7 के देशों के नेताओं ने आठ माह से चल रहे इजरायल-हमास युद्ध को खत्म करने के लिए बाइडन के व्यापक समझौता प्रस्ताव को स्वीकार करने की अपील की। जी-7 नेताओं द्वारा जारी बयान में कहा गया है कि वह बाइडन के गाजा समझौता प्रस्ताव के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम उन देशों से भी अपील कर रहे हैं कि जो देश हमास पर प्रभाव रखते हैं वे उस पर दबाव डाल कर समझौते के लिए राजी करें।

# इजरायल के सैन्य ठिकानों पर हिजबुल्ला का बड़ा ड्रोन हमला, रफाह में भी इजरायली सेना की कार्रवाई जारी

**बेरूत।** गाजा युद्ध के दौरान पहली बार लेबनान के हिजबुल्ला संगठन ने इजरायल के सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से बड़ा हमला किया। हिजबुल्ला ने ड्रोन की पूरी स्क्वाड्रन इजरायल पर हमले के लिए भेजी थी। इससे हुए जान-माल के नुकसान की अभी पुष्ट सूचना नहीं मिली है। वैसे इनमें से ज्यादातर ड्रोन को इजरायल के डिफेंस सिस्टम ने आकाश में ही मार गिराया।

ईरान समर्थित सशस्त्र संगठन हिजबुल्ला गाजा के संगठन हमास के समर्थन में इजरायल पर आठ अक्टूबर, 2023 से लगातार हमले कर रहा है। इजरायल भी संगठन के लेबनान स्थित ठिकानों पर लगातार जवाबी हमले कर रहा है।

इजरायली सेना ने सोमवार को हिजबुल्ला के कई ठिकानों को हवाई हमलों में भारी नुकसान पहुंचाने और उसके कमांडर अली हुसैन साबरा को मारे जाने की



जानकारी दी है। इस बीच सीरिया में सरकार की सलाह के लिए नियुक्त ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड के कमांडर सईद अबयार की हत्या हो गई है। ईरानी समाचार एजेंसी एसएनएन ने हत्या के लिए इजरायल को जिम्मेदार बताया है। इजरायल सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता हमास को नष्ट करना है। इसी के साथ सरकार गाजा से बंधकों की सुरक्षित वापसी भी चाहती है। यह बात इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कही है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री के तौर पर वह दोनों लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य कर रहे हैं लेकिन गठबंधन सरकार के मुखिया के तौर पर उन्हें सहयोगी दलों का दबाव भी झेलना पड़ रहा है। कई बार वार कैबिनेट में एकमत से लिए गए फैसलों के क्रियान्वयन में कठिनाई पैदा हो जाती है। इजरायल सरकार में शामिल अति दक्षिणपंथी दल के नेता व राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गिविर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नेतन्याहू अमेरिकी राष्ट्रपति की गाजा योजना को लागू करने के लिए लीपापोती कर रहे हैं। वह गाजा में युद्ध को धीमा कर रहे हैं।

इस बीच गाजा में इजरायली सेना के ताजा हमलों में 11 लोग मारे गए हैं। इनमें से एक महिला समेत सात लोग नुसीरत शरणार्थी शिविर में और तीन बच्चों समेत चार लोग बुरेज शरणार्थी शिविर में मारे गए हैं। रफाह में भी इजरायली सेना की कार्रवाई जारी है।

## नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बने: द न्यूयार्क टाइम्स

**वाशिंगटन(हि.स.)।** भारत के आम चुनाव के नतीजे पर दुनियाभर के प्रमुख संचार माध्यमों ने अपनी टिप्पणियों के साथ चर्चा की है। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान से लेकर मालदीव तक गूंज है। अमेरिका के प्रमुख समाचार पत्र द न्यूयार्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में दिए गए संदर्भ में टिप्पणी की है कि नेहरू के बाद मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले प्रधानमंत्री बने अखबार ने लिखा है कि नतीजों ने संकेत दिया कि नरेन्द्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी अभी भी अधिकांश संसदीय सीटें जीतेगी...। सरकार बनाने के लिए उसे संभवतः अपने गठबंधन में छोटे दलों की आवश्यकता होगी। द न्यूयार्क टाइम्स ने लिखा है- मोदी पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल शुरू करने वाले दूसरे भारतीय नेता होंगे।

## जलवायु वैज्ञानिक से लेकर मेयर तक का सफर, अब मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं क्लाउडिया शीनबाम

**मेक्सिको सिटी।** जलवायु वैज्ञानिक क्लाउडिया शीनबाम ने मेक्सिको के चुनीवों में बड़ी जीत हासिल करते हुए इतिहास रच दिया है। क्लाउडिया शीनबाम ने इसी के साथ मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनने का गौरव हासिल कर लिया। यही नहीं 61 साल की शीनबाम ने मेक्सिको के लोकतंत्र के इतिहास में सबसे अधिक वोट प्रतिशत जीतकर रिकॉर्ड बनाया है। उन्हें 82 प्रतशत मतों की गिनती के बाद 58.8 फीसदी वोट मिले। शीनबाम इससे पहले मेक्सिको सिटी की मेयर रह चुकी हैं।

मेक्सिको के आम चुनाव में जीत हासिल करने के बाद क्लाउडिया शीनबाम ने जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा, ÷देश के गणतंत्र के 200 सालों के इतिहास में पहली बार मैं मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी। हमने एक विविधता भरे लोकतांत्रिक मैक्सिको को फतह किया है। हमें एक निष्पक्ष और समृद्ध मैक्सिको बनाने के लिए शांति और सद्भाव के साथ चलना होगा। शीनबाम संयुक्त राष्ट्र जलवायु वैज्ञानिकों के उस पैनल का हिस्सा रह चुकी हैं, जिसे साल 2007 में नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। रविवार की रात को अपने विजय भाषण में शीनबाम ने वर्तमान राष्ट्रपति एन्ड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर को धन्यवाद दिया और उन्हें एक असाधारण-अद्वितीय शख्स



करार दिया। उन्होंने कहा कि लोपेज ने मेक्सिको की बेहतरी के लिए काम किया है।

## चीन को लगेगी मिर्ची! मालदीव में ब्रिज का निर्माण कर रहा है भारत, मुइज्जू ने मंत्री ने खुद दी जानकारी

**माले।** पिछले काफी समय से भारत और मालदीव के बीच तनाव चल रहा है। इस बीच भारत अभी भी मालदीव में विकासकार्यों को लगातार गति देने पर काम कर रहा है। इसकी जानकारी खुद मालदीव के निर्माण एवं अवसंरचना मंत्रालय ने एक्स पर ट्वीट करके दी है। मालदीव के निर्माण एवं अवसंरचना मंत्रालय ने एक्स पर कहा, ÷आज निर्माण एवं अवसंरचना मंत्री डॉ. अब्दुल्ला मुत्तलिब और मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर ने उच्चायोग के सीनियर अधिकारियों, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों और तकनीकी टीम के साथ थिलामेल ब्रिज साइट का निरीक्षण किया। मंत्रालय ने आगे लिखा है, इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने थिलामेल ब्रिज की प्रगति और वहां चल रहे कार्यों का बारीकी से निरीक्षण किया।

# जौनपुर पुलिस ने एक लाख के ईनामी बदमाश को किया ढेर, तमंचा, कारतूस व मोटरसाइकिल बरामद

**अवधनामा संवाददाता**



खेतासराय, सरपतहां, बक्सा, बदलापुर, स्वाट, स्पेशल स्वाट व सर्विलांस पुलिस की संयुक्त टीम को मिली सफलता

**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खेतासराय, स्वाट, स्पेशल स्वाट, सर्विलांस सहित अन्य थानों की संयुक्त टीम ने मुठभेड़ में अन्तर्जनपदीय दुर्दान्त, 1 लाख रुपये के ईनामी, आतंक का पर्याय बन चुके बदमाश प्रशान्त सिंह उर्फ प्रिंस पुत्र प्रेम नारायण सिंह निवासी नेवादा ईश्वरी थाना सरायख्वाजा को ढेर कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार बीती रात्रि खेतासराय थाना क्षेत्र के सोंगर से आगे पुलिया के पास पुलिस टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी कि एक मोटरसाइकिल को रोका गया परन्तु उस पर सवार व्यक्ति पुलिस पर फायरिंग करते हुये सोंगर की तरफ भागने लगे। पुलिस टीम ने पुलिया के पास उन्हें घेरते हुये आत्मसमर्पण के लिये कहा तो वह लक्ष्य बनाकर फायरिंग शुरू कर दिये जिसमें उपनिरीक्षक विवेक तिवारी के हाथ व निरीक्षक रामजन्म यादव के बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक गोली एक बदमाश को लगी जिससे वह घायल हो गया जबकि दूसरा हमेशा की तरह अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया। फिलहाल घायल बदमाश को पुलिस जिला अस्पताल लायी जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी पहचान प्रशान्त सिंह उर्फ प्रिन्स पुत्र प्रेम नारायण सिंह निवासी ईश्वरी नेवादा थाना सरायख्वाजा के रूप में हुई। पुलिस के अनुसार मौके से दो पिस्टल 9 एमएम, 3 मैग्जीन, 16 जिन्दा कारतूस 9 एमएम, 3 खोखा, एक मोटरसाइकल एवं मेहरून कलर का एक बैग बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर धारा 307 भादंवि, धारा 3/7/25 आर्म्स एक्ट व धारा 411/413 भादंवि का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस के अनुसार प्रशान्त सिंह के विरूद्ध जौनपुर के अलावा आजमगढ़, प्रतापगढ़, अयोध्या सहित मुम्बई में हत्या, लूट जैसे 37 आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ की पुलिस टीम में दीपेन्द्र सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना खेतासराय मय टीम, विनीत राय स्वाट टीम प्रभारी मय टीम, रामजन्म यादव प्रभारी स्वाट स्पेशल टीम, मनोज सिंह थानाध्यक्ष बक्सा मय टीम, रोहित मिश्रा थानाध्यक्ष बदलापुर मय टीम एवं त्रिवेणी सिंह थानाध्यक्ष सरपतहां मय टीम शामिल रहे।

## ऋद्धिमा ने प्रथम प्रयास में ही नीट में पायी सफलता

**जौनपुर।** नीट की परीक्षा में प्रथम प्रयास में सफलता प्राप्त कर ऋद्धिमा श्रीवास्तव ने परिवार सहित जनपद का नाम रोशन कर दिया। उसने नीट की परीक्षा में 98.85 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। नगर के जजेज कॉलोनी



निवासी ऋद्धिमा के पिता प्रवीण मोहन श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। उसके दादा स्व0 मोहन लाल श्रीवास्तव दीवानी न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता थे। ऋद्धिमा की माता रोली श्रीवास्तव अध्यापिका हैं। ऋद्धिमा बचपन से ही मेधावी छात्रा रही। उसने 2021 में हाईस्कूल में 98 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट में बायो ग्रुप से 95.2 प्रतिशत अंक हासिल किया था। इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 1 वर्ष में ही प्रथम प्रयास में उसने सफलता हासिल की। ऋद्धिमा की सफलता से परिजनों व जनपदवासियों में हर्ष व्याप्त है। वहीं इस बाबत पूछे जाने पर उसने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर भाविप ने गोष्ठी एवं चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** भारत विकास परिषद की जनपद शाखा ने अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नेतृत्व विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर के गुलर घाट पर स्थित राम मंदिर शाखा पर जागरूकता गोष्ठी पौधरोपण एवं बीआरपी इण्टर कॉलेज में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस मौके पर अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि आज विभिन्न प्रकार से पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है जिसका परिणाम इस समय तापमान वृद्धि है।

पूर्व अध्यक्ष शरद पटेल के कहा कि आज विभिन्न प्रकार से पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। अंधाधुंध पेड़ों की कटाई प्लास्टिक का बेतहाशा प्रयोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक ने कहा कि पौधरोपण के साथ उसके संरक्षण पर जोर देना चाहिए। पूर्व अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी मानिक चंद्र सेठ, अविनाश गुप्ता, अश्वनी जायसवाल सहित अन्य ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करने का आह्वान किया। तत्पश्चात बीआरपी इण्टर कालेज में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जहां प्रथम रिद्धि गुप्ता, द्वितीय सलोनी सेठ एवं तृतीय सारन्या सहित प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को संस्था ने पुरस्कृत किया। वहीं जिला समन्वयक लोकेश कुमार ने उपस्थित बच्चों से पर्यावरण संरक्षण का आग्रह करते हुये कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। इस अवसर पर फलाहारी महाराज, पूर्व अध्यक्ष विक्रम गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल सिंह, प्रदीप जायसवाल, डा. गौरव प्रकाश मौर्या, शरद साहू, ध्रुव जायसवाल, राजीव श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रताप चौधरी, रविकान्त जायसवाल, विष्णु गौड़, सर्वेश जायसवाल, राजू अग्रहरी, अमित गुप्ता सहित तमाम लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सचिव सतेंद्र अग्रहरी ने किया। अन्त में प्रकल्प प्रमुख ऋषि श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

# 6 से 25 जून के मध्य होगा खाद्यान्न वितरण : जिलापूर्ति अधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलापूर्ति अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह जून 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण 6 से 25 जून के मध्य किया जायेगा। जनपद के समस्त उचित दर दुकानों पर वन नेशन वन राशन कार्ड के तहत खाद्यान्न प्राप्त किये जाने की सुविधा उपलब्ध रहेगी। उक्त वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किग्रा0 खाद्यान्न (14 किग्रा0 गेहूं तथा 21 किग्रा0 चावल) तथा पात्र गृहस्थी राशन कार्डो से सम्बद्ध यूनिटों पर 5 किग्रा0 खाद्यान्न प्रति यूनिट (2 किग्रा0 गेहूं व 3 किग्रा0 चावल) का निःशुल्क वितरण लाभार्थियों में सुनिश्चित कराया जायेगा। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रान्जेक्शन कर सकेंगे। उक्त योजनान्तर्गत गेहूँ, चावल के निःशुल्क वितरण की अंतिम तिथि 25 जून होगी। जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं हेतु मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से वितरण सम्पन्न किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि तत्क्रम में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित है कि नई ई-वेईंग लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से लाभार्थियों/राशन कार्डधारकों में नियमानुसार खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण पर्यवेक्षणीय अधिकारियों की उपस्थिति में करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपनी उचित दर दुकानों पर उक्त योजना के सम्बन्ध में इसकी सूचना चस्पा करेंगे, ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी खाद्यान्न प्राप्त करने से वंचित न रह जाय।

# वेव एकेडमी जौनपुर ने फिर लिखा इतिहास



**अवधनामा संवाददाता**

श्रेया ने संस्थान, परिवार, गांव एवं जनपद का बढ़ाया मानः अमित पाण्डेय

**जौनपुर।** नगर के वाजिदपुर तिराहे पर स्थित वेव एकेडमी की छात्रा श्रेया मिश्रा ने परिवार सहित पूरे जनपद का नाम रोशन कर दिया। उसने नीट–2024 में 660 अंक प्राप्त किया जिसके साथ ही संस्थान के साथ गांव, परिवार एवं जनपद का मान बढ़ा दिया। बता दें कि श्रेया जिला मुख्यालय से सटे कुल्हनामऊ गांव निवासी डा. धीरज प्रसाद मिश्र की पुत्री है जो सफलता पाने के बाद कहा कि ऑनलाइन क्लासेस से दूर रहकर आफलाइन मोड में पढ़ाई करने से जल्दी सफलता मिलती है। साथ ही यह भी कहा कि इस सफलता का सारा श्रेय, माता–पिता एवं गुरूजनों को जाता है। वहीं वेव एकेडमी के संचालक अमित पाण्डेय ने श्रेया को संस्थान पर बुलाया जहां मिठाई खिलाकर अभिवादन करते हुये उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी किया। बता दें कि हर वर्ष नीट सहित इस तरह की परीक्षाओं में वेव एकेडमी के बच्चे बाजी मारते रहते हैं। इस अवसर पर शिक्षक विनय पाल, विनय विश्वकर्मा, अखिलेश यादव, संदेश तिवारी, अवनीश दुबे, राजीव यादव सहित तमाम छात्र–छात्रा मौजूद रहे।

## शराबियों की हरकत से परेशान होते हैं लोग

**ललितपुर।** नगर के तालबेहट कस्बे में पूराकलां चौराहा के आगे झांसी जाने वाले पुराने मार्ग में स्थित गायत्री शक्ति पीठ मंदिर के पास ही अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित हो रही है। दुकान पर लगने वाली भीड़ से मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी हो रही है। इसलिए लोगों ने शराब की दुकान हटाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि आबकारी विभाग के नियम को दरकिनार करके दुकान खोली गई है। पूराकला चौराहे के आगे झांसी पुराना रोड़ स्थित गायत्री शक्ति पीठ मन्दिर के महज 20 मीटर की दूरी पर अंग्रेजी शराब की दुकान खुली है। घनी आबादी के बीच स्थित दुकान पर शराबियों के जुटने की वजह उधर से गुजरने वालों को परेशान होना पड़ता है। गायत्री शक्ति पीठ मंदिर पर जाने वाले श्रद्धालु भी परेशान होते हैं। खाकर महिला श्रद्धालुओं को ज्यादा दिक्कत होती है। शराबियों की हरकतों से लड़कियों व महिलाओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# स्टाफ नर्स पर अभद्रता व धन उगाही का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** जनपद में आए दिन जिला महिला अस्पताल में मरीजों व तीमारदारों से धन उगाही और अभद्रता तमाम आरोप लगते रहे है। बुधवार को ऑल इंडिया आशा बहू कार्यकत्री कल्याण सेवा समिति के बैनर तले जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची दर्जनों आशा बहुओं ने महिला अस्पताल में कार्यरत स्टाफनर्स पर धन उगाही और अभद्रता का आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र सौंपा है। संगठन अध्यक्ष संध्या सिंह के नेतृत्व में अजमतगढ़ पीएचसी पर कार्यरत आशा बहुओं ने आरोप लगाया है आए दिन हम लोग जब भी जिला महिला अस्पताल में प्रसव के लिए मरीज लेकर आते है। अस्पताल की स्टाफ नर्स स्मिता राय के द्वारा हम आशाओं के साथ अभद्र व्यवहार तो किया ही जाता है ऊपर से प्रसव पंजिका में नाम डालने के एवज में धन की भी मांग की जाती है। इसी व्यवहार के कारण पहले भी आशा बहुओं के विरोध पर इनका कई बार तबादला हो चुका है लेकिन इसके बाद भी इनके व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आशाओं ने जिला प्रशासन से मांग किया है की ऐसे स्टाफ नर्स का अन्यत्र जगह तबादला किया जाए। ताकि अस्पताल में मरीजों या आशा बहुओं के साथ इस तरह के व्यवहार पर रोक लग सके। इस दौरान कंचन देवी, विद्वतमा देवी, प्रमिला सिंह, ज्ञानमति देवी, सुनीता सिंह, चंदा देवी, सरिता देवी सहित अन्य आशाएं मौजूद रही।

# 99 यू पी बटालियन एन सी सी ने सर्वोदय पब्लिक स्कूल में किया वृक्षारोपण

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** सर्वोदय पब्लिक स्कूल, घोरठ में चल रहे 99 यू पी बटालियन एन सी सी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर,सी ए टी सी-312 के अंतिम दिन,विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग आजमगढ़ से आये हुये ए0 सी0 एफ0 नवीन वर्मा,जिला परियोजना अधिकारी, प्रखर त्रिपाठी, डिप्टी रेंजर लक्ष्मी सोनकर व अन्य ने कैडेटों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के महत्व को विस्तार से बताया। कैम्प कमाण्डेन्ट ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के इस संकटकाल में एन सी सी के अनुशासित और समर्पित युवा उम्मीद की किरण है जो न केवल वृक्षारोपण अपितु पर्यावरण संरक्षण के प्रत्येक पहलुओं के सशक्त संदेशवाहक बनेंगे अपितु पर्यावरण की रक्षा के सजग चौकीदार बनकर भावी पीढ़ी के लिए सुन्दर और हरी भरी धरती की संकल्पना को साकार करेंगे,एन सी सी के अनुशासित और समर्पित युवा पर्यावरण के सजग प्रहरी है और इनकी बड़ी भूमिका है। सर्वोदय पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक राजेन्द्र यादव की उपस्थिति में बटालियन और वन विभाग के अधिकारियों के साथ शिविर के प्रतिभागी कैडेटों ने कैंपस में कदम्ब,चितवन,नीम तथा अन्य पर्यावरण के अनुकूल पौधों के साथ वृहद पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर सहयुक्त एन सी सी अधिकारीगण,पी आई स्टॉफ, कैडेट्स और सर्वोदय पब्लिक स्कूल का स्टाफ भी सक्रिय रूप में उपस्थित रहें।

## जिला महिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक हुई। महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष शीला भारती की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रेमा चौहान ने किया बैठक में कांग्रेस की जीत का एक दूसरे को बधाई देते मिठाई खिलाकर खुशी का इजिहार किया। गया और इण्डिया गठबंधन की सरकार बनाने के लिए शुभकामनायें दी गयी और अन्त में बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसी नेत्री बेगम मसूदा अब्बासी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में आयी हुई सभी महिला कांग्रेस सदस्यों एवं पदाधिकारी ने 2 मिनट का मौन धारण कर बेगम मसूदा अब्बासी की आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। बैठक में महिला एवं पुरूष कांग्रेसों सदस्यों ने भाग लिया उनके नाम निम्न है। शीला भारती, प्रेमा चौहान, शमा खान, करिश्मा भारती, उर्मिला देवी, लक्ष्मीना यादव, मीना देवी, कावेरी दूबे, शाहीदा बेगम गीता गौड, गोदावरी देवी, एंव शम्भू शास्त्री आदि लोग उपस्थित रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नारी किया पौधारोपण

**अवधनामा संवाददाता**




**आजमगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में पांच जून को जिले में दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट और मैं हूँ ना के बैनर तले बुधवार को संयुक्त रूप से पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एक ही दिन में इस संगठन की अध्यक्ष पूजा सिंह एवंम संरक्षक विजय लक्ष्मी मिश्रा के नेतृत्व में जिले के अंदर करीब दो सौ से अधिक पौधों का रोपण किया गया है। इस कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर लोगों ने हिस्सा लिया है। यही नहीं संगठन से जुडी महिलाओं ने न सिर्फ पौधरोपण का कार्यक्रम किया बल्कि इन पौधों का संरक्षण करने का भी संकल्प लिया है। जिसकी सराहना अधिकारी से लेकर आम लोग करते दिखे जो अब चर्चा का विषय बना हुआ है। जिले की दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष पूजा सिंह और उनकी संगठन से जुडी पदाधिकारियों ने प्रकृति में संतुलन स्थापित करने एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अपने अपने घर के आस-पास वृक्षारोपण किया। इतना ही नहीं संगठन द्वारा रानी की सराय ब्लॉक क्षेत्र के तमौली गांव में स्थित एक गौशाला में भी वृक्षारोपण किया। इस दौरान संगठन की अध्यक्ष पूजा सिंह ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारा ग्रुप पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, पॉलिथीन के कम उपयोग हेतु जागृति पशुओं के लिए घर के सामने नांद रखना पक्षियों के लिए सकोरा रखना जैसे कार्य करता रहा है। वृक्षों के महत्व को देखते हुए संगठन की महिलाओं ने पौधरोपण किया है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना सिर्फएक दिन का काम नहीं यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। पर्यावरण की रक्षा यानी पृथ्वी को बचाने और उसे समृद्ध करना अपने अपने जीवन को खुशहाल तथा समृद्ध बनाना है। समाज में केवल मनुष्य का समूह नहीं होता पशु,पक्षी, नदियां, तालाब, समुद्र, पहाड़, वायु, प्रकाश, बाग-बगीचा, जंगल सब मिलकर प्रकृति का निर्माण करते हैं। प्रकृति का संतुलन समाज के लिए अति आवश्यक है। स्वस्थ समाज के लिए स्वच्छ वायुमंडल के लिए पौधरोपण आवश्यक है। ऐसे वक्त में पौधरोपण कर हम ऑक्सीजन की उपलब्धता वातावरण में बढा सकते हैं। इस अवसर पर जिले की मसहूर गाइनो डॉ विपिन यादव भी मौजदू रही जो संगठन की महिलाओ की हौंसलो को बढ़ाया। इस दौरान मैं हूँ ना संगठन की अध्यक्ष विजय लक्ष्मी मिश्रा ने कहा कि आज विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण किया गया जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। हम लोगों द्वारा दो माह का विशेष अभियान चलाकर करीब एक लाख पौधे जिले भर में लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान दुर्गा शक्ति सेवा ट्रस्ट की पदाधिकारी रीना गुप्ता, एकता, प्रतिभा, संगीता वर्मा, अनीता, पूजा सेठ समेत कई महिलाएं उपस्थित रही।

# वृक्षारोपण कर मनाया गया पर्यावरण दिवस

जीवन के लिए आवश्यक है पर्यावरण संतुलनः ए.एन. सार

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** आजकल मानक जीवनशैली और कई कारणों से पर्यावरण दूषित होता जा रहा है। ऐसे में आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित जीवन देने के लिए पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाना अति आवश्यक है। लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। यह बात आज ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ ए.एन. सार ने वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। इसके साथ ही कंपनी परिसर में अधिकारियों व उनके परिजनों ने वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत की। विश्व पर्यावरण दिवस को मनाने के लिए लोगों में भारी उत्साह दिखाई दे रहा था। कार्यक्रम की शुरुआत ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी के सीईओ ए.एन सार और पत्नी अलका सार ने पौधारोपण करके की। इस दौरान सीईओ ने कहा कि मानव ने भौतिक संसाधनों को जुटाने के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन किया है। नतीजतन समूचे जीवों का अस्तित्व संकट में आता रहा है। तेजी से बढ़ते तापमान और पल-पल बदलता मौसम हमें लगातार चेतावनी दे रहा है। हालात नियंत्रण में नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवन दुश्वार हो जाएगा। इसलिए प्रत्येक मनुष्य को पर्यावरण की रक्षा के वृक्षारोपण का संकल्प लेना चाहिए।

इस मौके पर बजाज परिवार की महिलाओं एवं बच्चों के लिए पोस्टर एवं श्लोगन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा चक्रीय अर्थव्यवस्था एवं स्वच्छ हवा विषय पर चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान माला भी आयोजित की गई।

# अखिलेश यादव के एजेंडा पर जनता ने किया भरोसाः धर्मेन्द्र

**अवधनामा संवाददाता**



**आजमगढ़।** आजमगढ़ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद धर्मेन्द्र यादव ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह जनता की जीत है। नेताजी ने आजमगढ़ के विकास की बुनियाद रख दिया था। जिसे अखिलेश यादव ने आगे बढ़ाया, उसे और आगे बढ़ाया जाएगा। सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि जिले में भ्रमण के दौरान देखा कि देवारा में गंभीर समस्या है उसका समाधान किया जाएगा। चुनाव अभियान के दौरान यह भी महसूस किया कि जीयनपुर में सबसे अधिक जाम की समस्या है। जहां भी समस्या होगी वहां पर काम किया जाएगा। भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए सपा सांसद ने कहाकि भाजपा के लोगों ने जनता को धोखा देने का काम किया है। 2014 से लेकर 2024 तक भाजपा का यह पांचवा चुनाव है। पांचों चुनाव में जनता को गुमराह करने की कोशिश की गई। देश की जनता को 2014 में लगा कि नरेन्द्र मोदी गुजरात से आए हैं। जनता ने उन पर भरोसा किया। यही कारण है कि जब महंगाई कम करने की बात कही और देश नहीं बिकने दूंगा की बात कही तो देश की जनता ने भरोसा किया लेकिन आज एक बात स्पष्ट हो गई है कि भाजपा के लोग जो कहते हैं उसके उल्टा चलते हैं। जो पर्दा पड़ा हुआ था इस लोकसभा के चुनाव में सब जनता के समझ में आ गया। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने जो एजेंडा सेट किया उस पर जनता ने भरोसा किया। आजमगढ़ की सरजमी ने देश की आजादी से लेकर अब तक एक से एक लोगों को निर्वाचित किया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार और धन्यवाद देता हूं। नेताजी ने अपने पूरे जीवन में आजमगढ़ की सेवा की, इसके साथ ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसे अपना दूसरा घर माना है। किसी जिले में इतनी ऐतिहासिक और अनुभवी सरजमी नहीं है। सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कहाकि पूर्वांचल की हार को लेकर अयोध्या के लोगों को धन्यवाद देता हूं। भगवान राम की मर्यादाओं को तोड़ने का काम भाजपा के लोगों ने किया। भाजपा ने कहा भगवान राम को हम लाए हैं। भगवान राम भी इस बार नाराज हो गए। यही कारण है कि भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा और भाजपा अयोध्या की सीट भी हार गई।



# कार्यालय-जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी।

पत्रांक : 367(1)/नि0अ0/जि0पं0/पंजी0/2024-25 दिनांक : 05 जून, 2024

**नवीन पंजीयन/नवीनीकरण सूचना**

सर्व साधारण एवं जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी के पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 के निर्माण कार्य संपादन हेतु नवीन पंजीकरण/नवीनीकरण के लिए आवेदन दिनांक : 20.06.2024 सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं। नवीन पंजीयन/नवीनीकरण के लिए चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र (जिलाधिकारी द्वारा निर्गत) वाणिज्यकर विभाग का पंजीकृत जी0एस0टी0नं0 व आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन नं0, अनुभव प्रमाण-पत्र केवल नवीन पंजीयन हेतु आधार कार्ड की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति प्रस्तुत करना होगा। नवीनीकरण के सम्बन्ध में यह भी अवगत कराना है कि सम्बन्धित ठेकेदार का गत वर्षो के कार्यो का पूर्ण परीक्षण के उपरान्त ही फर्म के नवीनीकरण पर विचार किया जायेगा। नवीन पंजीयन हेतु शासनादेशानुसार इस आशय का शपथ पत्र भी देय होगा कि जिला पंचायत, लखीमपुर-खीरी का कोई पदाधिकारी/सदस्य एवं अधिकारी/कर्मचारी मेरा सम्बन्धी नही है। नवीन पंजीकरण सक्षम प्राधिकारी से स्वीकृति उपरान्त निर्धारित स्थाई जनरल जमानत (सिक्योरिटी) के रूप में नेफ्ट/आर0टी0जी0एस0/नकद धनराशि देय होगी। साथ-साथ पंजीकरण एवं नवीनीकरण के लिए निर्धारित शुल्क जिला पंचायत की ''जिला निधि'' में जमा करना होगा। अन्य जानकारी कार्यालय के कार्यदिवस में की जा सकती है।

**अभियन्ता,**
**जि.पं., लखीमपुर-खीरी।**

**अपर मुख्य अधिकारी,**
**जि.पं., लखीमपुर-खीरी।**

**अध्यक्ष,**
**जि.पं., लखीमपुर-खीरी।**

# एनएसई ने एक दिन में 1,971 करोड़ ट्रांजैक्शन करके बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड




**नई दिल्ली (हि.स.)।** जेडीयू और टीडीपी के एनडीए में बने रहने का ऐलान करने के कारण घरेलू शेयर बाजार ने आज 3 साल बाद एक दिन में 3 प्रतिशत से अधिक उछलने में कामयाबी हासिल की। इस तेजी के साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने आज 1,971 करोड़ ट्रांजैक्शन हुए, जो दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक कारोबारी दिन में हुए ट्रांजैक्शन का सर्वोच्च रिकॉर्ड है। इसके पहले दुनिया भर के किसी भी स्टॉक एक्सचेंज में एक दिन में इतने ट्रांजैक्शन कभी नहीं हुए।

इस रिकॉर्ड की जानकारी एनएसई के सीईओ आशीष चौहान ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए दी। उन्होंने लिखा कि एनएसई ने आज 5 जून को सुबह 9:15 बजे से लेकर दोपहर 3:30 बजे तक 6:15 घंटे के कारोबार में 1 दिन में अब तक का सबसे अधिक ट्रांजैक्शन संभाला, जो एक नया विश्व रिकॉर्ड है। एनएसई ने दिन में 1,971 करोड़ ऑर्डर और 28.55 करोड़ ट्रेड को संभाला।

इससे पहले मंगलवार को मतगणना के नतीजों में भाजपा को अपने दम पर बहुमत नहीं मिलने पर शेयर बाजार में मार्च, 2020 के बाद पहली बार 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ गई थी। बुधवार को केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना बन जाने की वजह से खरीदारों ने आज चौतरफा खरीदारी की। इस वजह से शेयर बाजार ने कल की गिरावट को भूल कर आज जोरदार वापसी की। बाजार में बने उत्साह के माहौल की वजह से निफ्टी 3.36 प्रतिशत उछल कर 22,620.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। फरवरी, 2021 के बाद निफ्टी में एक दिन में आई ये सबसे अधिक तेजी है। 1 फरवरी, 2021 को बजट पेश करने के बाद निफ्टी करीब 5 प्रतिशत उछल गया था। शेयर बाजार के जानकारों का मानना है कि अगर केंद्र में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनती है, तो केंद्र सरकार की नीतियों में बड़े बदलाव होने की आशंका नहीं होगी। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में शेयर बाजार में और भी तेजी आ सकती है।

## हेली शाह बनीं 'गुल्लक 4' का हिस्सा- ये सफर है प्यार, हंसी-ठिठोली और पुरानी यादों का!



सोनी लिव के पसंदीदा शो गुल्लक का बहुप्रतीक्षित चौथा सीजन लोगों में उत्सकुता और अटकलों को बढ़ाने का काम कर रहा है। प्रशंसक बड़ी ही बेसब्री से मिश्रा परिवार की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, जोकि अपनी दिल छू ले वाली और वास्तविक-सी लगने वाली कहानियों के साथ भारतीय घरों का अहम हिस्सा बन गए हैं। इस सीरीज की लोकप्रियता हर सीजन में बरकरार रही और यही वजह रही कि यह लोगों की पसंदीदा बनी हुई है। 7 जून से सोनी लिव पर इसका आगामी सीजन स्ट्रीम होने वाला है। ऐसा माना जा रहा है कि इस सीजन में कई ऐसे बेहतरीन पल होंगे जो दर्शकों को बेहद पसंद आने वाले हैं। इस नए सीजन में मिश्रा परिवार पहले से भी कहीं ज्यादा दिलकश और आम लोगों की जिंदगी से जुड़े किस्से लेकर लौटा है। काफी सारे दर्शक यह देखने के लिए उत्सुक हो रहे हैं कि परिवार के ढांचे में किस तरह के बदलाव आए हैं और आगे किस तरह की नई चुनौतियां व रोमांच उनका इंतजार कर रही हैं। इसके ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया, जिससे गुल्लक के एक और यादगार सीजन होने की उम्मीदें बढ़ती जा रही हैं।

इस सीजन की सबसे खास बात है, डॉ. प्रीति के किरदार में हेली शाह का शामिल होना। उनके आने से चर्चाओं का बाजार काफी गर्म है और इस शो में उनके किरदार को लेकर भी काफी उत्सुकता है। 'गुल्लक 4' की शूटिंग के दौरान अपने अनुभवों के बारे में, हैली कहती हैं, ÷गुल्लक' एक बेहतरीन फ्रेंचाइजी है, जिसे दर्शकों ने काफी प्यार दिया और सराहा। इतने बेहतरीन शो की शूटिंग करने में मुझे काफी मजा आया, जिसने अपनी वास्तविक और दिलकश कहानियों से दर्शकों का मन मोह लिया है। इतने टैलेंटेड एक्टर्स के साथ काम करना मेरे लिए खुशनसीबी की बात है। पिछले तीन सीजन देखने के बाद मैंने यह पाया है कि 'गुल्लक' में आम पलों को भी रोचक कहानी में बदल देने की क्षमता है।

# लखनऊ के छात्रों ने 2023 -24 ओलंपियाड पुरस्कारों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

**लखनऊ।** विश्व के सबसे बड़े ओलंपियाड, साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2023-24 में लखनऊ के तीन छात्रों ने इंटरनेशनल रैंक हासिल की है। सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज, गोमती नगर के पांचवीं कक्षा के छात्र प्रथित वी उपाध्याय ने नेशनल साइंस ओलंपियाड में पहली रैंक हासिल की और अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त किया दूसरी ही तरफ दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4 के नौवीं कक्षा के देवांश और तीसरी कक्षा की सोविनी श्रीया ने भी नेशनल कॉमर्स ओलंपियाड में अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक और प्रमाण पत्र प्राप्त करते हुए प्रथम रैंक हासिल की।

इस वर्ष के एसओएफ ओलंपियाड में 70 देशों के लगभग लाखो छात्रों ने भाग लिया, जिसमें लखनऊ के 43,304 से अधिक छात्र शामिल थे। प्रतिभागियों में लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल सहित लखनऊ के जाने-माने स्कूल शामिल थे।




साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) ने डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में एसओएफ ओलंपियाड विजेताओं 2023-24 की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए 26 वां सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा और प्रसिद्ध लेखक एवं स्तंभकार चेतन भगत भी मौजूद थे।

समारोह में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति दीपक मिसरा ने 700 से अधिक उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ÷ आर्टिफिसियल इंटलीजेंस का प्रयोग मात्र एक टूल की करना चाहिए, उन्होंने कहा की एआई इंसान का स्थान नहीं ले सकती, उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए की, प्रतिस्पर्धा कभी समाप्त नहीं होती, जब आप प्रतिस्पर्धा के बारे में बात करते हैं, तो सफलता उसके पीछे आती है क्योंकि हर कोई सफल होने के लिए प्रतिस्पर्धा करता है। सफलता ही वास्तविक उपलब्धि है।

उन्होंने आगे कहा कि कोई व्यक्ति 'समय' पर महारत हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकता है, लेकिन उसे समय का प्रबंधन करने के लिए दृढ़ संकल्प होना चाहिए। युवा छात्रों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि उन्होंने कहां से पढ़ाई की है और अपनी मातृ संस्था को कभी न भूलें। ।

## सर्राफा बाजार में तेजी लौटने से महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू सर्राफा बाजार में जारी गिरावट पर आज रोक लगी है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमत में आज इजाफा हुआ है। सोने की कीमत में आज 700 रुपये से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आई है। सर्राफा बाजार में आज आई इस उछाल के कारण देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,880 रुपये से लेकर 73,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये से लेकर 67,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज मजबूती दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 94,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा

हम जून 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो रविवार, 09 जून 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनरों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें स्लिसेरा को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा।हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप रविवार, 09 जून 2024 को स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के 24 शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, पैसिफिक मॉल और वुडलैंड पार्क, मुंबई का हॉर्निमन सर्कल गार्डन, नवी मुंबई का ऐरोली, पुणे का सारसबाग, गुरुग्राम का एंबिएंस मॉल, जयपुर का वर्ल्ड ट्रेड पार्क, बेंगलुरु का कब्बन पार्क, कानपुर का कारगिल पार्क, चंडीगढ़ का जाकिर हुसैन रोज़ गार्डन, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्धमान का मालिर मठ, दुर्ग का एन.एन पार्क, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का




लालबाग गार्डन, कोलकाता का लेयेलका मठ, सरसुना कॉलेज और रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का आईपी सिगरा मॉल, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क और वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में क्लॉक कोर्ट, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, शांतिपुर का सार्वजनिक पुस्तकालय खेल का मैदान, लखनऊ का फन रिपब्लिक मॉल, अहमदाबाद का अहमदाबाद वन मॉल, विशाखापत्तनम का केंद्रीय उद्यान और तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय शामिल हैं।

फीचर्ड पोकेमॉन

स्लिसेरा जंगली इलाकों में अधिक बार दिखाई देगा।

फ़ीचर्ड अटैक

इवेंट के दौरान या उसके पांच घंटे बाद तक स्नेलिसा (स्लिसेरा के विकसित रूप) को विकसित कर एक ऐसा शीरीक्वीनी पाएं जिसे चार्ज्ड अटैक हाई जम्प किक आता है।

थंडर पंच

ट्रेनर बैटल- 55 पावर

जिम और रेड- 45 पावर

कम्युनिटी डे - स्पेशल रिसर्च स्टोरी

भारतीय 29 में, आप स्लिसेरा कम्युनिटी डे -एक्सक्लूसिव स्पेशल रिसर्च स्टोरी एक्सेस कर पाएंगे।

स्पेशल रिसर्च के टिकट की जानकारी के लिए जुड़े रहें।

# रियलमी ने 7999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी नार्ज़ो एन63 पेश किया

**नई दिल्ली।** सबसे भरोसेमंद स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी प्रतिष्ठित नार्ज़ो सीरीज़ में रियलमी नार्ज़ो एन63 पेश किया।

नार्ज़ो एन सीरीज़ में 'एन' उन टेक्नोलॉजी प्रेमियों की अगली जनरेशन को प्रदर्शित करता है, जो अपने स्मार्टफोन की जरूरतों को गहराई से समझते हैं। स्मार्टफोन की यह अग्रणी सीरीज़ इन यूज़र्स को सर्वोत्तम टेक्नोलॉजी और शानदार फंक्शनैलिटी के साथ बेहतर टेक केंद्रित लाईफस्टाईल प्रदान करती है। भारत में 16 मिलियन से ज्यादा के यूज़र बेस के साथ रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ रियलमी यूज़र्स के लिए एक पॉवर बूस्ट और प्रगतिशील अनुभव का प्रतिनिधित्व करती है, जिसमें हर नया स्मार्टफोन ब्रांड की गुणवत्ता बढ़ाता है। रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ पेश करने के लिए रियलमी और अमेज़न ने रणनीतिक गठबंधन किया है, जिसके अंतर्गत ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान किया जा रहा है। रियलमी नार्ज़ो सीरीज़ केवल अमेज़न.इन पर उपलब्ध है, जो अपने



यूज़र्स को आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं फीचर्स वाली डिवाईस प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। रियलमी की ड्युअल-प्लेटफॉर्म की रणनीति के अनुरूप रियलमी ने मार्च 2023 में अमेज़न पर अपना पहला ऑनलाईन स्टोर शुरू किया था।

इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें रियलमी नार्ज़ो एन63 पेश करने की खुशी है। यह सभी को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। नार्ज़ो सीरीज़ का उद्देश्य इनोवेटिव टेक्नोलॉजी को जनसमूह तक पहुँचाना है, और रियलमी नार्ज़ो एन63 इसी विरासत को आगे बढ़ा रहा है। अपनी अद्वितीय विशेषताओं और प्रीमियम वैगन लैदर, 45 वॉट की सुपरवूक चार्जिंग, एवं फ्लैगशिप एआई अनुभव किफायती मूल्य में मिलने के कारण रियलमी नार्ज़ो एन63 यूज़र के अनुभव में काफी सुधार ला देगा।


रियलमी नार्ज़ो एन63 अपने सेगमेंट में खास है क्योंकि इसमें सबसे थिन और सेगमेंट का एकमात्र प्रीमियम वैगन लैदर डिज़ाईन है, जो अद्वितीय एवं स्टाईलिश लुक प्रदान करता है। यह अपने सेगमेंट का एकमात्र स्मार्टफोन है, जो 45 वॉट सुपरवूक फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करता है। इसमें लंबे समय तक उपयोग के लिए 5000 एमएएच की शक्तिशाली बैटरी लगी है। रियलमी नार्ज़ो एन63 में फ्लैगशिप-लाईक एआई अनुभव, जैसे एयर गेस्चर्स, रेनवॉटर टच और मिनी कैप्सूल 2.0 हैं, जो यूज़र के अनुभव को और ज्यादा अच्छा बना देते हैं। इस डिवाईस में शक्तिशाली ऑक्टाकोर चिपसेट के साथ 4जीबी+4जीबी की डायनामिक रैम लगी है, जो इस मूल्यवर्ग में सबसे स्मूथ परफॉर्मेंस प्रदान करती है।

यह स्मार्टफोन आईपी54 डिस्प्ले प्रोटेक्शन के साथ आता है। व्यूईंग का अनुभव बेहतर बनाने के लिए इसमें 90 हट्ज़् का डायनामिक डिस्प्ले लगा है। रियलमी नार्ज़ो एन63 इंटेलिजेंट अनुभव प्रदान करता है। यह दो खूबसूरत रंगों लैदर ब्लू और ट्वाईलाईट पर्पल में उपलब्ध है। इसके दो वैरिएंट्स, 4जीबी+64जीबी का मूल्य 8499 रुपये और 4जीबी+12जीबी का मूल्य 8999 रुपये है।

# पोकरबाज़ी ने पहला 'बाज़ी मिलियन्स' टूर्नामेंट पेश किया

### टॉप 25 रैंक वालों में से हर एक को 10 लाख रूपये मिलेंगे

**आगरा।** भारत के सबसे बड़े पोकर प्लेटफॉर्म पोकरबाज़ी ने हाल ही में 'बाज़ी मिलियन्स' का पहला एडिशन पेश किया है। यह बदलाव लाने वाला एक टूर्नामेंट है, जिसमें टॉप 200 रैंक धारकों के लिये पे-आउट का गारंटीड इंतजाम है। यह टूर्नामेंट 1 जून से शुरू होकर 9 जून तक चलेगा। इसमें पेशेवर और नये पोकर प्लेयर्स टॉप में आने के लिये मुकाबला करेंगे। इस पोकर टूर्नामेंट में टॉप 25 रैंक वालों में से हर एक को 10 लाख रूपये का गारंटीड पेआउट मिलेगा, जैसा कि पहले कभी नहीं हुआ है। बाज़ी मिलियन्स भारत में पोकर टूर्नामेंट की संस्कृति को आगे बढ़ाने और बनाने के लिये पोकरबाज़ी की एक नईउपलब्धि दर्शाता है।




बाज़ी मिलियन्स की पेशकश पर अपनी बात रखते हुए, बाज़ी गेम्स के सीईओ और फाउंडर नवकिरण सिंह ने कहा, ''पोकरबाज़ी की शुरूआत से ही, हम लगातार अपना सबसे अच्छा प्रयास कर रहे हैं कि कैसे अपनी सीमाओं से आगे बढ़कर पोकर खिलाड़ियों को असाधारण मूल्य प्रदान कर सकें। बाज़ी मिलियन्स भारत की पोकर कम्युनिटी में लगातार कुछ ना कुछ नया करते रहने के लिये हमारी प्रतिबद्धता दिखाता है।''

यह टूर्नामेंट टॉप 200 प्लेयर्स को अनोखे तरीके से इनाम देता है। इस तरह बाज़ी मिलियन्स प्लेयर्स के लिये अपने तरह का नया अनुभव बन जाता है।

# नीट में एआईआर-1 हासिल करने वाले आयुष व आर्यन सम्मानित

### आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले अन्य कई छात्रों का किया सम्मान

**लखनऊ।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में 720 में 720 अंकों के साथ एआईआर-1 बने आयुष नौगरैया, आर्यन यादव सहित 716 अंकों के साथ ऑल इण्डिया रैंक 71 व 327 अंकों के साथ आल इण्डिया रैंक 327 प्राप्त करने वाली इकरा खान सहित कई उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आज यहां आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने सम्मानित किया। मीराबाई मार्ग स्थित शाखा में आयोजित कार्यक्रम में छात्रों का माल्यार्पण कर उपहार प्रदान किये गये । नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी द्वारा मंगलवार को घोषित किये गये परिणामों में इन छात्रों की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता




और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है स्टूडेंट्स नीट को क्रैक करने के लिए दो साल के क्लासरूम कोर्स में आकाश के साथ शामिल हुए थे, जिसे दुनिया की सबसे कठिन प्रवेश परीक्षा माना जाता है. उन्होंने नीट में शीर्ष परसेंटाइल्स की कुलीन सूची में अपने प्रवेश का श्रेय अवधारणाओं को समझने और उनके सीखने के कार्यक्रम के सख्त पालन में उनके प्रयासों को दिया. ÷हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में मेरी मदद की है. लेकिन आकाश की सामग्री और कोचिंग के लिए, हमनें थोड़े समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा ।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एच. आर. राव ने कहा, सभी स्टूडेंट्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि पर बहुत-बहुत बधाई. ÷हमें अपने स्टूडेंट्स की उपलब्धि पर गर्व महसूस हो रहा है. उनका प्रभावशाली स्कोर और एनईईटी 2024 में राष्ट्रीय टॉपर का खिताब हमारे छात्रों की क्षमता और हमारी शिक्षण पद्धतियों की प्रभावशीलता के चमकदार उदाहरण हैं. आकाश में, हम अपने छात्रों को उनके सपनों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं. इन स्टूडेंट्स की सफलता निसंदेह कई और छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगी. नीट प्रतिवर्ष राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा उन छात्रों के लिए योग्यता परीक्षा के रूप में आयोजित किया जाता है जो भारत में सरकारी और निजी संस्थानों में स्नातक चिकित्सा (एमबीबीएस), दंत चिकित्सा (बीडीएस) और आयुष (बीएएमएस, बीयूएमएस, बीएचएमएस, आदि) पाठ्यक्रम करना चाहते हैं। विदेश में प्राथमिक चिकित्सा योग्यता हासिल करने का इरादा रखने वालों के लिए.आकाश हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों के लिए कई पाठ्यक्रम प्रारूपों में नीट कोचिंग प्रदान करता है. हाल के दिनों में, आकाश ने कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण विकसित करने पर अपना ध्यान बढ़ाया है. इसका आई ट्यूटर रिकॉर्डेड वीडियो व्याख्यान प्रदान करता है. मॉक टेस्ट वास्तविक परीक्षा परिदृश्य का अनुकरण करते हैं।

# पीवी सिंधु ने ग्रीनडे के बैटर न्यूट्रिशन में निवेश किया और ब्रांड एंबेसडर बनीं

**लखनऊ।** भारतीय बैडमिंटन स्टार, दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और विश्व चैंपियन पीवी सिंधु ने आज ग्रीनडे के बेटर न्यूट्रिशन ब्रांड के साथ अपने निवेश और ब्रांड एंबेसडर बनने की घोषणा की है। इस सहयोग का उद्देश्य नवीन बायोफोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के माध्यम से भारत में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी से निपटना है, जिससे उपभोक्ता स्वास्थ्य और किसान आजीविका दोनों में वृद्धि होगी। आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व छात्र प्रतीक रस्तोगी और ऐश्वर्या भटनागर ने ग्रीनडे की स्थापना की, जो मुख्य फसलों के पोषण मूल्य को बढ़ाने के लिए समर्पित कंपनी है, जिससे उपभोक्ताओं को उनके रोजमर्रा के भोजन के माध्यम से आवश्यक विटामिन और खनिजों तक पहुँचाया जा सके। कंपनी किसानों के साथ मिलकर काम करती है, उन्हें पोषक तत्वों से भरपूर फसल किस्मों की खेती करने के लिए शिक्षित, सशक्त और प्रोत्साहित करती है। ये बायोफोर्टिफाइड फसलें आयरन, जिंक, प्रो-विटामिन ए, कैल्शियम और प्रोटीन जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से समृद्ध हैं जो समग्र मानव विकास को बढ़ावा देती हैं। इन पोषक तत्वों से भरपूर फसलों को उगाने के प्रयासों के लिए किसानों को प्रीमियम कीमतों दी जाती हैं।

निवेश पर टिप्पणी करते हुए, ग्रीनडे के संस्थापक और सीईओ प्रतीक रस्तोगी ने कहा, भारत में पोषण की कमी एक गंभीर चिंता का विषय है, 50% से अधिक आबादी जिंक, आयरन और प्रोटीन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों की कमी से पीड़ित है। हाल ही में अध्ययनों ने पिछले 50 वर्षों में गेहूं और चावल जैसी प्रमुख फसलों की पोषक तत्वों की मात्रा में लगातार गिरावट को भी उजागर किया है।

ग्रीनडे में, हम पोषण-सघन कृषि परंपरा को बढ़ावा देने और बायोफोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों को सुलभ और किफायती बनाकर इन समस्याओं को कम करने में मदद करने के लिए काम कर रहे हैं।

# सन मोबिलिटी ने इंडियन ऑयल के साथ एक ऐतिहासिक समझौता किया

**नई दिल्ली।** सन मोबिलिटी, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सर्विसेज़ के अग्रणी प्रदाता और ऊर्जा क्षेत्र में




डाईवर्सिफाईड, इंटीग्रेटेड दिग्गज, इंडियन ऑयल ने अपने रणनीतिक सहयोग और संयुक्त उपक्रम की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य 2030 तक एक बहुत विशाल बैटरी स्वैपिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर नेटवर्क की स्थापना करना है। इस संयुक्त उपक्रम में दस लाख से ज्यादा ग्राहकों को सेवाएं देने के उद्देश्य से 3 सालों की अवधि में 40 से अधिक शहरों में 10,000 से ज्यादा बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इस संयुक्त उपक्रम द्वारा एक सुविधाजनक ''बैटरी एज़ ए सर्विस'(बास) मोबिलिटी समाधान उपलब्ध होगा, जिससे टूव्हीलर, थ्रीव्हीलर, और छोटे फोरव्हीलर वाहनों की मदद से इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा मिलेगा।

सन मोबिलिटी द्वारा वर्तमान में भारत के 20 शहरों में 25,000 से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों को सपोर्ट मिलती है। यह टू और थ्री व्हीलर ग्राहकों को सेवाएं देते हुए अपने 630 स्टेशनों और 50,000 से ज्यादा स्मार्ट बैटरीज़ द्वारा प्रतिमाह दस लाख से अधिक बैटरी की स्वैपिंग संभव बनाता है।

सन मोबिलिटी के को-फाउंडर एवं चेयरमैन, चेतन मैनी ने कहा, ''सन मोबिलिटी की स्थापना सात साल पहले इलेक्ट्रिक वाहनों को किफायती बनाने, उनसे जुड़ी रेंज की चिंता को दूर करने, और इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने में लगने वाले समय को कम करने के लिए की गई थी। हमने तब से ही बैटरी की स्वैपिंग के लिए दुनिया का अग्रणी ओपन आर्किटेक्चर प्लेटफॉर्म विकसित किया, जो विभिन्न निर्माताओं के इलेक्ट्रिक वाहनों को सुगमता से सपोर्ट करता है। हम विश्व की अग्रणी ऊर्जा कंपनियों के साथ साझेदारी में पूरे विश्व में इसे स्थापित कर रहे हैं।

## मई, 2024 में निसान मोटर इंडिया ने की कुल 6204 कारों की बिक्री

**गुरुग्राम।** निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने मई, 2024 में होलसेल मार्केट में कुल 6204 कारों की बिक्री का आंकड़ा जारी किया है। अप्रैल, 2024 के 3043 कारों की तुलना में बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली है।

मई, 2023 की तुलना में निसान मोटर इंडिया ने बिक्री में 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। मई, 2023 के 4631 कारों की तुलना में मई, 2024 में 6204 कारों की बिक्री हुई।

इनमें से कंपनी ने मई, 2024 में घरेलू होलसेल बाजार में 2211 कारें बेचीं। अप्रैल, 2024 में बिक्री का आंकड़ा 2404 और मई, 2023 में 2618 कारों का रहा था।

बीते महीने निर्यात बाजार में बिक्री के आंकड़ों में जबर्दस्त उछाल देखने को मिला। कंपनी ने अप्रैल, 2024 में निर्यात बाजार में 639 कारें और मई, 2023 में 2013 कारें बेची थीं। इसकी तुलना में मई, 2024 में निर्यात बाजार में बिक्री का आंकड़ा 3993 कारों का रहा। यह प्रभावशाली प्रदर्शन अपने ग्राहकों को अद्वितीय सर्विस क्वालिटी और अनुभव देने की दिशा में निसान की प्रतिबद्धता को दिखाता है।

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सौरभ वत्स ने कहा, 'आशावादी रवैये और हमारी टीम के मजबूत प्रयासों ने इस विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे साझा प्रयासों के दम पर इस तरह के अद्वितीय नतीजे प्रेरणादायक हैं। आगे बढ़ने के इस सफर पर ग्राहकों को प्राथमिकता में रखने की हमारी प्रतिबद्धता यथावत बनी हुई है। हर कदम पर ग्राहकों की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहते हुए हम अपनी पहुंच बढ़ाने और भारतीय बाजार में अपनी ऑफरिंग्स को विस्तार देने के लिए समर्पित हैं।'

# रेनो निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने पर्यावरण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को दिया विस्तार

**चेन्नई।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रेनो निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आरएनएआईपीएल) ने गर्व के साथ ओरगडम (चेन्नई) में एवं आसपास के क्षेत्रों में 5 और जलाशयों को पुनर्जीवित करने की अपनी योजना का एलान किया है। इसी क्षेत्र में कंपनी का प्लांट है। ये पांच जलाशय उन 10 झीलों के अतिरिक्त हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करने का एलान आरएनएआईपीएल ने 2023 में किया था। कंपनी ने ओरगडम/कांचीपुरम क्षेत्र में 10 झीलों एवं तालाबों को पुनर्जीवित करने की दिशा में पिछले साल ही कार्य प्रारंभ कर दिया था। इस तरह से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता के तहत आरएनएआईपीएल की तरफ से पुनर्जीवित एवं संरक्षित किए जा रहे कुल जलस्रोतों की संख्या 15 पर पहुंच गई है। अपनी नवीनतम प्रतिबद्धता के तहत आरएनएआईपीएल वित्त वर्ष 2024 के दौरान इजीचुर, कडुवानचेरी, वांचुवानचेरी, नारियामपक्कन गांवों में इन पांच अतिरिक्त जलाशयों को पुनर्जीवित करेगी। इन जलाशयों को व्यापक रूप से पुनर्जीवित किया जाएगा, जिसका उद्देश्य इनकी जलधारण क्षमता बढ़ाना, जैव विविधता को बेहतर करना और स्थानीय समुदायों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है।

इस पहल को लेकर आरएनएआईपीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर कीर्ति प्रकाश ने कहा, 'आरएनएआईपीएल में विनिर्माण प्रक्रियाओं में हम हमेशा जल प्रबंधन को केंद्र में रखते हैं। इन जल स्रोतों को पुनर्जीवित करते हुए हमारा उद्देश्य न केवल जैव विविधता को बढ़ावा देना है, बल्कि स्थानीय समुदायों को समर्थन देना और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करते हुए उनके कल्याण को बढ़ावा देना भी हमारा उद्देश्य है। हम साझा प्रयासों की ताकत और ऐसी पहल में विश्वास करते हैं, जिनसे पर्यावरण और हमारे आसपास रहने वालों के जीवन पर स्थायी रूप से सकारात्मक प्रभाव पड़े।'

पिछले साल आरएनएआईपीएल ने कांचीपुरम जिले के ओरगडम में और आसपास के क्षेत्रों में 10 झीलों एवं तालाबों को पुनर्जीवित करने का काम शुरू किया था। कंपनी का प्लांट इसी क्षेत्र में है। आज इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हो चुकी है। 10 में से 9 झीलों को पुनर्जीवित करने का काम पूरा हो चुका है और इन्हें स्थानीय अधिकारियों को सौंप दिया गया है। इससे स्थानीय समुदायों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण एवं जैव विविधता सुनिश्चित हुई।

ओरगडम झील पर काम तेजी से चल रहा है और 2024 में काम पूरा हो जाने की उम्मीद है। इसके अतिरिक्त आरएनएआईपीएल ने इस झील के सौंदर्यीकरण का फैसला भी लिया है। इसके तहत पार्क बेंच लगाने और यहां आने वाले लोगों के लिए स्वच्छ जगह तैयार करने जैसे कदम उठाए जाएंगे।

अवधनामा

लखनऊ, गुरुवार, 06 जून, 2024



## उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये गये निर्देशों का हो अक्षरसः पालनः मनोज



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वाधान में माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में बीरू कुमार बनाम उप्र शासन 13 मई के प्रकरण में उच्च न्यायालय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया को दिये गये निर्देशो के पालन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी के द्वारा जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में निरुद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय के द्वारा हो चुकी है, तथा रिहाई इस कारण से नही हो पायी, क्योकि उनके द्वारा जमानत आदेश की शर्त के अनुपालन में बंधपत्र अथवा प्रतिभू मा0 न्यायालय में दाखिल नही की गयी, कारागार अधीक्षक को ऐसे बन्दियों का विवरण तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया, तथा समय-समय पर ऐसे बन्दियों की सूची तैयार कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक के द्वारा 08 बन्दियों की सूची प्रदान की गयी। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया गया, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवरिया द्वारा कारागार अधीक्षक को ऐसी कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया जिससे मा0उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये आदेश का पालन समयावधि में किया जाना सुनिश्चित किया जा सकें, तथा इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति रोकी जा सकें।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर रोटरी क्लब के तत्वाधान में रोपे गए हजारों पौधे

अवधनामा ब्यूरो





**प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाने एवं पर्यावरण को संरक्षित एवं हरा भरा रखने हेतु दिलाई गई शपथ**

**कुशीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बुधवार सुबह कुशीनगर के करुणा सागर पार्क में अन्तर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर, नगर पालिका परिषद कुशीनगर एवं वन विभाग सामाजिक वानिकी प्रभाग, कुशीनगर के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे पौधों को संरक्षित रखने हेतु ट्री-गार्ड के साथ विभिन्न प्रजातियों के 50 पौधों को रोपित कर पौधारोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण को हरा-भरा रखने एवं प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाने के लिए लोगों को शपथ भी दिलाई गई।

रोटरी के संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष-प्रतिनिधि राकेश जयसवाल ने कहा कि विविध कारणों से वर्तमान समय में पृथ्वी पर तापमान लगातार बढ़ता ही जा रहा है जिससे सामान्य जीवन जीना कठिन होता जा रहा है इसलिए अब हम सबको पौधा लगाना बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने बताया कि आज रोटरी क्लब, वन विभाग एवं नगर पालिका के संयुक्त तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया, इसके अलावा शासन द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में आज विश्व पर्यावरण दिवस के दिन 5 जून से 21 जून के तक नगर पालिका में बने वेस्ट टू अंडर पार्क में पौधारोपण कर स्वच्छता समारोह मनाया जाएगा साथ ही 14 जून से 21 जून के मध्य निकायों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों, स्वयंसेवी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। क्षेत्रीय वन अधिकारी जयंत कुमार सिंह राणा ने बताया कि पर्यावरण में हो रहे तेजी से बदलाव रोकने के लिए पौधारोपण बहुत जरूरी है इससे वातावरण को दूषित होने से बचाया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने क्षेत्र में पौधे लगाने होंगे। रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष वाहिद अली ने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, अधिशासी अधिकारी शैलेंद्र मिश्रा, रोटरी क्लब कुशीनगर के अध्यक्ष एवं स्वच्छ भारत मिशन के स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष दिनेश यादव, सह-सचिव अखिलेश शर्मा, डॉ. जे.के. पटेल, सह-कोषाध्यक्ष सदरे आलम, आनंद जायसवाल, आदिल खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## देवी रुक्मिणी और भगवान श्री कृष्ण के विवाह का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

अवधनामा संवाददाता



**भेंटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के सेमरा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास पं गंगा सागर तिवारी ने कंस वध गोपी विरह और कृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि कंस ने अक्रूर को भेज कर बलराम और कृष्ण को मथुरा बुला लिया और उन्हें मारने के विभिन्न उपाय किए किंतु अंत में कृष्ण ने कंस का वध कर दिया। उसके बाद भगवान ने अपने नाना उग्रसेन और अपने माता-पिता को कारागार से मुक्त किया। रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि राजा भीष्मक ने अपने पुत्र रुक्म के कहने पर रुक्मिणी का विवाह चेदीराज शिशुपाल से तय कर दिया था। रुक्म शिशुपाल का खास मित्र था। दूसरी ओर रुक्मिणी मन से श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं। रुक्मिणी और शिशुपाल के विवाह की तारीख तय हो गई। रुक्मिणी ने कृष्ण को संदेश भेज कर ले जाने का आग्रह किया। संदेश मिलते ही श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंच गए। जब शिशुपाल विवाह के लिए द्वार पर आया तभी श्री कृष्ण ने रुक्मिणी का हरण कर लिया। जब रुक्मिणी के भाई रुक्म को पता चला तो वह अपने सैनिकों के साथ श्री कृष्ण के पीछे गया। फिर श्रीकृष्ण और रुक्म के बीच भयंकर युद्ध हुआ जिसमें द्वारिकाधीश विजयी हुए। इसके बाद श्रीकृष्ण रुक्मिणी को लेकर द्वारिका आ गए और वहां विधि विधान से विवाह कर लिया। इस मौके पर यजमान बाबूलाल तिवारी राम मणि त्रिपाठी कामता मणि त्रिपाठी अवधेश तिवारीजगत नारायण आदि मौजूद रहे।

# पर्यावरण दिवस पर हुआ भूमि पुनर्स्थापन मरुस्थलीकरण विषय पर संगोष्ठी

अवधनामा संवाददाता



**उप वन महानिरीक्षक प्राची गंगवार ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई**

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस पर अलीगंज स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए पत्र सूचना कार्यालय के अपर महानिदेशक श्री विजय कुमार ने कहा कि हरित जीवन और हरित शैली को अपनाकर हम सभी को पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार पेड़ काटने और जंगल खत्म होने के कारण आज 45 डिग्री से 55 डिग्री तक का तापमान सामान्य हो गया है।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन कार्यालय के क्षेत्रीय डीडीजी श्री विवेक सक्सेना ने बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें पूरी कोशिश करनी चाहिए कि दैनिक कार्यों में हम पर्यावरण को नष्ट होने से बचाए। श्री सक्सेना ने कहा कि जमीन से खनिज, धातु का खनन करने के बाद उसके पुनर्स्थापन के बारे में भी हमें सोचना चाहिए। उन्होंने कहा की आजकल सड़क पर हॉर्न बजाना एक फैशन हो गया है ये भी एक तरह का दूषण है। उप वन महानिरीक्षक प्राची गंगवार ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जगरूक करने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में हुई। पहले वर्ग में क्लास 1 से 2 तक, दूसरे वर्ग में क्लास 3 से 5 तक और तीसरे वर्ग में तीसरे वर्ग में क्लास 6 वर्ग से 8 तक के बच्चों ने भाग लिया। इसके साथ ही केन्द्रीय भवन अलीगंज परिसर से रैली निकाली गई। इसके बाद पर्यावरण पर व्याख्यान कार्यालय परिसर में हुआ। इसी समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# आदर्श वीएचएनडी सत्र का हुआ शुभारम्भ

## जिले के चयनित 64 आदर्श वीएचएनडी सत्रों पर मिलेंगी शत-प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाएं

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** बुधवार को जिले के 64 स्थानों के लिए चयनित आदर्श ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस (वीएचएनडी) सत्र शुभारम्भ किया गया। सीएमओ डॉ राजेश झा ने पथरदेवा ब्लॉक के बंजरिया और रामपुर धौताल दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का आशा कार्यकर्ता आशा कार्यकर्ता पूनम देवी द्वारा फीता कटवाकर आदर्श वीएचएनडी सत्र का शुभारम्भ किया। सीएमओ ने सत्र स्थल पर छह माह के बच्चे को ऊपरी आहार खिलाकर आदर्श वीएचएनडी सत्र की शुरुआत की।

शुभारम्भ के दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आदर्श वीएचएनडी से सम्बंधित स्वास्थ्यकर्मी सत्र पर मिलने वाली सेवाओं को लाभार्थियों तक जरूर पहुंचाएं। आदर्श वीएचएनडी के माध्यम से आशा कार्यकर्ता शत प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं को पंहुचाएं। अधिक से अधिक गर्भवती और बच्चों को चिन्हित कर उन्हे शत प्रतिशत टीकाकरण किया जाए । गर्भवती का प्रसव पूर्व चार जांच जरूर कराएं। एचआरपी वाली गर्भवती को चिन्हित कराने में सहयोग करें। सत्र पर परिवार नियोजन के फायदे सहित परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह में चयनित गाँवों में ग्राम स्तरीय सभी स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करें। शत प्रतिशत टीकाकरण, गर्भवती की देखभाल, परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और टीबी मुक्त पंचायत से सम्बंधित सभी लक्ष्यों को पूरा करें। कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें उचित खानपान की सलाह के साथ एनआरसी में भर्ती कराएं। सत्र पर गैर संचारी रोंगो की शत प्रतिशत स्क्रीनिंग की जाए। इसके साथ ही आयुष्मान योजना से सम्बंधित पात्र लाभार्थियों का का गोल्डन कार्ड बनाया जाए। ई कवच पोर्टल को शत प्रतिशत पूरा करें। शुभारम्भ कार्यक्रम में एमओआईसी डॉ प्रभात रंजन, यूनिसेफ़ के डीएमसी अरशद जमाल, यूपीटीएसयू के जिला समन्वयक सतीश, साम्भवि, जिला मातृ स्वास्थ्य परामर्शदाता विश्वनाथ मल्ल सहित सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## डीएम ने निरीक्षण में अनुपस्थित मिले 4 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के दिए निर्देश



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर उपस्थिति पंजिका पत्रावलियों के रखरखाव साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों को देखा एवं सभी पटल सहायकों से उनके काम और स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी ली हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर सरकारी अस्पतालों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने पर 04 कर्मचारियों क्रमशः शेष पांडे वरिष्ठ सहायक भोला प्रसाद वरिष्ठ सहायक तहसीन फातिमा वरिष्ठ सहायक तथा राम आसरे सरोज एच0ई0ओ0 से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह को दिया। इसके साथ ही उन्होंने निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों को सुव्यवस्थित ढंग से रखने एवं कार्यालय परिसर में बेहतर साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी निर्धारित समय पर कार्यालय आए और अपने-अपने कार्यों एवं दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।

### मशीन लगाकर सरकारी हैंडपंप पर कब्जा

**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** चायल तहसील क्षेत्र के सटई मजरा जलालपुर साना ग्राम सभा में सरकारी हैंड पंप पर गांव के दबंगों ने समरसेबल मशीन लगा लिया है और अपना पूरा कब्जा जमा लिया है आस पड़ोस के लोग जब हैंडपंप में पानी भरने जाते हैं तो गाली गलौज करते हुए उनका विरोध किया जाता है सरकारी हैंडपंप में पानी भरने वाले लोगों से मारपीट की कोशिश की जाती है जिससे लोगों को पानी नहीं मिल रहा है इस भीषण गर्मी में गांव के लोग बूंद बूंद पानी को परेशान है दूर-दूर से पानी लाकर लोग अपनी प्यास बुझाते हैं और गांव के दबंग लोग सरकारी हैंड पंप को अपनी जागीर समझते हैं मामले को लेकर गांव के रवि गुप्ता ने खंड विकास अधिकारी चायल है शिकायत करते हुए सरकारी हैंडपंप में कब्जा करने वाले लोगों पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है और साथ-साथ सरकारी हैंड पंप में गांव के लोगों को पानी भरने की छूट दिलाए जाने की मांग की है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले में बुधवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। वृद्धाश्रम गौरीगंज पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों तथा वृद्धाश्रम के वृद्धजनों द्वारा पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर शिवाकांत कांत शर्मा क्षेत्रीय वनाधिकारी गौरीगंज सुरेश कुमार वन दरोगा उत्कर्ष त्रिपाठी वन दरोगा राजेश्वरी वन रक्षक उमाशंकर शुक्ला वन रक्षक और वृद्धा आश्रम के सदस्य उपस्थित रहे।वहीं नगर अमेठी स्थित ओम नगर में विश्व पर्यावरण दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अमेठी जल बिरादरी के अध्यक्ष पर्यावरणविद् डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि हिमालय बचेगा तभी प्राणदयिनी गंगा गंगा बहेगी जब गंगा बहेगी तभी देश बचेगा। पर्यावरण प्रेम ही एकमात्र समाधान है।संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अम्बरीष मिश्र ने कहा कि किसी दिवस की प्रासंगिकता के दृष्टिकोण से धरातल पर जब तक कोई कार्य नही होता उसकी सार्थकता सिद्ध नही होती।हम पर्यावरण संकट के प्रति सचेत रहकर धरातल पर कार्य करें और कागजी खानापूर्ति से बचें स्वयं जागृत हो और दूसरों को भी जगायें। मुख्य अतिथि वृक्ष मित्र टी पी सिंह ने कहा कि पर्यावरण के लिए हमलोग सामूहिक रूप से सतत् प्रयास करें और विश्व को ग्लोबल वार्मिंग से बचायें। संगोष्ठी में शैलेन्द्र प्रताप सिंह रीता पाण्डेय हरिकेश मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## पुश्तैनी मकान की ज़मीन कों पट्टा करने के नाम पर 20 हजार की ठगी

अवधनामा संवाददाता

**राज्स्व निरीक्षक सहित दो के खिलाफ जालसाजी सहित अनेक गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज**

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम जिगीना निवासी संतोष कुमार पुत्र राम किशुन के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने राजस्व निरीक्षक सहित दो के खिलाफ जालसाजी, गाली गुप्ता एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के जिगीना निवासी संतोष कुमार ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 29 नवम्बर 2020 को मेरे द्वारा पुस्तैनी गिरे हुए खपरैल के मकान को बनाना शुरू किया गया तो लेखपाल नासिर हुसैन ने थाना हरपुर-बुदहट पर फोन करके पुलिस द्वारा काम बन्द करवा दिया गया, जिसपर मैंने व्यक्तिगत रूप से उपजिलाधिकारी सहजनवां से मिल कर अपनी बात को बताया तो उपजिलाधिकारी सहजनवां ने राजस्व निरीक्षक को भेजकर यथा स्थिति की जानकारी लेने के बाद राजस्व निरीक्षक ने संतोष कुमार को बताया कि यह मकान नवीन पर्ती में बन रहा है, इसका पट्टा करवा लो राजस्व निरीक्षक मकसूद अली ने थाना क्षेत्र के रामनगर सूरस के सच्चिदानंद उर्फ गोलू राय पुत्र मार्कंडेय राय के माध्यम से पट्टा करने के नाम पर संतोष से 20 हजार रुपए ले लिए और पट्टा भी नहीं किए, तो संतोष कुमार ने जब अपना पैसा मांगने लगे तो राजस्व निरीक्षक मकसूद अली द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष आलोक सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर राजस्व निरीक्षक मकसूद अली तहसील सहजनवां और सच्चिदानंद उर्फ गोलू राय पुत्र मार्कंडेय निवासी राम नगर सूरस के खिलाफ धारा 406, 420, 504, 506 आईपीसी मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में पौधरोपण कर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में विश्व पर्यावरण दिवस परिसर में पौधरोपण कर मनाया गया। गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. डीएस अजीथा एवं महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक डॉ. राजेश बहल ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित नंदन वन में फलदार पौधे लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नर्सिंग संकाय की प्राचार्या डॉ. अजीथा ने कहा कि आज पूरा विश्व पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। पर्यावरण संतुलन और प्रकृति के साथ तालमेल बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं। महायोगी गोरखनाथ चिकित्सालय के निदेशक डॉ. राजेश बहल ने कहा कि पौधों का जीवन हमारे पर्यावरण के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। पौधरोपण और वृक्षों का संरक्षण समय की मांग है। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने भी विचार व्यक्त किए। पौधरोपण अभियान में विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव (प्रशासन) श्रीकान्त, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दुबे, प्रज्ञा पाण्डेय, डॉ. अमित दुबे, डॉ. प्रेरणा अदिति, डॉ. अंकिता मिश्रा, डॉ. गौरीश नारायण, डॉ. संध्या पाठक, डॉ. प्रिया एस. आर. नायर, डॉ. देवी आर. नायर, डॉ. रश्मि पुष्पम, डॉ. एस. यश्मीन, डॉ. नवीन के., डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. गोपी कृष्णा, डॉ. परिक्षित देवनाथ, डॉ. विकास यादव, सृष्टि यदुवंशी, धनन्जय पाण्डेय, डॉ. संदीप श्रीवास्तव आदि की सहभागिता रही।

# अपने कार्यों के बदौलत हमेशा याद किए जाएंगे डॉ. ब्रजेश : नंद किशोर

अवधनामा ब्यूरो



**समाजसेवी चिकित्सक के पुण्यतिथि पर तरया लच्छीराम में जुटे नेता पत्रकार व सिंगर**

**कुशीनगर।** डाक्टर ब्रजेश ने अपने जीवन काल में हमेशा लोगों के प्रति सहयोग के भावना रखकर कार्य करते रहे। उन्होंने जीवन के अंतिम समय तक गरीबों की सेवा करना अपना धर्म व कर्म समझा जो अनुकरणीय है। उक्त बातें पूर्व भाजपा विधायक पं. नंद किशोर मिश्र ने कही। पूर्व विधायक श्री मिश्र बुधवार को तरया लच्छीराम गांव में समाजसेवी चिकित्सक डॉ. ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव के पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि डॉ. ब्रजेश हमेशा लोगों के तकलीफो में सहयोग करने की नियत से अग्रसर रहे जिसका परिणाम है कि उन्हें हम आज भी याद कर रहे हैं। स्वर्गीय डाक्टर के ज्येष्ठ पुत्र पत्रकार संयोग श्रीवास्तव द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए पूर्व चेयरमैन और डा श्रीवास्तव के मित्र रहे अनिरुद्ध तिवारी ने कहा कि डा ब्रजेश ऐसे चिकित्सक थे कि मरीज के पास पैसा है या नहीं ये सोचें बिना ही इलाज शुरू कर देते थे वो बहुत ही अच्छे व्यक्ति थे। पूर्व प्रधान डा सुबोध श्रीवास्तव एव क्षेत्र के ज्योतिषाचार्य पं अशोक मणि त्रिपाठी ने भी डा ब्रजेश के कार्यो की सराहना किया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व विधायक पं नंद किशोर मिश्र द्वारा डा ब्रजेश चंद्र श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्पार्चन से हुआ। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार अशोक तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, संजय चाणक्य, राजेश यादव, अशोक दूबे, विकास पांडेय, अनिल यादव, डा श्रीवास्तव के पुत्र राकेश श्रीवास्तव, ऋषि श्रीवास्तव, यशराज, ओम श्रीवास्तव, अवध बिहारी, अजय, क्षेत्र के गायक प्रवीन तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों का पत्रकार संयोग श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आईजीएल द्वारा वृहद वृक्षारोपण का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन एवं प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में पर्यावरण के प्लास्टिक से मुक्त कराने एवं बृहद वृक्षारोपण करके आईजीएल कर्मयोगियों को जागरूक किया गया। आज के कार्यकम के मुख्य अतिथि एसएचओ गीडा योगेंद्र राय के साथ सहमुख्य अतिथि आईजीएल के इंजीनिरिंग हेड शैलेश चन्द रहे। सभी अतिथियों के द्वारा वृक्षारोपण कर हरित गीडा, स्वस्थ गीडा के नारे को सार्थक बनाने हेतु कार्य किया गया। मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष गीडा योगेंद्र राय ने अपने सम्बोधन में कहा की जहां प्रकृति है, वहां जीवन है और जब इसी प्रकृति को क्षति पहुंचती है तो जीवन पर भी असर पड़ता है, सहमुख्य अतिथि इंजीनिरिंग हेड शैलेश चन्द ने कहा की मानव और प्रकृति का गहरा नाता है, प्रकृति मानव के स्वस्थ जीवन के लिए बहुत कुछ देती है। इस अवसर पर प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने कहा की जीवनदायिनी धरती को रहने योग्य बनाने के लिए पेड़ पौधों के जीवन को बचाने और पर्यावरण प्रदूषण के कारणों को कम करने के लिए आज सभी को एक जुट होकर वृहद् वृक्षारोपण करना होगा। कार्यक्रम समापन के पश्चात सहायक प्रबंधक प्रशासन अखिलेश कुमार शुक्ल ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फायर सेफ्टी अधिकारी रणधीर सिंह, जूनियर ऑफिसर एडमिन मोहम्मद शब्बीर, धनन्जय सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सलेमपुर लोकसभा से सपा के रामाशंकर राजभर विद्यार्थी ने विजय हासिल की

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी, देवरिया।** लोकसभा सलेमपुर से समाजवादी पार्टी इंडी गठबंधन से प्रत्याशी रमाशंकर राजभर विद्यार्थी ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनता पार्टी के ने निवर्तमान सांसद रविंद्र कुशवाहा को करीब 3573 मतों से पराजित किया और उन्हें हैट्रिक लगाने से रोका व सपा एक बार पुनः इस सीट को अपने कब्जे में किया।

इस सीट पर बड़ा ही रोचक मुकाबला देखने को मिला जब प्रथम चक्र की गणना शुरू हुई तभी से लेकर आखिरी तक सपा व भाजपा के प्रत्याशी मामूली अंतर से एक दूसरे के ऊपर बढ़त बनाए हुए थे और ऐसे में यह कयास लगाना मुश्किल था कि विजय सपा गठबंधन की होगी या भाजपा गठबंधन की और अंततः परिणाम जो है वह सपा के पक्ष में आया और समाजवादी पार्टी के गठबंधन प्रत्याशी रमाशंकर विद्यार्थी ने इस सीट पर सपा का झंडा बुलंद किया। इस सीट की जीत पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय उर्फ बबलू की नीतियां वह उनके समर्पित कार्यकर्ताओं की देन पर इस सीट पर विजय प्राप्त हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय कुमार गुप्त नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेमलता गुप्ता पूर्व जिला अध्यक्ष श्याम देव यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख व्यास यादव बृजभूषण सिंह, पूर्व प्रधान जगहथा राजू सिंह समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष अनिल मद्धेशिया मीडिया प्रभारी शहाबुद्दीन सभासद आदित्य सिंह उर्फ मोनू सलीम अली परमेश्वर पटवा जयप्रकाश बरनवाल सहित तमाम पार्टी के वरिष्ठ व सक्रिय कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी।

# सपाईयों ने किया विजयी सांसद का स्वागत

**यह जीत जनता के विश्वास की जीत है: अक्षय यादव**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** समाजवादी पार्टी एवं इंडिया गठबंधन की रिकॉर्ड जीत होने से सभी कार्यकर्ता व नेताओं ने जगह-जगह जश्न मनाया उसी के साथ जनता फिरोजाबादमें समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अक्षय यादव ने रिकॉर्ड मतों से विजय बनाया। आज समाजवादी पार्टी के नेता एवं पूर्व डस्ब् डॉ. दिलीप यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता व नेताओं ने नवनिर्वाचित सांसद अक्षय यादव का स्वागत एवं सम्मान किया। स्वागत के दौरान समाजवादी पार्टी जिंदाबाद, नेताजी अमर रहे, अखिलेश यादव जिंदाबाद, के नारे लगाते हुए 51 किलो की फूल माला से एवं मिठाई खिलाकर सभी कार्यकर्ता व नेताओं ने सांसद का बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



फिरोजाबाद विजयी सपा सांसद अक्षय यादव का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत करते हुए सपाई

सांसद अक्षय यादव ने कहा आप लोगों के इस प्यार, इस्नेह के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। इस जीत का पीछे अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं फिरोजाबादकी सम्मानित जनता का सहयोग है। सांसद बनने के बाद फिरोजाबादकी जनता के साथ उनके दुख, सुख में साथ रहूंगा और जितना हो सकेगा विकास कार्य फिरोजाबादमें लाने का काम किया जाएगा। जिस तरीके से इंडिया गठबंधन का विश्वास उत्तर प्रदेश की जनता ने किया एवं समाजवादी पार्टी का विश्वास फिरोजाबादकी जनता ने कर मुझे सांसद बनाया है मैं उनके कोटि-कोटि प्रणाम करता हूं, धन्यवाद करता हूं, इसी जुनून एवं विश्वास के साथ फिरोजाबादकी जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। यह जीत जनता के विश्वास की जीत है, महंगाई के विरुद्ध, किसान विरोधी सरकार के विरोध, बेरोजगारी के विरुद्ध एक लड़ाई है जिसमें मैं हमेशा फिरोजाबादकी सम्मानित जनता के साथ रहूंगा धन्यवाद। इस दौरान योगेश यादव एफ्एस यूनिवर्सिटी, डॉक्टर मनोज यादव राष्ट्रीय सचिव शिक्षक सभा, सीटू यादव ,जगमोहन यादव प्रदेश सचिव जितेन सिंह प्रधान, राम भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख, रवि प्रधान ,सनी कुमार ,रेहान अली ,आदर्श सिंह जाटव ,मुन्नालाल जाटव ,मनोज शंखवार आदि रहे।

## अवैध असलाह के साथ पुलिस ने एक पकड़ा

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा 1 अभियुक्त रिहान पुत्र इकबाल निवासी गली नं0 4 चिश्ती नगर थाना रामगढ फिरोजाबादको कोहिनूर रोड तिराहे पर ट्रान्सफार्मर के पास थाना रामगढ से गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 1 नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 377/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# 500 ग्राम नाजायज चरस सहित एक पुलिस गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने 500 ग्राम नाजायज चरस सहित 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबादद्वारा अवैध मादक तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अल्ताफ पुत्र अब्बास अली उर्फ ललुआ निवासी मूली वाला खेत कश्मीरी गेट थाना रामगढ जिला फिरोजाबादहाल निवासी गालिब नगर एएम पब्लिक स्कूल के पास थाना रसूलपुर जिला फिरोजाबादको झाऊ



लाल कॉलेज के पास से 500 ग्राम नाजायज चरस के गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 348/24 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उ0नि0 उ0नि0 प्रवल प्रताप सिंह, प्रशि0उ0नि0 गुलफाम थाना शिकोहाबाद फिरोजाबादशामिल रहे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपित किए पौधे

**सुलतानपुर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें विद्यालय परिवार ने परिसर में कई वृक्ष लगाए। नगर के सिरवारा मार्ग स्थित विद्यालय में विश्व प्रर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के अध्यक्ष डॉ विनोद सिंह, सदस्य, उच्च शिक्षा आयोग उत्तर प्रदेश ने पीपल का वृक्ष विद्यालय परिसर में लगाया तथा विद्यालय के प्रबंधक तथा बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष एच डी राम ने नीम का वृक्ष रोपित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार सिंह, दिलीप ,राकेश बिंद ,ओम प्रकाश, दीपका पाठक, अर्चना तिवारी, गरिमा सिंह, सौम्या श्रीवास्तव, उमाकांत सिंह, जगदंबा प्रसाद तिवारी,अंशुधर तिवारी आदि आचार्य एवं आचार्या उपस्थित रहे।

# राजकीय पालीटेक्निक में डीएम ने रोपित किया पौधा

**जनपद में समारोहपूर्वक मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस**

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** ''भूमि पुनर्स्थापन मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन'' की थीम पर ''विश्व पर्यावरण दिवस-2024'' के अवसर पर वन प्रभाग, बहराइच के तत्वाधान में राजकीय पालीटेक्निक, बहराइच के के परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने गोल्डमोहर का पौध रोपित कर पर्यावरण दिवस का शुभारम्भ किया। जबकि प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच संजीव कुमार द्वारा चकरेसिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी बहराइच मो. साकिब द्वारा कचनार, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी द्वारा महोगनी सहित शिक्षण संस्थाओं के अध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा भी पौध रोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि वनों की कटाई का पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वनों का क्षेत्र कम होने से वर्षा की मात्रा और



आवधिकता कम हो जाती है, जिससे मरुस्थलीकरण या रेगिस्तान का निर्माण होता है। इसी प्रकार वनों की कटाई से कार्बनिक पदार्थों में संग्रहीत कार्बन को मुक्त करके और प्राथमिक उत्पादकता को कम करके वायुमण्डलीय कार्बन डाइऑक्साइड सामग्री बढ़ जाती है जिसे हम ग्लोबल वार्मिंग कहते हैं। डीएम ने कहा कि हम अधिक से अधिक पौध रोपित पर्यावरणीय समस्याओं से निजात पा सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस-2024 के अवसर पर कैसरगंज रेंज अन्तर्गत अपराजिता सामाजिक समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आर.ओ. अभिषेक सिंह द्वारा आमजन को निःशुल्क पौध वितरण किया गया। इसी प्रकार जरवल में समय नीम स्थान के निकट मुड़ियाडीह तालाब एवं हुजूरपुर, ब्लाक नवाबगंज की रूपईडीहा रेंज के पंडितपुरवा पौधशाला में आयोजित कार्यक्रम में आर.ओ. रूपईडीहा अतुल कुमार श्रीवास्तव सहित सशस्त्र सीमा बल के जवान, संगीता देवी, ग्राम प्रधान, माधवपुर निदौना, प्रीती, ग्राम प्रधान-शिवपुर मोहरनिया के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहें। ब्लाक मिहींपुरवा के चकिया रेंज में महिलाओं वं बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया एवं पीपल, आम, ऑवला, अमरूद फलदार पौधों का रोपण व वितरण किया गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वृक्षारोपण

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधों का रोपण किया गया। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं नालसा स्कीम 2024-25 के अनुपालन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर हरवीर सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबादद्वारा जनपद न्यायालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जनपद न्यायाधीश, फिरोजाबादद्वारा नीम का पौधा रोपित कर बताया गया कि नीम का पेड़ एंटी बैक्टीरियल एवं एंटी फंगल होने के साथ ही यह एंटीऑक्सीडेंट होता है। यह औषधीय गुणों से भरपूर होता है, इसलिए आम जीवन में इसका खूब प्रयोग होता है। इसकी पत्तियों से लेकर बीज तक सब कुछ अत्यंत उपयोगी होते हैं। इसी क्रम में जिस प्रकार वायुमंडल में गर्मी के प्रकोप बढता जा रहा है, पेडों से ही गर्मी से राहत मिल सकती है। इसके अतिरिक्त पीयूष सिद्धार्थ अपर जिला



जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फिरोजाबादद्वारा बताया गया कि हम सभी का कर्तव्य है कि पर्यावरण को सुरक्षित रखें जिससे आने वाली पीढ़ियों को भी प्राकृतिक सौन्दर्य व सुविधाएं मिल सके। उक्त कार्यक्रम में अरबिन्द कुमार सिंह प्रधान न्यायाधीश फिरोजाबाद, सुनील कुमार प्रथम अपर जिला जज, नवनीत गिरी अपर जिला जज, मुमताज अली अपर जिला जज एवं मिनाक्षी सिन्हा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के अतिरिक्त अन्य सभी न्यायिक अधिकारीगण, प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री पुनीता यादव एवं पर्यावरण व वन विभाग के कर्मचारीगण द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए नीम, सदाबहार, गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया गया।

## वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वृक्षारोपण किया गया इस दौरान जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि वृक्षारोपण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टीएच नकवी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार एवं अनेक छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे अपने संबोधन में प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से पर्यावरण की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण करने का आग्रह किया डॉक्टर एमपी सिंह ने कहा कि प्रत्येक छात्र अपने घर के आसपास अथवा किसी दूसरे स्थान पर जहां पानी की सुविधा हो कम से कम एक पौधा आज अवश्य लगाए। बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए वृक्ष ही ऐसे असेट्स हैं डॉक्टर सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास पर भी



प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य जनमानस के बीच पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना है पहले विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 1973 को मनाया गया था जबकि इस वर्ष की थीम भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण एवं सुखा रेसिलियंस है। पौधों के द्वारा ही ग्लोबल वार्मिंग को काम किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी द्वितीय डॉ टी एच नकवी ने एक शेर के माध्यम से वृक्षारोपण का महत्व बताया डॉक्टर सुशील कुमार ने वृक्षों की महत्ता पर बल दिया एनसीसी के प्रभारी डॉ आर बी पांडे ने वृक्षों के लाभ बताए इस दौरान राम सिंह, अनुज यादव, शिबू सिमरन, मुस्कान, अंकित अग्रवाल, आस्था श्रीवास्तव, वंदना आदि वालंटियर उपस्थित रहे।

# रेड टेप मूवमेंट व वृक्षारोपड़ कर चलाया स्वच्छता अभियान

**पार्क को प्लास्टिक पॉलिथीन मुक्त कर दिया स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का संदेश**

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस की 51वीं वर्षगांठ के अवसर पर जनआधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा ने रेड टेप मूवमेंट, महिला कल्याण विभाग, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं नगर निगम फिरोजाबादटीम के साथ समन्वय स्थापित कर संस्था द्वारा विकसित किए गए एक पार्क में रेड टेप मूवमेंट, वृक्षारोपड़ व स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और पार्क को स्वच्छ व प्लास्टिक पॉलिथिन मुक्त बनाया। इस दौरान सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

वृक्षा रोपड़ कर जनआधार कल्याण समिति के मिशन क्लीन ग्रीन (एमसीजी) एवं प्लास्टिक



प्रदूषण मुक्त (पीपीएफ) फिरोजाबादका शुभारंभ का शुभारंभ करते हुए वूमेन वेलफेयर ऑफिसर व समाज सेविका अनम अकाशा ने पर्यावरण के महत्त्व व उसके संरक्षण के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि, अच्छे और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रकृति की सुरक्षा व पर्यावरण की संरचना जरूरी है। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में 5 जून 1972 को दुनियां का पहला विश्व पर्यावरण सम्मेलन मनाया गया। जिसमें, 119 देशों ने भाग लिया। इस सम्मेलन के दौरान ही संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की भी नींव पड़ी और हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन का संकल्प लिया गया। वर्ष 1974 में पहली बार केवल एक पृथ्वी के नारे के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया था और इस वर्ष पर्यावरण दिवस की थीम हरित भविष्य की यात्रा है। विश्व पर्यावरण दिवस का दूसरा नाम वन महोत्सव और ऑफिशियल नाम संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यावरण दिवस है। पर्यावरण प्रदूषण व पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा 19 नवंबर 1986 को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनआधार कल्याण समिति सदस्य विजय कुमार वर्मा, जगदीश तोमर, नीलम तोमर सहित नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की आई ई सी टीम से आरती, सपना, चांदनी, शिखा, सुदामा, तनु व अन्य उपस्थित रहे।

# जनपद में 06 जून से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2024 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 06 से 25 जून 2024 तक किया जायेगा। वितरण अवधि मे प्रत्येक अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (21 कि.ग्रा. चावल 14 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 जून 2024 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। डीएसओ ने कार्डधारकों से अपेक्षा की है कि वितरण अवधि के दौरान ई-पास मशीन पर अंगूठा लगाने के पश्चात तत्समय ही अपना खाद्यान्न निःशुल्क सम्बन्धित उचित दर विक्रेता से अवश्य प्राप्त कर लें। डीएसओ ने जिले के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## विश्व हिंदू महासंघ ने रोपे पौधे, दिया खास संदेश



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति जी के निर्देश पर सुल्तानपुर जनपद के जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण दिवस पर पौधे रोपे गए।संगठन के संरक्षक व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी के शुभ जन्म दिवस व विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गनपत सहाय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय व श्री सीताकुण्ड धाम पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा की विशिष्ट उपस्थिति में हरिशंकरी के पौधों का रोपण करते हुए मुख्यमंत्री जी को बधाई प्रेषित की। साथ ही साथ आम जनमानस से यह अपील की कि सभी अपने विशेष दिवस यथा शुभ जन्म दिवस,वैवाहिक वर्षगांठ, व्यापारिक प्रतिष्ठान के उद्घाटन आदि मौकों पर यथासंभव जितने पौधों कि आप वृक्ष बनने तक देखभाल कर सकें रोपण करें।इससे आपके उस दिवस की यादगार तो रहेगी ही, साथ ही आप पर्यावरणीय संतुलन में भी अपना बहुमूल्य योगदान देंगे। इस वर्ष बढ़ते तापमान ने हम सभी को प्रकृति के साथ बहुत ज्यादा छेड़छाड़ न करने की चेतावनी दी है।

# फिरोजाबाद लोकसभा में अक्षय यादव की हुई ऐतिहासिक जीत: मयंक यादव

**सपा प्रत्याशी की जीत पर सपा कार्यालय पर हुआ मिष्ठान वितरण**

अवधनामा संवाददाता

**टूंडला।** समाजवादी पार्टी कार्यालय स्टेशन रोड टूंडला पर सपा लोकसभा फिरोजाबादप्रत्याशी अक्षय यादव की भारी बहुमत से जीत होने पर मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मयंक यादव ने कहा कि सपा प्रत्याशी अक्षय यादव



की जीत एक फिरोजाबाद लोकसभा में एक ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई है। सपा की लहर के आगे अच्छे अच्छे धुरंधर नत्मस्तक दिखाई दिए। इस दौरान हर्ष व्यक्त करने वालो में पूर्व ब्लाक प्रमुख सत्यवीर सिंह यादव, वरिष्ठ सपा नेता मयंक यादव, आईटी सेल प्रभारी भोला यादव, छात्र सभा अध्यक्ष आशीष निगम, मोहम्मद गोरी चौधरी, सुजीत वाल्मीकि, शिवाकांत वाल्मीकि, रघुवीर यादव, डॉ छाया यादव, जसवीर यादव, संजीव मेवाती, विजय यादव, उदल सिंह, पवन कक्कड़ आदि उपस्थित रहे।

# शासनादेश के खिलाफ सौंपा सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** सिटी मजिस्ट्रेट को दिए गए ज्ञापन में व्यापार मंडल ने कहा है कि एक ही दुकान पर तंबाकू एवं पान मसाला की बिक्री नहीं हो सकती है। 1 जून से ही लागू कर दिया गया है। इससे पान मसाला एवं जर्दा व्यापारियों को तुरंत पालन करने में बहुत समस्या आ रही है। तंबाकू के सेवन को रोकने के लिए कड़ा नियम बनाया जाए यह समाज के हित में है लेकिन ऐसे नियम न बनाएं जाए जिससे व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू हो जाए वर्तमान के इस आदेश से तंबाकू का सेवन तो नहीं रुकेगा बल्कि व्यापारियों का उत्पीड़न शुरू हो जाएगा तंबाकू को प्रतिबंधित कर दिया जाए पूरी तरह बिक्री पर रोक लगा दी जाए इससे हम व्यापारियों को कोई आपत्ति नहीं है लेकिन दोनों बिक्री अलग-अलग हो जिससे तंबाकू सेवन पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा लेकिन यदि इसके बाद भी सरकार को यह लगता है कि इस प्रकार के नियम को लगाना आवश्यक है तो कम से कम व्यापारियों को 3 महीने का समय दिया जाए जिससे व्यापारी अपनी व्यवस्था सुनिश्चित कर सके और दोनों की बिक्री अलग-अलग कर सकें। मांग पत्र देने वालों में प्रदेश संगठन मंत्री अनूप श्रीवास्तव पान मसाला जर्दा एवं किराना व्यापार मंडल अध्यक्ष दानिश एजाज, महामंत्री अखिलेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शकील अहमद रत्नेश कुमार प्रशांत कुमार सिंपल अग्रहरि अनुराग दुबे सहित कई व्यापारी उपस्थित रहे।

# मेनका गांधी को सपा प्रत्याशी ने भारी मतों से दी शिकस्त

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी को इंडिया गठबंधन समर्थित सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने कड़ी शिकस्त दी है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक निवर्तमान सांसद मेनका गांधी के पास समस्या लेकर पहुँचने वाली जनता से निष्पक्ष तरीके से उनके करीबी उचित व्यवहार नहीं करते थे।प्रभावशाली पक्ष के फेवर में मामले का निस्तारण कराने में व सांसद प्रतिनिधि व उनके करीबियों के जरिये अनर्गल हस्तक्षेप करने के ज्यादातर मामले सामने आते थे। अक्सर इन कार्यो की जिले में चर्चा होती रहती थी। ऐसे ही कार्यो का परिणाम रहा जो मेनका गांधी को हार का सामना करना पड़ा।ऐसे लोगो के सम्बंध में कुछ जगहों की जनता ने भी पोस्टर लगाकर विरोध किया था।जहां सपा प्रत्याशी ने पहली बार सुलतानपुर में जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया,वहीं कई बार लगातार सांसद रहने के बाद,पहली बार मेनका गांधी को स्वयं से ज्यादा ऐसे करीबियों की वजह से हार होने का सामना करना पड़ा। राम भुआल निषाद जिले के बहुत ही पुराने सम्मानित नेता है, पिछले 25-30 साल से जनता के बीच रह कर जनता का काम कर रहे थे।नेता जी और उनके प्रतिनिधि बिना किसी भेदभाव के अगड़े पिछड़े शोषित दलित अल्पसंख्यक के बीच लगातार उनके उत्थान के लिए कार्य कर रहे थे।समाजवादी पार्टी की नीतियों की भारत मे लहर ने उनके हाथ और मजबूत किये। संविधान की रक्षा के लिए इनके पूर्वजो ने बहुत संघर्ष किया।इसी लिए संविधान आज बचा हुआ है।समाजवादी पार्टी ने पिछले साल फागुन माह मे जिले मे जो 10 लाख रोजगार का सृजन किया था, उस का भी युवा,शोषित, वंचित, अल्पसंख्यक समाज पर बहुत गहरा प्रभाव था, राहुल द्वारा इस क्षेत्र मे लगातार 5 साल रुक कर किया गया कार्य भी उनका सहयोगी बना। अंततः नेता जी ने रिकार्ड मतो से जीत हासिल की है।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना हेतु आवेदन की अन्तिम तिथि 25 जून

**बहराइच।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद स्तर पर निर्बल, गरीब एवं मेंधावी छात्र-छात्राओं हेतु मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन किया जाना है। जिसके अन्तर्गत यूपीएससी/पीसीएस, जेईई, नीट, एनडीए, सीटीईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ हेतु निःशुल्क तैयारी करायी जायेगी। श्री गुप्त ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओ की निःशुल्क तैयारी हेतु इच्छुक छात्र-छात्राएं 25 जून 2024 तक गेंद घर स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन-पत्र भर सकते हैं।

# पर्यावरण एक आर्केस्ट्रा की तरह है: प्रो. दिनेश त्रिपाठी

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2024 का थीम है -भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता इसका फोकस हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित कर किया गया है। यह एक

**पर्यावरण दिवस पर समाजशास्त्र विभाग में आयोजित हुई संगोष्ठी**

ऐसा दिन है जिस दिन हम पर्यावरण के बारे में जागरूकता फैलाते हैं और इसे संरक्षित करने की आवश्यकता के बारे में बताते हैं।

इसके अलावा, हरित पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण की वकालत करना आवश्यक है। यह काफी सरल है क्योंकि जब हम आज पर्यावरण का संरक्षण करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ एक स्वस्थ जीवन जी सकेंगी। हम इतने



स्वार्थी नहीं हो सकते और अपने लिए सभी संसाधनों का उपयोग नहीं कर सकते। विश्व पर्यावरण दिवस लोगों को उन मुद्दों के बारे में जागरूक करने का सही अवसर है जिनका हम सामना कर रहे हैं और इसे बचाने में कोई कैसे योगदान दे सकता है। हमेशा याद रखें कि प्रकृति ने हमें जो उपहार और आशीर्वाद दिए हैं, वे अमूल्य हैं। सभी के बेहतर भविष्य और जीवन के लिए उन सभी को संरक्षित करना बहुत ज़रूरी है। हमेशा याद रखें कि पर्यावरण संरक्षण के छोटे-छोटे कदम बड़े लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेंगे। जंगलों से लेकर समुद्रों और मिट्टी से लेकर हवा तक प्रकृति के सभी संसाधनों को हमें संरक्षित करना चाहिए। पर्यावरण आर्केस्ट्रा के वाद्य यंत्रो सा एक दूसरे से जुड़ा है , एक सुर मिलाने पर मधुर संगीत के रूप में स्वास्थ्यवर्धक पर्यावरण मिलेगा। एक वाद्य यंत्र में खराबी से पर्यावरण दूषित हो असंतुलित होगा।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन ''खुली'' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:- **ई-निविदा संख्या:** NER-LJN-GS-2024-03 (Two Packet System), **कार्य का नाम:** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल बस्ती:- उत्तर प्रदेश के बस्ती स्टेशन पर विश्व-स्तरीय गुड्स शेड का विकास, **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 36,52,28,979.14, **अग्रिम धन (₹):** ₹ 19,76,200.00, **समापन अवधि:** 18 माह। **नोट:** (1) उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-03 के लिये ई-निविदा दिनांक **26.06.2024** को **15:00** बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय **15:00** बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। (2) उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करे।

मण्डल रेल प्रबन्धक/गति शक्ति यूनिट

मुजाधि/डब्लू-98 लखनऊ

''ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें''

# अंतिम समय में बदला सीकरण, लोगों से दूरी के चलते हारी बीजेपी

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** महज 2629 मतों से चुनाव हारने के बाद जनता के मध्य से नदारत रहने वाले निवर्तमान सांसद राठ विधानसभा के वोटो की दोबारा गणना करने के लिए खूब मनुहार किया। परंतु जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने यह कहकर नकारते रहे कि उन्होंने एक बार सदर विधानसभा सीट की 20 बूथों की दोबारा गणना करा दी है। अब ऐसा कुछ नहीं होगा जिससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो।

महज 2629 मतों से चुनाव हारने के बाद निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने सदर विधानसभा सीट के बूथ संख्या 118, 122, 139, 146, 159, 164,165,189, 201, 202, 204,219, 230, 243, 252, 279, 283, 284 व 288 की दोबारा गणना की मांग रखी। जिसको जिलाधिकारी ने स्वीकार कर लिया और इन 20 बूथों की दोबारा गणना हुई। लेकिन परिणाम ज्यों का त्यों रहा। इसके बाद भाजपाई चेहरे लटका कर बाहर चले गए। इसके बाद प्रशासन ने सपा प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह लोधी को प्रमाण पत्र देने की तैयारी शुरू कर दी। जैसे ही जिलाधिकारी ने परिणाम घोषणा के लिए माइक थामा। वैसे ही निवर्तमान सांसद पुनः मतगणना स्थल पर आ धमके और जिलाधिकारी से राठ सुरक्षित विधानसभा के बूथों की दोबारा गणना करने के लिए मनुहार करने लगे। लेकिन जिलाधिकारी ने उनकी एक नहीं सुनी और कहा कि मतगणना का कार्य बहुत निष्पक्ष ढंग से कराकर अपलोड किया गया है। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। इसके बावजूद पूर्व सांसद/प्रत्याशी तमाम तर्क देते रहे और कहा कि उन्होंने दस साल के राजनीतिक जीवन में किसी विपक्षी को परेशान नहीं किया है। सपाई इसके खुद ही गवाह हैं और जिलाधिकारी को हाथ जोड़कर राठ विधानसभा क्षेत्र के बूथों की दोबारा गणना के लिए पत्र थमा दिया। जिसे लेकर जिलाधिकारी प्रेक्षक के साथ मतगणना स्थल पर बने केबिन में चले गए और चंद मिनट के मंथन के बाद गणना कर्मियों को गणना स्थल से जाने का अनाउंसमेंट करा दिया। इसी के साथ सपा की जीत का मार्ग प्रशस्त हो गया और चंद मिनट में जिलाधिकारी ने जीत का प्रमाण पत्र अजेन्द्र सिंह लोधी को देकर भाजपा प्रत्याशी की नौटंकी का पटाक्षेप कर दिया। इसके बाद भाजपा प्रत्याशी बुझे मन के साथ मतगणना स्थल से लाव लश्कर के साथ निकलकर महोबा के लिए रवाना हो गए।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे से सायकिल से गांव जा रहे युवक को बाईक सवार ने टक्कर मार दी जिसके बाद गंभीर रूप से घायल हुए युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई जिसपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पिपरौंदा निवासी विजय गुप्ता पुत्र चुनकू ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि बीते दो जून की शाम वह अपने छोटे भाई राजकुमार के साथ सायकिल से गांव जा रहा था।जैसे ही वह पिपरौंदा रोड पर कुछ दूर पहुंचे तो उसका भाई राजकुमार पेशाब करने के लिए सायकिल से उतर गया और जब वह पेशाब कर वापस आ रहा था तभी मौदहा की ओर से तेज रफ्तार बाईक लहराते हुए पिपरौंदा निवासी कल्लू कोरी पुत्र स्वामीदीन आया और उसके भाई को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से सदर अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज हैलट के लिए रेफर कर दिया गया था जहां पर तीन जून को इलाज के दौरान उसके भाई की मौत हो गई।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सड़क हादसे सहित गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपाईयों की लम्बी फौज रही असफल सपा गुप्त रणनीति रही कारगर

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव के पूर्व गुटों में बंटी समाजवादी पार्टी को देखकर लोग अंदाजा लगाते थे कि सपा का यहां भला नहीं हो सकता। लेकिन जिस तरह से गुटों में बंटी सपा ने हमीरपुर विधानसभा सीट पर ताकत झोंकी उससे साबित हो गया है कि वह भले ही गुटों में रहे हो लेकिन लक्ष्य सभी का पार्टी की जीत ही थी। इस जीत ने सपा को एक नई ऊर्जा प्रदान कर दी है। सपा अरसे यहां जीत के लिए तरस रही थी। 2004 से सपा का यहां सांसद नहीं बना। सपा को यह 2009, 2014 में हार का मुंह देखना पड़ा। 2019 में वह बसपा से गठबंधन के कारण चुनाव से बाहर थी। 2024 में लोधी समाज का नया चेहरा लाकर सीट को बगैर किसी तामझाम के अपने पाले में कर लिया। जबकि भाजपा के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व बृजेश पाठक, केबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह आदि नेताओं ने सभाएं की। लेकिन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित नहीं कर सके। इसके अलावा भाजपा के पास लोकसभा क्षेत्र की पांचो विधानसभा सीटों के विधायक, तीनों जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष, विधान परिषद सदस्य, नगर निकायों के अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख आदि की लंबी फौज थी। लेकिन यह भारी भरकम टीम भी जीत की राह नहीं निकाल सकी। सपा की ताकत में नजर डाली जाए तो लोकसभा सीट में एक भी विधायक नहीं है। एक भी ब्लॉक प्रमुख नहीं है। चरखारी को छोड़कर किसी निकाय में चेयरमैन नहीं है। इसके बाद उसके पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से चुनाव में रात दिन डटे रहे और जीत की राह निकाल दी। पार्टी संगठन का जिले में बुरा हाल था। लोकसभा चुनाव के पूर्व संगठन में जिलाध्यक्ष को लेकर बगावत के सुर थे। इससे ऐसा लगता था कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का बुरा हाल होगा। लेकिन जैसे ही चुनाव घोषित हुआ गुटों में बंटे सपाइयों ने अंदर ही अंदर तय कर लिया था कि पार्टी को जिताना है और वह गुटों में रहकर भी पार्टी प्रत्याशी के लिए रात दिन जुटे रहे। उसी का परिणाम है कि यह दोनों विधानसभा सीटों में पार्टी का मत प्रतिशत बढ़ाने में कामयाब हो गए। सदर विधानसभा सीट पर विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति को 79947 मत मिला था। लोकसभा चुनाव में गुटबाजी के बाद सपा ने सदर विधानसभा सीट से अपने मतों में जोरदार इजाफा किया और लोकसभा प्रत्याशी अजेन्द्र सिंह लोधी को यहां पर कुल 126708 मत प्राप्त हुए। जबकि भाजपा अपना विधानसभा चुनाव का रिकॉर्ड बचा सकी और आगे नहीं बढ़ सकी। इस चुनाव में सपा ने हमीरपुर सदर में भाजपा को 21064 मतों से हराया।

## पुत्र को जहर खिलाकर हत्या करने का पिता ने लगाया आरोप, थाने में दी तहरीर

**राठ।** दस दिन पहले दिल्ली से आए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के मामले में परिजनों ने जहरीला पदार्थ से मौत होने की आशंका जताई थी। बुधवार को मृतक के पिता जहर खिलाकर पुत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। नगर के अतरौलिया मोहल्ला निवासी रामशरण राजपूत ने बताया कि विगत 25 मई की दोपहर उसका 30 वर्षीय पुत्र शैलेंद्र राजपूत रोडवेज बस से दिल्ली से आया था। इसके बाद उसने बैंक आफ बड़ौदा की मिनी शाखा चरखारी रोड से 2100 रुपए निकाले। बताया कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उसे सूचना मिली कि अतरौलिया गेट चंद्रप्रकाश की दुकान के पास उसका पुत्र बेहोशी हालत में पड़ा है। एंबुलेंस से उसे सीएचसी राठ ले गए। जहां चिकित्सक ने उसके पुत्र को मृत घोषित कर दिया था। बताया कि उसके पुत्र के मुंह से झाग निकल रहा था और शरीर नीला पड़ गया था।

# कबड्डी समर कैंप का आगाज आज से स्टेडियम में



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन संबंध जिला सचिव एडवोकेट कमल सिंह यादव ने बताया की हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कबड्डी समर कैंप का आयोजन 5 जून 2024 को स्टेडियम बांदा में आयोजित कराया जा रहा है कबड्डी कैंप 15 दिवसीय है जिसमें बांदा के प्रसिद्ध जगह पर रोड रनिंग तथा साइकिलिंग के द्वारा :खेल कबड्डी:::ले पंगा :के नारों के साथ कबड्डी के प्रति जागरूक किया जाता है तथा इसमें एक डिस्ट्रिक्ट टूर भी कराया जाता है जिसमे प्रसिद्ध जगह बाम्बेश्वर भूरागढ़. राजघाट.बुधराम कुआं महेश्वरी देवी मंदिर.आदि जगहों पर जाकर लोगों के बीच कबड्डी के प्रति जागरूक किया जाता है कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल सिंह यादव ने बताया 5 वाँ सीजन का आयोजन जिला कबड्डी एसोसिएशन बांदा के द्वारा करवाया जा रहा है 5 वाँ सीजन कबड्डी समर कैंप में 70 बालक बालिकाएं भाग ले रहे हैं जिनको कबड्डी किट तथा एक शर्ट (चेंजर) के रूप में वितरित की गई मौके परः उपस्थित रहे राहुल द्विवेदी जी महादेव ज्वेलर्स के ऑनर महेंद्र सोनी जी बनारसी सैनिटरी शिवबदन जी दीपक मेहरा जी शैलेंद्र कुशवाहा जी ज्ञान शुक्ला जी राजेश शुक्ला जी बच्चा त्रिपाठी जी रामेश्वर जी सनी जी विपुल जी सतपाल जी शुभम सिंह स्थित रहे आए हुए सभी अतिथियों का जिला कबड्डी सचिव कमल सिंह यादव ने आभार व्यक्त किया।

# हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा के प्यासों की बुझा रहा है प्यास



अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** परहित सरस धर्म नही भाई का अर्थ होता है मानवता की सेवा सबसे बडा धर्म है आज इसी लाइन को सच साबित किया है हेल्पिंग द मैन काइंड ग्रुप ने । इस भीषण गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन बांदा संस्था की टीम की ओर से मुख्य चौराहों पानी का निःशुल्क कैम्प लगाया गया जिसमे राहगीर मुसाफिरो को राहत पहुंचाई जा सके जिसको दृष्टिगत रखते हुए अब अमर टाकीज चौराहे में निःशुल्क पेयजल का शुभारंभ किया मुसाफिरो के लिए संस्था की ओर से ताकि गर्मी प्यास से राहगीरों को राहत पहुंचाई जा सके। हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन संस्था की ओर से लगातार मुख्य चौराहों पर निःशुल्क पेयजल के कैंप राहगीरों मुसाफिरों की सुविधा के लिए लगाए जा रहे है ये सिलसिला पिछले काफी समय से लगातार जारी है और आगे भी जारी रहेगा, तेज गर्मी को दृष्टिगत रखते हुए। समाज हित के इस कार्य में संस्था की ओर से हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ग्रुप के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब, मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी कई सामाजिक संस्थाओं के संरक्षक शेख सादी ज़मा साहब, वसंत गुप्ता दैनिक जागरण ब्यूरो चीफ झांसी ने कैंप का शुभारंभ किया, साथ ही पूरी टीम इस कार्यक्रम में मौजूद रही आसिफ अली (पत्रकार), नज़रे आलम (पत्रकार) ग्रुप के अध्यक्ष नदीम उल्लाह खान, उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान, उपाध्यक्ष जावेद खान,कलीम उल्लाह खान, सचिव उमर अली, कोषाद्यक्ष अनस उल्लाह खान, उपसचिव आसिफ मसूदी, उपसचिव गफ्फार खान, संघठन मंत्री शेख रिज़वान, फुरकान, काशिफ, मनीष कुमार, राजू बैग, समीर कुरैशी, हसीब, अली, इमरान, प्रणव गुप्ता, मोहित सिंह, मनोज सिंह, शिवम धुरिया, आदि उपस्थित रहे।

## सपा नेता कल्लू यादव में जीत पर मनाया जश्न बाटी मिठाई

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सपा प्रत्याशी की जीत पर कन्हैया विल्डिंग मैटेरियल प्रतिष्ठान में सपा नेता अजय उर्फ कल्लू यादव ने कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कर जीत का जश्न मनाया। हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी अर्जेन्द्र सिंह लोधी के विजय होने पर सपा कार्यकर्ताओं में जबरजस्त उत्साह रहा जीत की खुशी पर सपा के कद्दावर नेता अजय उर्फ कल्लू यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संसदीय सीट से सपा की जीत ने यह साबित कर दिया है कि लोगो का भाजपा से विश्वास उठ गया है और सपा पर आम जनता का भरोसा बढ़ा है। उन्होने इस जीत पर मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। सपा नेता ने जीत की खुशी में लोगो का मुंह मीठा कराकर उनका उत्साह वर्धन किया इस मौके पर पूर्व सपा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति पूर्व जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह यादव, शुभकरण सिंह परिहार मिन्टू गादव, राजू फैंस, विद्याभूषण साहू, पप्पू यादव, डा0 इमाद, गोरे यादव सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## क्राइस्ट कान्वेंट के पांच छात्रों ने पास की नीट की एमबीबीएस परीक्षा



**राठ/अवधनामा संवाददाता।** बीती शाम घोषित नीट की एमबीबीएस परीक्षा में नगर के उरई रोड स्थित क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के पांच छात्रों का चयन हुआ है। छात्रों की उपलब्धि पर विद्यालय के प्रिंसिपल सहित स्टाफ ने उनका मुंह मीठा करा कर उज्जवल भविष्य की कामना की है। क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक डी0 धनबालन ने बताया कि बीती शाम घोषित नीट की परीक्षा परिणाम में उनके विद्यालय के चिराग राजपूत पुत्र पुरुषोत्तम ने 10002 वीं, मोनिका सिंह पुत्री सुरेंद्र सिंह ने 13481 वीं, आदित्य कुमार पुत्र माधव सिंह ने 21806 वीं, विकास कुमार पुत्र कमलेश राजपूत ने 21724 वीं तथा रिमी वर्मा पुत्री पुष्पेंद्र कुमार ने 207269 वीं रैंक पाकर एमबीबीएस में चयनित हुए हैं। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय के प्रधानाचार्य आर0डी0विनायक, महेश यादव सहित अन्य स्टाप ने छात्रों का मुँह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## बाइक से गिरकर दंपति सहित दो मासूम घायल

**राठ/अवधनामा संवाददाता।** दिल्ली से पत्नी व मासूम बच्चों को लेकर बाइक से आ रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। इस हादसे में बाइक सवार दंपती व दो मासूम बच्चे घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी राठ में भर्ती कराया गया है। कोतवाली के कैथा गांव निवासी अनिल (26) पुत्र शिवसहाय ने बताया कि वह दिल्ली से अपनी पत्नी पूजा (24) और तीन वर्षीय पुत्री आरिका, डेढ़ वर्षीय पुत्र आरव को बाइक से लेकर गांव वापस आ रहा था। तभी राठ उरई मार्ग पर सड़क पर गिट्टी पड़ी होने पर बाइक असंतुलित होकर गिर गयी। जिससे वह पत्नी व बच्चों के साथ गिरकर घायल हो गया। डॉ नरेन्द्र सिंह ने बताया कि अनिल का पैर फेक्चर था। जिसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।?

## सड़क पर खड़े युवक को पांच युवकों ने पीटा

**राठ/अवधनामा संवाददाता।** नगर के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी प्रदीप तिवारी पुत्र हरनारायण ने बताया कि सोमवार की रात वह रोडवेज बस स्टैंड के पास गया था। जब उसने गाड़ी सड़क किनारे खड़ी की तो अनुभव पुत्र ताम्रकार निवासी मराठीपुरा मौदहा, सुमित पुत्र अखिलेश, अमित पुत्र अखिलेश निवासीगण मौदहा, प्रदीप पुत्र हरीराम, राकेश पुत्र हेतरामनिवासी बिवांर आकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट से उसके शरीर में चोटें आई हैं। बताया कि मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराया है।

## मौदहा की प्राची ने उत्तीर्ण की नीट की परीक्षा

**मौदहा। हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** 05 जून मौदहा कस्बा की प्राची ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने परिवार सहित कस्बे का नाम रौशन किया है। मोहल्ला फत्तेपुर शिवपुरी निवासी रिटायर्ड सुबेदार मेजर लल्लन मिश्रा की पुत्री प्राची मिश्रा ने मंगलवार को जारी हुए नीट परीक्षा परिणाम में सफलता पाकर अपने माता-पिता सहित परिवार का गौरव बढ़ाया है। प्राची ने 720 में 658 अंक हासिल किए हैं। प्राची ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा केंदीय विद्यालय कानपुर से की है। जिसके बाद प्राची ने ऐल्लन कोचिंग में दाखिला लिया और वहां से तैयारी करते हुए सफलता को प्राप्त किया है जिससे वह खुशी से गदगद हैं। प्राची की इस कामयाबी पर परिवार सहित रिश्तेदारो द्वारा बधाई देने का सिलसिला जारी है।

## पर्यावरण दिवस पर किया गया वृक्षारोपण




**सुमेरपुर हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन विभाग के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने वृक्षारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। भारतीय प्रजापति हीरोज ऑर्गेनाइजेशन ने अपने 11वें स्थापना दिवस पर कस्बे के विरक्त आश्रम में 11 पौधों का रोपण करके उनको संरक्षित करने का संकल्प लिया। इसी तरह वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण समिति के साथ रोटीराम वाटिका में वृक्षारोपण करके उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। वन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण समिति सहित अन्य लोगों को निशुल्क पौधे उपलब्ध कराये। वृक्षारोपण के दौरान वन क्षेत्राधिकारी इफ्तिखार खान, पर्यावरण संरक्षण समिति के अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, शिवम सिंह, राखी शिवहरे, रानी, रमा, रज्जू गुप्ता, डा. देवीदीन आदि मौजूद रहे। इसी तरह बीपीएचओ के प्रदेश उपाध्यक्ष कमलकिशोर, संतोष चक्रवर्ती, रणविजय चक्रवर्ती, डा. सुरेंद्र प्रजापति, अरुणेश प्रजापति, विश्राम प्रजापति, अरविंद यादव, नीतिराज यादव, गजेंद्र गुप्ता, रंजीत यादव आदि मौजूद रहे।

## पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित

**सुमेरपुर हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा में चल रहे आर्य समाज के दो दिवसीय कार्यक्रम का विश्व कल्याण की कामना के साथ यज्ञ का समापन हो गया। आर्य समाज के डा. विवेक कुमार आर्य ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम पारा रैपुरा में दो दिवसीय प्रवचन एवं महायज्ञ का आयोजन कराया गया। बुधवार को महायज्ञ का समापन विश्व कल्याण की कामना के साथ करते हुए यज्ञ के ब्रह्म आचार्य आनंद पुरुषार्थी ने ग्रामीणों को नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। इसके बाद उन्होंने यज्ञ एवं वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दोनों की पर्यावरण संतुलन में अहम भूमिका है। कार्यक्रम का संचालन श्याम सिंह गौतम ने किया।

# 'हमारी धरती, हमारा भविष्य' थीम पर मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं के साथ परियोजना प्रमुख (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने किया पौधारोपण

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में विश्व पर्यावरण दिवस- 2024 के तहत पर्यावरण सुरक्षा बढ़ाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर 5 जून 2024 को आमजन को पर्यावरण संरक्षण संदेश देने हेतु पर्यावरण जागरूकता रैली और विशाल पौधारोपन अभियान का आयोजन किया गया। एनटीपीसी रिहंद में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस हमारी धरती, हमारा भविष्य थीम पर मनाया गया है।

इस अवसर पर एनटीपीसी रिहंद आवासीय परिसर स्थित लेक पार्क से शिवालिक गेस्ट हाउस तक पर्यावरण रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (रिहंद) पंकज मेदीरत्ता ने हरी झंडी के साथ रैली एवं विश्व पर्यावरण दिवस का शुभारंभ किया। पर्यावरण जागरूकता रैली में स्थानीय निवासियों की भारी भागीदारी देखी गई। इस अवसर पर रिहंद आवासीय परिसर में महिलाएं, बच्चे, यूनियन व एसोसीएशन के प्रतिनिधिगण एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया।

पंकज मेदीरत्ता ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण हेतु सभी को सार्थक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होने आग्रह किया की सभी अपने आस-पास पौधारोपन करें तथा प्रदूषण का हर स्तर पर रोकथाम करें ताकि हमारी पृथ्वी को संरक्षित रखा जा सके। विश्व पर्यावरण दिवस के कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण मिशन 2024 की बालिकाओं नें भी हिस्सा लिया साथ ही रैली में भी भाग लिया। जेम बालिकाओं ने पर्यावरण प्रदूषण पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। बालिकाओं द्वारा टाउनशिप के विभिन्न हिस्सो में वृक्षारोपण भी किया गया। वरिष्ठ प्रबन्धक (ईएमजी) राघवेंद्र नारायण ने जेम बालिकाओं को पर्यावरण एवं इस वर्ष की थीम 'हमारी धरती, हमारा भविष्य' के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण, अध्यक्षा वीएमएमएस, यूनियन व एसोसीएशन के प्रतिनिधिगण, कर्मचारीगण एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

## सदर विधायक भूपेश चौबे ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौध रोपण

विधायक ने वन कर्मचारी व कार्यकर्ताओं को पौध रोपण करने को दिलाई शपथ



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** पर्यावरण की रक्षा के लिए सजग होना होगा। क्योंकि इसका खामियाजा मानव जाति के साथ-साथ पशु-पक्षियों को भुगतना पड़ रहा है। जलवायु परिर्वतन के कुप्रभाव को कम करने के लिए गंभीरता पूर्वक पहल करना होगा। इसके लिए पेड़-पौधा लगाने के साथ प्रदूषण को कम करने के उपायों को अमल में लाना होगा। तभी पर्यावरण की रक्षा हो सकेगी। बुधवार को सोनभद्र वन प्रभाग कार्यालय पर विश्व पर्यावरण दिवस पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने पौधरोपण के पश्चात पर्यावरण की रक्षा का संकल्प दिलाया। सदर विधायक ने कहा कि जल जीवन का आधार है। जीवन के पांच तत्वों में सबसे महत्वपूर्ण। जल का आधार है, पर्यावरण की रक्षा। पर्यावरण कैसे हो, इस बारे में वामनपुराण में उद्दत है पृथ्वी सगन्धा सरसास्तथापः स्पर्शी च वायुर्ज्वलिंत च तेजः। नभः सशब्दं महत्ता सहै व कुर्वन्तु सर्वे गम सुप्रभातम। ऐसे शुद्ध वातावरण का आधार एकमात्र पर्यावरण की रक्षा से ही संभव है तथा पानी का एक मात्र स्रोत। वैसे तो भारतीय संस्कृति में वनस्पति की रक्षा के माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए इसे धर्म से जोड़ा ही है, समय-समय पर हमारे महापुरूषों ने इस अलख को जगाए रखा। इस मौके पर डीएफओ कुंज मोहन वर्मा, एसडीओ चुर्क विनीत सिंह, एसडीओ रामगढ़ शत्रुघ्न त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एनटीपीसी विंध्याचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** इस वर्ष का थीम- भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचिलापन था, जिसके अवसर पर पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिवारजन, स्कूली बच्चों एवं नगरवासियों हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता रैली, पौधरोपण एवं शपथ ग्रहण, नारा प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता, फ़ैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों, संविदाकर्मियों, छात्र-छात्रों और नगरवासियों नें भाग लिया।

इस अभियान का मुख्य उदेश्य आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। पर्यावरण प्रबंधन विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु इस बार जागरूकता पैदा करने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम 5 जून 2024 को प्रातः 6 बजे से पर्यावरण दिवस का प्रारंभ जागरूकता रैली के साथ किया गया। यह रैली विंध्य क्लब से प्रारम्भ होकर नगर अनुरक्षण परिसर के सूर्य नर्सरी में सम्पन्न हुआ। रैली में बालिका सशक्तिकरण अभियान की बालिकाओं नें बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही इस रैली में कार्यकारी निदेशक(विन्ध्याचल) ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, क्षेत्रीय ऑफिसर(मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड) संजीव कुमार मेहरा, सभी महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। इसके अलावा इस रैली में एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनो ने भी भारी उत्साह के साथ भाग लिया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपड़ एवं विधिक जागरूकता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आज समय प्रातः 08:00 बजे विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माननीय जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा डा0 बब्बू सारंग जी के निर्देशन व उनकी अध्यक्षता में दीवानी न्यायालय परिसर, बांदा में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा ग्राम बीच का पुरवां, बांदा में वृक्षारोपण एवं विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण-बांदा श्रीपाल सिंह द्वारा बताया गया कि वृक्षारोपण कार्यकम दीवानी न्यायालय परिसर, बांदा आयोजित किया गया, जिसमें माननीय जनपद न्यायाधीश डा0 बब्बू सारंग एवं जिला बार संघ अध्यक्ष अशोक कुमार दीक्षित द्वारा पर्यावरण के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के फलदार व छायादार पौधो जैसे आम, आवंला, कटहल, नीम इत्यादि का वृक्षारोपण किया गया। इसी कम में महेन्द्र प्रसाद चौधरी, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बांदा, चन्द्रपाल द्वितीय, प्रथम अपर जिला जज-बांदा, छोटेलाल यादव, विशेष न्यायाधीश (ई.सी. एक्ट) बांदा, श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा, भगवानदास गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-बांदा, रामप्रकाश शिवहरे-महासचिव जिला बार संघ, बांदा राजेन्द्र कुमार दुबे व ओमप्रकाश सिंह गौतम पूर्व महासचिव बार संघ बांदा द्वारा वृक्षारोपण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया। इस अवसर पर मुन्नीलाल वर्मा-मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, भारतभूषण, कोर्ट मैनेजर एवं नासिर अहमद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा उपस्थित रहें।

# दूसरे दलों के नेताओं को भाजपा में लेना भी भाजपा के हार का कारण बना

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** हमीरपुर-महोबा संसदीय सीट से भाजपा को मिली हार का कारण जहाँ प्रत्याशी के विरोध का करण तो बना ही साथ ही दूसरे दलों के नेताओं को चुनाव के वक्त में भाजपा में शामिल करना भी हार का कारण बनता नजर आया। भाजपा प्रजाशी पुष्पेन्द्र चंदेल का टिकट जैसे ही फाइनल हुआ था उसी समय से आम जनता में प्रत्याशी के खिलाफ विरोध के स्वर उठने लगे थे भाजया का वोटर भी नये प्रत्याशी की राह देख रहा था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। भाजपा प्रत्याशी के हार का कारण रहा भाजपा के नाराज वोटरों ने मतदान में हिस्सा ही नहीं लिया और जिसने लिया भी वह भटक गया। प्रत्याशी के 10 वर्ष के कार्यकाल में हमीरपुर की उपेक्षा करना भी हार का कारण बना। प्रत्याशी का जनसम्पर्क शून्य रहने तथा इनेङ्गिने लोगों से मिलना भी चुनाव में विपरीत असर डाला। भाजपा पार्टी के संगठन के पधाधिकारी ने अपनी वाहवाही लूटने के लिए दूसरे दलों के ऐसे नेताओं को भाजपा में शामिल करवाना कि इनसे भाजपा को लाभ मिलेगा लेकिन स्थिति बिल्कुल विपरीत ही रही ऐसे नेताओं से भाजपा को नुकसान ही उठाना पड़ा जो परिणाम से सच साबित हो रहा है। उदाहरण के लिए ब्लाक प्रमुख जयनारायण यादव को भाजपा में शामिल कराया गया प्रमुख ने अपना कद बढ़ाने के लिए ब्लाक के कई गावों के प्रधान व बीडीओ सदस्यों को भाजपा में शामिल कराया लेकिन नतीजा क्या निकला ज्यादातर शामिल प्रधान अपना गांव भी नहीं जिता पाए यहां तक कि प्रमुख भी अपना गांव हार गए। लोगो का कहना है कि ब्लाक प्रमुख को भाजपा में शामिल कराना भाजपा के लिए नुकसानदायक ही साबित हुआ प्रमुख केवल अपनी बचत के लिए ही शामिल हुए इनसे पार्टी को लाभ के बजाय नुकसान ज्यादा उठाना पड़ा। इसी तरह चाहे कांग्रेस के टिकट पर चेयरमैन बनने वाले धीरेन्द्र शिवहरे हो या केशव शिवहरे हो इनके भाजपा में शामिल होने से भाजपा को नुकसान ही उठाना पड़ा लोगो में यह चर्चा भी रही की अच्छी छवि की पार्टी भाजपा में जब गलत लोगों का प्रवेश हुआ तभी से पार्टी के प्रति लोगों में गलत संदेश गया भाजपा प्रत्याशी के चुनाव हारने में भी यह भी एक कारण बन गया।

# मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में 18,092.19 करोड़ का राजस्व प्राप्तः वित्त मंत्री

**मई 2023 के सापेक्ष मई 2024 मे सरकार के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में रु0 2,741.00 करोड़ अधिक की प्राप्ति**



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के मई माह में कुल रू0 18,092.19 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के मई माह में रू0 15,351.19 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के मई माह मे वित्तीय वर्ष 2023-24 के मई माह के सापेक्ष सरकार के मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में रु0 2,741.00 करोड़ अधिक की प्राप्ति हुई है।

सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि मुख्य कर-करेत्तर राजस्व वाले मदों में जी0एस0टी0 के अन्तर्गत माह मई, 2024 में कुल रू0 6,690.89 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष मई, 2023 के माह में प्राप्ति रू0 5,553.16 करोड़ थी। इस प्रकार जी0एस0टी0 मद के अन्तर्गत मई माह मे गत वर्ष की तुलना मे इस वर्ष रू0 1137.73 करोड़ अधिक प्राप्त हुआ है। वैट के अन्तर्गत माह मई, 2024 में रू0 2,898.75 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह मई, 2023 में प्राप्ति रू0 2,625.11 करोड़ थी। श्री खन्ना ने बताया कि आबकारी के अन्तर्गत माह मई, 2024 में कुल रू0 4,593.44 करोड़ की राजस्व प्राप्ति हुई जबकि गत् वर्ष माह मई, 2023 में प्राप्ति रू0 3633.06 करोड़ थी। स्टाम्प तथा निबन्धन के अन्तर्गत माह मई, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 2655.13 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह मई, 2023 में प्राप्ति रू0 2350.18 करोड़ थी। परिवहन के अन्तर्गत माह मई, 2024 की राजस्व प्राप्ति रू0 912.52 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह मई, 2023 में प्राप्ति रू0 850.64 करोड़ थी। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अन्तर्गत माह मई, 2024 में प्राप्ति रू0 341.46 करोड़ है जबकि गत् वर्ष माह मई, 2023 में प्राप्ति रू0 339.04 करोड़ थी।

# अब मुसलमानों को सोच-समझकर ही टिकट देंगेः बसपा सुप्रीमो

**प्रदेश की 80 सीटों में से एक भी सीट पर बसपा को जीत नहीं मिली**

**तीन से चार चरणों में करवाया जाना चाहिए था चुनाव**



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी को हुए भयंकर नुकसान के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बसपा द्वारा उचित प्रतिनिधित्व देने के बाद भी मुस्लिम समाज ने हमारा साथ नहीं दिया ऐसी स्थिति में आगे इनको काफी सोच समझकर ही मौका दिया जाएगा।

चुनाव में हुए नुकसान पर उन्होंने कहा कि हम इसका गहन विश्लेषण करेंगे और देश के करोड़ों, गरीबों, दलितों, शोषितों, आदिवासियों, पिछड़ों और धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए काम करते रहेंगे जिससे उनकी सुरक्षा व सम्मान पर मंडराता खतरा दूर हो।इस बार के लोकसभा चुनाव में बसपा ने अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला किया। मंगलवार के घोषित हुए परिणामों में प्रदेश की 80 सीटों में से एक भी सीट पर बसपा को जीत नहीं मिली। वहीं, भाजपा ने 33, सपा ने 37, कांग्रेस ने 6, रालोद ने 2, आजाद समाज पार्टी ने 1 और अपना दल (एस) ने एक सीट पर जीत दर्ज की है। इसके पहले लोकसभा चुनाव 2014 में भी बसपा को एक भी सीट पर जीत नहीं मिली थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा प्रदेश की 10 सीटों पर जीत हासिल करने में कामयाब रही थी। हालांकि, तब सपा, बसपा व रालोद का गठबंधन था।

## वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील

**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने वृक्षारोपण कर लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। ऐशबाग ईदगाह परिसर में मौलाना ने वृक्षारोपण किया। मौलाना ने कहा कि रसूल की सुन्नत पर अमल करते हुए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। मौलाना ने कहा कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन में बहुत मददगार साबित होते हैं। बीते दिनों बेतहाशा गर्मी की एक वजह यह भी है कि पेड़-पौधे खत्म होते जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए, जिससे पर्यावरण संतुलन बना रहे।

## ईसाले सवाब के लिए मजलिस आज

**लखनऊ।** हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग की प्रबंध कार्यकारिणी के प्रबंधक सचिव मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास के ससुर स्वर्गीय सईद अहमद रिजवी के ईसाले सवाब के लिए गुरुवार को मजलिसे चेहलुम होगी। मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास ने बताया कि रात 8 बजे ठाकुरगंज के मुसाहबगंज स्थित हौजए इल्मिया जामियातुत तब्लीग में तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज होगा। मजलिस को मौलाना मिर्जा जाफर अब्बास खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस इसी समय पर मदरसे में आयोजित होगी।

# बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी को अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत

**यूपी का मौसम**

**पूर्वांचल में हल्की बारिश की उम्मीद**




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश में गर्मी का प्रकोप जारी है। नौतपा के बाद प्रदेश के अधिकतर इलाकों में झुलसाती लू से थोड़ी राहत तो मिली है मगर बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में अभी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने कन्नौज, कानपुर, आगरा, इटावा और बुंदेलखंड के कई इलाकों में कल और परसों भी गर्म हवा और लू चलने के आसार जताए हैं। बुधवार को प्रदेश में फतेहपुर में अधिकतम तापमान 46.2 डिग्री दर्ज किया गया। आगरा में 46 तो झांसी में अधिकतम 45.9 डिग्री रहा। वहीं न्यूनतम तापमान की बात करे तो बुलंदशहर में प्रदेश में न्यूनतम 23 डिग्री रहा। इसके बाद नजीबाबाद और बाराबंकी में न्यूनतम 25 डिग्री रहा। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार आज और कल दक्षिणी पूर्वी उत्तर प्रदेश के सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी व तराई इलाकों महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच आदि में गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी या मध्यम बारिश की उम्मीद है। यहां हल्की आंधी भी चल सकती है। **इन इलाकों में है लू की चेतावनीः** मौसम विभाग ने कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, आगरा, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास इलाकों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

# आपने प्यार, सच्चाई और दयालुता के साथ लड़ाई लड़ीः प्रियंका गांधी

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने भाई राहुल गांधी को उनकी जीत पर एक भावुक नोट लिखा है। इसमें उन्होंने राहुल के रायबरेली और वायनाड की दोनों सीटों पर जीत हासिल करने के साथ ही लोकसभा चुनावों में पार्टी की स्थिति में सुधार होने पर उनकी तारीफ की है। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर प्रियंका ने लिखा, उनके दृढ़ विश्वास पर संदेह करने और उनके खिलाफ झूठ का भारी प्रचार किए जाने के बावजूद, राहुल कभी पीछे नहीं हटे और सच्चाई के लिए लड़ते रहे। प्रियंका ने उन्हें सबसे बहादुर बताते हुए आगे लिखा, राहुल गांधी ने प्यार, सच्चाई और दयालुता के साथ लड़ाई लड़ी। उन्हें उन पर गर्व है। प्रियंका गांधी ने अपनी पोस्ट में आगे कहा, आप डटे रहे, फिर चाहे उन्होंने आपको कुछ भी कहा हो या आपके साथ कुछ भी किया हो। आप कभी पीछे नहीं हटे, चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न आई हों, आपने कभी भी विश्वास करना नहीं छोड़ा, चाहे उन्हें आपके विश्वास पर कितना भी संदेह क्यों न हो, आपने झूठ के भारी प्रचार के बावजूद सच्चाई के लिए लड़ना कभी नहीं छोड़ा और आपने कभी भी गुस्से और नफरत को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया, तब भी जब वे आपको हर दिन इसका तोहफा देते थे।

# नीट-2024 में सी.एम.एस. की आकृति का शानदार प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**



सिटी मोन्टेसरी स्कूल के मेधावी छात्र, जिन्होंने इस वर्ष की नीट परीक्षा में उच्च सफलता अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है।

**सी.एम.एस. के 18 छात्रों के 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक जबकि 96 छात्रों ने कट-ऑफपरसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित कर शानदार सफलता अर्जित की**

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सर्वाधिक 96 छात्रों ने नीट-2024 में शानदार सफलता लखनऊ का गौरव बढ़ाया है तो वहीं ओर सी.एम.एस. कानपुर रोड कैम्पस की छात्रा आकृति सिंह ने कुल 720 में से 701 अंको के साथ अखिल भारतीय स्तर पर 1597वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। खास बात यह है कि इस वर्ष सी.एम.एस. के 18 छात्रों ने 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये हैं जिनमें 9 छात्रों ने 7300 से ऊपर की नेशनल रैंक अर्जित की है जबकि शेष 9 छात्रों ने 20000 से ऊपर की रैंक अर्जित की है। इसके अलावा, सी.एम.एस. के 96 छात्रों ने कट-ऑफ परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित किये हैं। नीट परीक्षा में चयन के उपरान्त सी.एम.एस. के ये छात्र देश के प्रख्यात मेडिकल कालेजों में एम.बी.बी.एस. कोर्स में एडमीशिन लेकर डाक्टर की डिग्री प्राप्त करेंगे। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इन मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं इस अभूतपूर्व सफलता हेतु सी.एम.एस. प्रधानाचार्याओं व शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि नीट-2024 में 99 परसेन्टाइल से अधिक अंक अर्जित करने वाले सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों में आकृति सिंह, मो. अर्यान तारिक, आदर्श प्रताप सिंह, रानेश मौर्या, स्वयं गर्ग, गर्विता सिंह, नौमान अहमद, श्रेया गुप्ता, मदीहा रहमान, प्रतिष्ठा केसरवानी, मानसी मिश्रा, साधिका गोयल, केशव अग्रवाल, जय कुशवाहा, जान्हवी मिश्रा, आदित्य पाण्डेय, पियूष चंदेरिया एवं आदित्य पाण्डेय शामिल हैं। इन सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व सी.एम.एस. के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। श्री खन्ना ने बताया कि इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों की अभूतपूर्व सफलता पर सी.एम.एस. परिवार गौरवान्वित है।

# पौधारोपण कर आम जनमानस को वृक्षों का संरक्षण करने के लिए किया जागरूक



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य पूर्णिमा रजवार के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए विश्व पर्यावरण दिवस पर संस्था पदाधिकारियों ने भारतीय सेना के जवानों के साथ मिलकर हल्द्वानी आर्मी कैंट में फलदार छायादार पौधारोपण कर आम जनमानस को पौधारोपण करने एवं वृक्षों का संरक्षण करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक रोहतास प्रजापति ने संयुक्त रुप से कहा कि पर्यावरण और मानव का संबंध बहुत ही घनिष्ठ है क्योंकि हमारे स्वस्थ जीवन के लिए पृथ्वी ग्रह पर स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण की महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि हम सभी का भोजन हवा पानी सहित अनेक जरूरतें पर्यावरण पर ही निर्भर करती है साथ ही बहुत से वृक्ष आयुर्वेदिक औषधि होने के साथ वातावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखकर प्राणदायक ऑक्सीजन की मात्रा को अधिक रूप से बढ़ते है और वृक्षों की उपस्थिति से वाहनों द्वारा उत्सर्जित धुएं व उद्योगों से निकलते प्रदूषण को काफी हद तक नियंत्रित कर वातावरण शुद्ध हो जाता है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने पर्यावरण को बचाए रखकर उसकी रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है क्योंकि बिना वृक्षों के हमको शुद्ध वातावरण प्राप्त नहीं हो सकता है इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करने के साथ वृक्षों का संरक्षण कर पृथ्वी को स्वच्छ एवं हरा भरा रखने के लिए हर संभव कार्य करना चाहिए।

## चिनहट में अवैध निर्माण पर कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को प्रवर्तन जोन-5 के चिनहट में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मानचित्र बनाए जा रहे निर्माण को सील कराया। एकल आवासीय मानचित्र के उलट बहुमंजिला इमारत को लविप्रा ने सील कराया। लविप्रा प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार ने बताया कि सौबिना सिंह व अन्य की ओर से चिनहट के ग्राम उत्तरधौना के आतिफ विहार में लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर स्वीकृत एकल आवासीय मानचित्र के उलट अवैध रूप से पांच मंजिला इमारत का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय ने मामले में सीलिंग के आदेश दिये थे। बुधवार को सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी ने निर्माणाधीन इमारत को सील कराया।

# साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की हर चाल मुद्दों के आगे बौनी साबित हुई

**अवधनामा ब्यूरो**

**गठबंधन के पक्ष में एकजुट रहे दलित और मुस्लिम**

लोकसभा चुनाव में दलित और मुस्लिम मतदाताओं ने गठबंधन का साथ दिया। प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित तमाम सीटों पर दूसरे दलों के जातीय उम्मीदवारों को नकार मुस्लिम मतदाता गठबंधन के पक्ष में एकजुट रहे। अपनी खामोशी से दलितों और मुसलमानों ने कई सीटें गठबंधन की झोली में डाली। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कैराना, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, सहारनपुर जैसी सीटों पर गठबंधन जीत हासिल करने में कामयाब रहा। बहुजन समाज पार्टी ने कई मुस्लिम बहुल सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवार उतारे लेकिन मुस्लिमों ने आखिर तक इस बात का एहसास नहीं होने दिया कि वे गठबंधन के समर्थन में जा रहे हैं। दलितों के लिए आरक्षण और संविधान जैसे मुद्दे इंडिया गठबंधन के पक्ष में जाने को मजबूर रहे।

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण की हर चाल मुद्दों के आगे बौनी साबित हुई। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार महिला उत्पीडन्, जातीय जनगणना जैसे मुद्दों को जनता ने साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण पर तरजीह दी। वहीं भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के नारे को संविधान और आरक्षण खत्म करने के रूप में पेश करना इंडिया गठबंधन के लिए बड़ा सहारा बना, जिसके परिणामस्वरूप गठबंधन ने प्रदेश में एक दशक बाद इतनी बड़ी जीत दर्ज की। लोकसभा चुनाव की शुरूआत में ही भाजपा इस बार 400 पार के नारे के साथ साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण में जुट गयी। वहीं इंडिया गठबंधन ने भाजपा के 400 पार के नारे को संविधान और आरक्षण पर खतरा बताना शुरू कर दिया। संविधान और आरक्षण को लेकर दलित गठबंधन के पक्ष में लामबंद हुए, जिसका प्रदेश में इंडिया गठबंधन को सीधे तौर पर फायदा हुआ। संविधान और आरक्षण के मुद्दे पर दलित समुदाय ने कांग्रेस पर भरोसा किया, कि कांग्रेस सत्ता में आई तो संविधान और आरक्षण सुरक्षित रहेगा। इस बात का कांग्रेस से अधिक फायदा प्रदेश में समाजवादी पार्टी को हुआ। इसी के साथ गठबंधन के लगातार बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पेपर लीक जैसे मुद्दों ने भी युवाओं और बेरोजगारों के साथ ही और समाज के बड़े हिस्से को एकजुट करने में भूमिका निभाई। जनसामान्य से सीधे तौर पर जुड़े इन मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरे इंडिया गठबंधन का जनता ने भी भरपूर साथ दिया।

# भाषा वि.वि. में कुलपति की अध्यक्षता में वृक्षारोपण का आयोजन




**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी तथा वृक्षारोपण अभियान का आयोजन कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा तथा कुलानुशासक डॉ नीरज शुक्ल द्वारा किया गया। संगोष्ठी में कुलपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हम सभी का उत्तरदायित्व है कि हम पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार लाएं, उसकी रक्षा करें तथा उसे बनाए रखें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर बल देते हुए कहा कि हमें अपने चारों ओर के वातावरण को संरक्षित रखते हुए उसे जीवन के अनुकूल बनाए रखना चाहिए क्योंकि पर्यावरण और प्राणी एक दूसरे पर आश्रित है। संगोष्ठी में उपस्थित सभी शिक्षाविदों तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को कुलपति द्वारा पौधे इस आशय और संकल्प के साथ दिए गए कि वह इसके रोपण एवं संरक्षण का दायित्व लेंगे तथा पर्यावरण के जीवन पर प्रभाव का संदेश अग्रसारित करेंगे ।संगोष्ठी के उपरांत विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसकी शुरुआत कुलपति ने फलदायक पेड़ों का रोपण करके की। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी साजिद आज़मी, कुलसचिव डॉ भावना मिश्रा, उपकुलसचिव दीप्ति मिश्रा, प्रो. मसूद आलम, प्रो. फखरे आलम, प्रो. सौबान सईद, प्रो. हैदर अली, प्रो. एहतेशाम अहमद, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. बुशरा अलवेरा आदि उपस्थित रहे।

## एनसीसी इकाई के प्रत्येक कैडेट ने फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपड़ किया

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एनसीसी इकाई प्रत्येक कैडेट द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपड़ किया गया। इस वर्ष की विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम- भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखा सहनशीलता को यथार्थ रूप देने के उद्देश्य से 20 यू पी गर्ल्स बटालियन, लखनऊ द्वारा एक अहम पहल की गई। जिसके तहत एनसीसी में नामांकित समस्त कैडेट्स को एक कैडेट- एक वृक्ष, के अंतर्गत एक पौधे को रोपित करने के लिए निर्देशित किया गया। भाषा विश्वविद्यालय की प्रत्येक कैडेट द्वारा फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपड़ किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी ली गई। कैडेट्स ने पोस्टर के माध्यम से भी पर्यावरण संरक्षण संदेश दिया। इस अवसर पर एनसीसी इकाई की एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट डॉ बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स को रोपित पौधों की देखभाल कर ने के साथ-साथ और पौधों को रोपित करने संदेश दिया और परिवार को भी ऐसी गतिविधियों में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एन सी सी कैडेट्स बढ़ चड़ कर प्रतिभाग किया।

# भारतीय रेल पर कुल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 102

**अवधनामा ब्यूरो**



**भारतीय रेल पर वर्ष 2023-24 में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल ऑक्यूपेंसी 105.7 प्रतिशत रही।**

**वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें संरक्षा के दृष्टि से महत्वपूर्ण 'कवच' से सुसज्जित हैं**

**गोरखपुर/लखनऊ।** भारतीय रेल पर कुल वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की संख्या 102 है एवं कुछ सेवायें मांग के आधार पर चलाई जाती हैं। गत वर्ष 2023-24 में वंदे भारत एक्सप्रेस कुल 18,423 फेरों में चलाई गईं। वर्ष के दौरान इन ट्रेनों की कुल ऑक्यूपेंसी 105.7 प्रतिशत रही। सबसे ज्यादा ऑक्यूपेंसी 175.3 प्रतिशत वाला राज्य केरल है। कुल यात्रियों में 61.7 प्रतिशत पुरुष यात्री एवं 38.3 महिला यात्रियों ने यात्रा की। सबसे ज्यादा 67 प्रतिशत पुरुष यात्रियों वाला राज्य झारखंड एवं सबसे ज्यादा 42 प्रतिशत महिला यात्रियों वाला राज्य गोवा है। इस ट्रेन में यात्रा करने वाला सबसे ज्यादा 45.9 प्रतिशत यात्रियों वाला आयु वर्ग 26 से 45 वर्ष का है। सबसे ज्यादा 15.7 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिक यात्रियों वाला राज्य केरल है। वंदे भारत एक्सप्रेस द्वारा कुल 1,24,87,540 किमी. की दूरी तय की गई (आरम्भ से 31 मार्च, 2024 तक), जो कि पृथ्वी के 310 चक्कर के बराबर है। वर्ष 2023-24 में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों द्वारा कुल 97,71,705 किमी. की दूरी तय की गई। वंदे भारत ट्रेनों में आधुनिक कोच के साथ-साथ उन्नत संरक्षा के साथ उत्कृष्ट यात्रा सुविधायें उपलब्ध कराई गई हैं। यह ट्रेनें संरक्षा के दृष्टि से महत्वपूर्ण 'कवच' से सुसज्जित हैं। यह ट्रेनें तीव्र त्वरण युक्त 160 किमी./घंटे तक की सेमी हाई स्पीड के साथ चलने में सक्षम हैं। यात्रियों की आवाजाही सुगम बनाने के लिये पूरी तरह से सील बंद गैंगवे लगा है। इसमें स्वचालित प्लग दरवाजे लगे हैं। एग्जीक्यूटिव क्लास में घूमने वाली सीटों के साथ रिक्लाइनिंग एर्गोनोमिक सीटें एवं आरामदायक सीटिंग की व्यवस्था है। इन ट्रेनों का राइडिंग कम्फर्ट बेहतर है। प्रत्येक सीट के लिये मोबाइल चार्जिंग सॉकेट लगाये गये हैं। हॉट केस, बॉटल कूलर, डीप फ्रीज़र एवं हॉट वाटर बॉयलर के प्रावधान के साथ मिनी पेंट्री की व्यवस्था है। दिव्यांग यात्रियों के लिये विशेष प्रसाधन का प्रावधान है। प्रत्येक कोच में आपातकाल में खुलने वाली खिड़कियाँ एवं अग्निशामक यंत्र तथा सभी कोचों में सी.सी.टी.वी. कैमरे की व्यवस्था है। सभी कोचों में आपातकालीन अलार्म पुश बटन एवं टॉक बैक यूनिट्स लगे हैं। बेहतर फायर सुरक्षा हेतु विद्युत कैबिनेट एवं प्रसाधनों में एरोसोल आधारित फायर डिटेक्शन एवं सप्रेशन सिस्टम लगाया गया है। ड्राइवर एवं गार्ड के मध्य बातचीत वॉयस रिकॉर्डिंग सुविधा दी गई है। रिमोट मॉनिटरिंग के साथ कोच कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम (सी.सी.एम.एस.) डिस्प्ले तथा आपातकाल के समय उपयोग हेतु प्रत्येक कोच में 04 आपदा लाइटों का प्रावधान किया गया है। कोच के बाहर रियर व्यू कैमरों सहित 04 प्लेटफॉर्म साइड कैमरे लगाये गये हैं।

# जनता का विश्वास पाने में नाकाम हुए मोदीः तिवारी

**भगवान श्रीराम की नगरी से भाजपा की हार झन्नाटेदार तमाचा : प्रमोद तिवारी**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस नेता व राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि पीएम मोदी इस चुनाव में जनता का विश्वास हासिल नहीं कर सके। कड़वी सच्चाई यह है कि मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अकेले दम पर स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका। एनडीए पर निर्भर भाजपा सरकार देश को स्थित विकास सौंपने में सफल नहीं होगी। श्री तिवारी ने पीएम मोदी के देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद भाजपा के उनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है के बयान पर कहा कि मोदी जी अभी भी झूठ बोलने से परहेज नहीं कर पा रहे हैं। पंडित नेहरू ने देश के अंतरिम प्रधानमंत्री होने के साथ ही कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार के लगातार तीन कार्यकाल का स्वर्णिम इतिहास देश के नाम किया है। मोदी अगर तीसरी बार प्रधानमंत्री का कार्यकाल शुरू करेंगे तो इस बार तीसरा कार्यकाल उनकी पार्टी भाजपा के खुद की सरकार बनाने को लेकर स्पष्ट बहुमत का नहीं होगा। खुद को सबसे बड़ी पार्टी साबित करने की झूठी होड़ के चलते पीएम मोदी स्वतंत्रता संग्राम के नायक देश के पहले प्रधानमंत्री रहे पंडित नेहरू को कमतर आंकने की अपनी कुण्ठा से उबर नहीं पा रहे हैं। नैतिकता को यह है कि पीएम मोदी को बिना इंतजार के स्पष्ट बहुमत की खुद की सरकार न दे पाने की स्थिति में प्रधानमंत्री पद का मोह त्याग देना चाहिए। हालांकि पीएम मोदी का नैतिकता से दूर-दूर का वास्ता नहीं है। श्री तिवारी ने प्रदेश में भाजपा की करारी हार का जिक्र करते हुए कहा कि अयोध्या में भाजपा की हार ने जनादेश दिया है कि भगवान राम के नाम पर व्यापार देश को स्वीकार नहीं। भगवान श्रीराम की अयोध्या नगरी से भाजपा की हार भगवान के बेचने को लेकर भाजपा पर झन्नाटेदार तमाचा है। इस बार भाजपा को स्पष्ट बहुमत न मिलने से एनडीए के सहयोगी दल भी पीएम मोदी के ऐसा कोई सगा नहीं जिसे मोदी ने ठगा नहीं की चोट को लेकर पहले से ज्यादा सावधान स्थिति में दिख रहे हैं।